राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 10 अंक: 149 पृष्ठ: 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## कर्नाटक में तंबाकू पर सख्ती



टीम एक्शन इंडिया

**बंगलूरू :** कर्नाटक सरकार ने तंबाकू उत्पादों को लेकर एक सख्त कानून को अधिसूचित कर दिया है। इस नए कानून के तहत अब तंबाकू खरीदने की न्यूनतम उम्र 18 से बढ़ाकर 21 साल कर दी गई है, साथ ही सार्वजनिक जगहों पर तंबाकू का उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है। यह अधिसूचना 30 मई को जारी की गई, जब राष्ट्रपति ने 23 मई को सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन पर प्रतिबंध और व्यापार, उत्पादन, आपूर्ति और वितरण का विनियमन) कर्नाटक संशोधन विधेयक, 2024 को अपनी मंजूरी दी।

**अब सार्वजनिक जगहों पर तंबाकू का इस्तेमाल मना**

नए कानून के अनुसार, अब कोई भी व्यक्ति किसी भी सार्वजनिक जगह पर तंबाकू का इस्तेमाल नहीं कर सकता। हालांकि, कुछ विशेष जगह जैसे, 30 कमरे या उससे ज्यादा वाले होटल, 30 या उससे ज्यादा लोगों के बैठने की क्षमता वाले रेस्टोरेंट, हवाई अड्डों – इन जगहों पर विशेष स्मोकिंग जोन बनाए जा सकते हैं। नए कानून की धारा 4ए के तहत अब राज्य में हुक्का बार खोलना या चलाना पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

# सीडीएस ने खोली पाक की पोल, शहबाज के छह भारतीय जेट गिराने के दावे को बताया झूठ



टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने पहली बार एक इंटरव्यू में ऑपरेशन 'सिंदूर' के दौरान भारत के फाइटर जेट गिरने की बात मानी है। हालांकि, उन्होंने संख्या को लेकर कोई खुलासा नहीं किया है, लेकिन उन्होंने कहा कि यह अहम नहीं है कि जेट गिरे, उससे ज्यादा महत्वपूर्ण है कि क्यों गिरे। उन्होंने यह भी कहा कि विमानों ने दो दिन बाद फिर से उड़ान भरी और बिना किसी नुकसान के पाकिस्तान के 300 किलोमीटर अंदर जैकबाबाद नूर खान एयरबेस और मुरीद जैसे ठिकानों पर हमला किया। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान इस समय सिंगापुर में शांगरी-ला वार्ता के लिए गए हैं। उन्होंने सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त डॉ. शिल्पक अंबुले और प्रतिनियुक्ति पर आए भारतीय अधिकारियों के साथ बातचीत की। सीडीएस को भारत और सिंगापुर के बीच द्विपक्षीय संबंधों और आगामी वार्ता में भाग लेने वाले देशों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। वह दुनिया भर के रक्षा मंत्रियों, सैन्य प्रमुखों, नीति निर्माताओं और रणनीतिक विशेषज्ञों के साथ साझा हितों के क्षेत्रों पर विचारों का आदान-प्रदान कर रहे हैं। इस दौरान सीडीएस ने अपनी वाताओं के दौरान पहलगाम हमले और उसके बाद ऑपरेशन सिंदूर पर भारत के दृष्टिकोण से दुनिया को अवगत कराया है। सीडीएस जनरल चौहान ने यूरोपीय संघ में शांगरी-ला वार्ता से इतर सुरक्षा एवं रक्षा के उप महासचिव चार्ल्स फ्राइज, फ्रांसीसी नौसेना के प्रमुख एडमिरल निकोलस वौजूर, ऑस्ट्रेलिया के रक्षा बल प्रमुख एडमिरल डेविड जॉनस्टन, यूनाइटेड किंगडम के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ एडमिरल सर टोनी राडाकिन, न्यूजीलैंड के रक्षा बल प्रमुख एयर मार्शल टोनी डेविस करके सैन्य आदान-प्रदान कार्यक्रमों और दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया। चर्चा ऑपरेशन सिंदूर पर भी केंद्रित रही, जिसमें क्षेत्र में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए भारत की बढ़ती रणनीतिक साझेदारी को रेखांकित किया गया।

**सीडीएस से सवाल**

पाकिस्तान ने कितने भारतीय फाइटर जेट गिराए: बोले- महत्वपूर्ण यह नहीं- विमान गिरे, जरूरी यह- क्यों गिरे

## फास्ट न्यूज

### हेट स्पीच केस में अब्बास अंसारी को 2 साल की सजा

टीम एक्शन इंडिया

**मऊ।** बीते विधानसभा चुनाव के दौरान नफरती भाषण और चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन के मामले मे फैसला शनिवार को हुआ। सीजेएम डॉ. केपी सिंह ने मामले में पक्षकारों की बहस सुनने के बाद फैसला के लिए 31 मई की तिथि नियत की थी। सुनवाई के बाद अदालत ने आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में अब्बास अंसारी को दोषी करार देते हुए दो साल की सजा सुनाई गई। इसके साथ ही तीन हजार का जुर्माना भी लगाया गया है। जानकारी के अनुसार, मामला शहर कोतवाली क्षेत्र का है। मामले में अभियोजन के अनुसार एसआई गंगाराम बिंद की तहरीर पर शहर कोतवाली में एफआईआर दर्ज की गई थी। इसमें सदर विधायक अब्बास अंसारी और अन्य लोगों को आरोपी बनाया गया था। आरोप था कि बीते तीन मार्च 2022 को विधानसभा चुनाव के दौरान सदर विधानसभा सीट से सुभासपा के प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे अब्बास अंसारी ने हेट स्पीच दिया। नगर के पहाड़पुर मैदान में जनसभा के दौरान कहा था कि मऊ प्रशासन को चुनाव के बाद हिसाब-किताब करने और इसके बाद सबक सिखाने की धमकी भी मंच से दी गई थी।

इस मामले में अब्बास के साथी मंसूर अंसारी को भी सजा सुनाई गई है। धारा 120बी भादवि के तहत उसे छह माह की सजा और एक हजार रुपये अर्थदंड लगाया गया है।

### अब रेलवे स्टेशन पर वीडियो बनाना,फोटो खींचना पड़ेगा भारी!

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** भारतीय रेलवे ने अब रेलवे स्टेशनों, ट्रेन और रेलवे की संपत्तियों की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी बनाने को लेकर नया फैसला लिया है। पूर्वी रेलवे ने यह महत्वपूर्ण कदम राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उठाया है। उन्होंने सभी ब्लॉगर और यूट्यूबर से रेलवे स्टेशनों की फोटो और वीडियो बनाने से मना किया है। रेलवे का कहना है कि राष्ट्रीय सुरक्षा को देखते हुए कृपया स्टेशनों की ना तो फोटो खींचे और ना ही इनके वीडियो बनाएं। रेलवे ने यह फैसला एक यूट्यूबर की गिरफ्तारी के बाद लिया है। उस यूट्यूबर पर पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों को जानकारी देने का आरोप है।

प्रधानमंत्री ने इंदौर में मेट्रो का शुभारंभ, दतिया व सतना एयरपोर्ट का लोकार्प[]किया-देवी अहिल्याबाई होल्कर को समर्पित डाक टिकट और सिक्का भी किया जारी

# अहिल्याबाई राष्ट्र निर्माण में नारी शक्ति के अमूल्य योगदान का प्रतीक: मोदी

**नागरिक देवो भवः**

हमारी सरकार लोकमाता अहिल्याबाई के इन्हीं मूल्यों पर चलते हुए कार्य कर रही है : पीएम मोदी

टीम एक्शन इंडिया

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई राष्ट्र निर्माण में नारी शक्ति के अमूल्य योगदान का प्रतीक हैं। उन्होंने देवी अहिल्या के प्रेरक कथन "जो कुछ भी हमें मिला है, वह जनता द्वारा दिया ऋण है-जिसे हमें चुकाना है", का स्मरण करते हुए कहा कि हमारी सरकार लोकमाता अहिल्याबाई के इन्हीं मूल्यों पर चलते हुए कार्य कर रही है। "नागरिक देवो भवः" वर्तमान में गवर्नेंस का मंत्र है। प्रधानमंत्री शनिवार को देवी अहिल्याबाई होल्कर के 300वीं जयंती वर्ष के अवसर पर भोपाल में जम्बूरी मैदान पर महिला सशक्तीकरण महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान राज्यपाल मंगूभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देवी अहिल्याबाई का मानना था कि "जनता की सेवा और उनके जीवन में सुधार लाना ही शासन का उद्देश्य है", उनकी इस सोच को आगे बढ़ाने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार वूमेन लेड डेवलपमेंट के विजन को विकास की धुरी बना रही है, सरकार की हर बड़ी योजना के केंद्र में माताएं-बहन-बेटियां हैं। देश में गरीबों के लिए चार करोड़ घर बनाए जा चुके हैं। इनमें से अधिकतर घर माता-बहनों के नाम पर हैं, वे पहली बार घर की मालकिन बनी हैं। सरकार हर घर तक नल से जल पहुंचा रही है, माता-बहनों को असुविधा न हो और बेटियां पढ़ाई लिखाई में ध्यान दे सकें। इस उद्देश्य से बिजली, उज्ज्वला गैस भी उपलब्ध कराई गई है। यह सुविधाएं माता-बहनों के सम्मान का विनम्र प्रयास है। प्रधानमंत्री ने देवी अहिल्याबाई पर केंद्रित प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।




### गांव-गांव में बैंक सखियां बैंकिंग व्यवस्था को मजबूत कर रहीं: पीएम मोदी

**पीएम** ने कहा कि आज बेटियां डॉक्टर, इंजीनियर और साइंटिस्ट बन रही हैं। गांव-गांव में बैंक सखियां बैंकिंग व्यवस्था को मजबूत कर रही हैं। एक समय था, जब महिलाओं को नई तकनीक से दूर रखा जाता था लेकिन आज गांव की बहनें ड्रोन दीदी बनकर खेती में मदद कर रही हैं। गांव में उनकी अलग पहचान बन रही हैं। पहले महिलाएं अपनी बीमारियां छिपाती थीं, क्योंकि परिवार पर इलाज का बोझ न पड़े लेकिन अब महिलाएं आयुष्मान योजना में पांच लाख तक का नि:शुल्क इलाज करा सकती हैं।

### इंदौर मेट्रो से सुविधाएं बढ़ेंगी: पीएम

**पीएम ने** कहा कि इंदौर मेट्रो की शुरूआत और दतिया व सतना के हवाई सेवा से जुड़ने से मध्य प्रदेश में सुविधाएं बढ़ेंगी, विकास को गति मिलेगी और रोजगार के नए अवसरों का इससे सृजन भी होगा। भारत के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर को अब मेट्रो की पहचान मिली है। केंद्र सरकार ने मालवा क्षेत्र में परिवहन सुविधाओं के विस्तार के लिए रेल लाइनों के विकास को मंजूरी दी है। दतिया व सतना के हवाई सेवा से जुड़ने से अब मां पीतांबरा और मां शारदा देवी के दर्शन और सुलभ हो जाएंगे। बुंदेलखंड और बघेलखंड की कनेक्टिविटी बढ़ेगी।

### अहिल्याबाई नाम सुनकर श्रद्धा का भाव आता है

**प्रधानमंत्री** ने मां भारती और मातृशक्ति को प्रणाम करते हुए कहा कि महासम्मेलन में बड़ी संख्या में आईं माताओं-बहनों के दर्शन पाकर मैं धन्य हो गया हूं। देवी अहिल्याबाई नाम सुनकर मन में श्रद्धा का भाव आता है। उनके संकल्पों से सीख मिलती है कि परिस्थितियां कितनी भी विपरीत क्यों न हो इच्छाशक्ति से उन्हें पूर्ण किया जा सकता है। आज से 250-300 साल पहले जब देश गुलामी की बेड़ियों में जकड़ा था, तब उन्होंने इन कार्यों को पूर्ण किया। वे हमेशा शिवलिंग साथ लेकर चलती थीं। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में राज्य का कार्यभार संभाला और राज्य को समृद्धि दी। अहिल्याबाई भारत की विरासत की संरक्षक थीं। जब देशभर में हमारे मंदिरों, तीर्थ स्थलों पर हमले हो रहे थे तो उन्होंने इन्हें संरक्षित करने का कार्य किया।



दिल्ली में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी सरकार ने पहले 100 दिन पूरे कर लिए हैं। इस अवसर पर शनिवार को दिल्ली भाजपा की ओर से जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में काम करने वाली सरकार के सौ दिन सेवा के कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कार्यक्रम के दौरान अभिनेता अनुपम खेर के साथ संवाद किया।

### कर्नाटक : बरसात के दौरान घर ढहा, दो की मौत

टीम एक्शन इंडिया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक का कुछ हिस्सा इस समय तेज बरसात और भूस्खलन की चपेट में है। इस दौरान पेड़ भी गिर रहे है। इससे आवागमन प्रभावित हो रहा है। इस बीच शुक्रवार को दक्षिण कन्नड़ जिले में भूस्खलन के कारण मकान ढहने से दो लोगों की मौत हो गई। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) ने अग्निशमन विभाग, राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) और अधिकारियों के साथ मिलकर संयुक्त बचाव अभियान चलाया। बचाव अभियान के दौरान दो लोगों को बचा लिया गया। एनडीआरएफ ने एक्स पोस्ट पर कहा कि एक महिला और एक छोटे लड़के को सफलतापूर्वक बचा लिया गया और उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, मलबे से निकाले गए दो अन्य लोगों को घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया। एनडीआरएफ ने कहा कि क्षेत्र में भारी बारिश के बाद यह हादसा हुआ। इस बीच, राज्य के कुछ हिस्सों में भारी बारिश के मद्देनजर सरकार ने आपातकालीन तैयारियों का दायरा बढ़ा दिया है।

## मोदी नेतृत्व में बदली 'पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस' की तस्वीर: नड्डा

**नीति निर्धारण**

अगर कोई भारत की ओर आंख उठाएगा, तो उसे घर में घुसकर जवाब दिया जाएगा: जेपी नड्डा



टीम एक्शन इंडिया

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर, सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक इस बात का प्रमाण हैं कि अगर कोई भारत की ओर आंख उठाएगा, तो उसे घर में घुसकर जवाब दिया जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है। उन्होंने कहा कि अब देश में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 'पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस' की तस्वीर बदल चुकी है। केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा शनिवार को यहां एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। नड्डा अपने एक दिवसीय दौरे पर जयपुर पहुंचे। उन्होंने राजस्थान में डबल इंजन सरकार की ताकत, नीति निर्धारण की भूमिका और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की योजनाओं की सराहना की। नड्डा यहां राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल हुए। यहां नड्डा ने कहा कि किसी भी राज्य के विकास के लिए नीति निर्धारण अत्यंत महत्वपूर्ण होता है।

### जीएसटी पंजीकर[]में देरी के दावों को सीबीआईसी ने खारिज किया




टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने शनिवार को जीएसटी पंजीकरण में देरी और भ्रष्टाचार के बारे में सोशल मीडिया पर प्रसारित दावे को खारिज कर दिया है। सीबीआईसी ने कहा कि आवेदक ने अभी तक दिल्ली राज्य जीएसटी अधिकारियों द्वारा मांगे गए विवरण प्रस्तुत नहीं किए हैं। सीबीआईसी के मुताबिक एक व्यक्ति ने पेशेवरों के लिए सोशल मीडिया मंच लिंक्डइन पर बताया कि कैसे 20 दिन पहले आवेदन करने के बाद भी उसे जीएसटी पंजीकरण नहीं दिया गया है।

## फिर बढ़ने लगा कोरोना का कहर, सावधानी बरतें



टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली में कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच गंभीर रूप से बीमार इसकी चपेट में आकर दम तोड़ना शुरू कर दिया है। बीते दो दिनों में दिल्ली में दो मरीजों ने कोरोना के कारण दम तोड़ दिया। वहीं इस साल कोरोना से दम तोड़ने वाले मरीजों की संख्या तीन हो गई है। डॉक्टरों का कहना है कि कोरोना का नया वेरिएंट हल्का है, लेकिन गंभीर रूप से बीमार मरीजों के लिए यह काफी खतरनाक है।

**पहले बीमार थे दोनों मृतक**

दिल्ली में शनिवार को 71 वर्षीय पुरुष की मौत कोरोना से हुई। मरीज पहले से निमोनिया से पीड़ित था। मरीज की मौत के पीछे सेप्टिक शॉक के साथ तीव्र किडनी क्षति भी बताया जा रहा है। इससे पहले शुक्रवार को कोरोना के नए वैरिएंट से एक 60 साल की महिला ने दम तोड़ा। बताया जा रहा है कि महिला की मौत से पहले उसे उल्टी के साथ ही पेट में काफी दर्द की शिकायत हुई थी। बढ़ती समस्या को देखते हुए उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

**महाराष्ट्र में कोविड-19 के 84 नए मामले सामने आए**

पीटीआई से मिली जानकारी के मुताबिक, महाराष्ट्र में शुक्रवार को कोविड-19 के 84 नए मामले सामने आए, जिससे साल की शुरूआत से अब तक दर्ज मामलों की संख्या 681 हो गई। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि ज्यादातर मरीजों में हल्के लक्षण हैं और लोगों को घबराने की कोई जरूरत नहीं है।

### असम में विदेशी बताकर लोगों को जबरन सीमा पार भेजने का आरोप



टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल की गई है जिसमें आरोप लगाया गया है कि असम सरकार ने विदेशी होने के संदेह में लोगों को बिना कानूनी प्रक्रिया पूरी किए जबरन हिरासत में लेना और सीमा पार भेजना शुरू कर दिया है। बिना नागरिकता की पुष्टि या न्यायिक आदेश के की जा रही है। यह याचिका ऑल बीटीसी माइनॉरिटी स्टूडेंट्स यूनियन ने अधिवक्ता अदील अहमद के माध्यम से दाखिल की है। इस याचिका में 4 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट की तरफ से दिए गए आदेश का हवाला दिया गया है, जिसमें कोर्ट ने असम सरकार को 63 घोषित विदेशियों को दो हफ्तों के भीतर उनके देश वापस भेजने को कहा था।

दो साल की अनुबंध सेवा पूरी कर चुके जिला परिषद कैडर के 203 पंचायत सचिवों की सेवाएं नियमित करने का निर्णय लिया गया

## हिमाचल में 700 गृहरक्षकों की भर्ती को मंजूरी, 203 पंचायत सचिव नियमित

टीम एक्शन इंडिया

शिमला/चमन शर्मा

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित कैबिनेट की बैठक में जनहित से जुड़े कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में जहां गृह रक्षा एवं नागरिक सुरक्षा विभाग में 700 स्वयंसेवकों (होमगार्ड) की भर्ती को हरी झंडी दी गई, वहीं पंचायत सचिवों की सेवाएं नियमित करने, डिपॉजिट रिफंड योजना लागू करने और रेजिडेंट डॉक्टर नीति में संशोधन जैसे फैसले भी लिए गए। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि बैठक में वर्ष 31 मार्च 2025 तक दो साल की अनुबंध सेवा पूरी कर चुके जिला परिषद कैडर के 203 पंचायत सचिवों की सेवाएं नियमित करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही पंचायती राज संस्थाओं के अध्यक्षों और सदस्यों के लिए वर्ष 2010 की तर्ज पर डि-नोवो आरक्षण रोस्टर शुरू करने को भी सैद्धांतिक मंजूरी दी गई।



**कैबिनेट फैसले**

पर्यावरणीय संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए डिपॉजिट रिफंड स्कीम-2025 शुरू करने का निर्णय लिया

स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ा बड़ा निर्णय लेते हुए कैबिनेट ने इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज, शिमला और डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय मेडिकल कॉलेज, टांडा में सीनियर रेजीडेंसी हेतु पात्रता से पहले एक वर्ष की फील्ड पोस्टिंग की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया है। यह संशोधन अटल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सुपर स्पेशलिटीज, चमियाणा में अपनाई गई नीति के अनुरूप होगा। इसका उद्देश्य चयन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सुगठित बनाना है। कैबिनेट में हिमाचल प्रदेश रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (रेरा) के कार्यालय को शिमला से धर्मशाला स्थानांतरित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। साथ ही राज्य में गैर-बायोडिग्रेडेबल कचरे को कम करने और पर्यावरणीय संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए डिपॉजिट रिफंड स्कीम-2025 शुरू करने का निर्णय लिया गया।

## हाई कोर्ट ने खारिज की लालू की याचिका

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस रविंद्र डूडेजा की बेंच ने लैंड फॉर जॉब घोटाला मामले में आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव की सीबीआई की ओर से दायर एफआईआर और चार्जशीट रद्द करने की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने 29 मई को फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस मामले में सीबीआई ने लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और मीसा भारती समेत 16 अन्य के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। लालू यादव ने लैंड फॉर जॉब मामले में सीबीआई की ओर से दायर एफआईआर और चार्जशीट को रद्द करने की मांग की थी। सुनवाई के दौरान लालू यादव की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने दलील दी थी कि 2004 से 2009 के बीच कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई। मामले में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल होने के बाद 2020 में सीबीआई ने एफआईआर दर्ज की, जो एक तरह से प्रताड़ित करना है। सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से पेश वकील डीपी सिंह ने लालू यादव की याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि लालू यादव के खिलाफ अभियोजन चलाने के लिए भ्रष्टाचार निरोधक कानून की धारा 19 के तहत जरुरी अनुमति ली गई थी। इस पर सिब्बल ने कहा था कि भ्रष्टाचार निरोधक कानून की धारा 19 के पहले धारा 17ए के तहत जरुरी अनुमति लेनी होती है, जो नहीं ली गई।



**लैंड फॉर जॉब**

सीबीआई ने लालू, राबड़ी और मीसा भारती समेत 16 अन्य के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी

# पीआर एडमिन बिल्डिंग में हवाई हमले के साथ मॉक ड्रिल का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमाल हुसैन**

**पानीपत।** सायं 4:15 बजे, एयर स्ट्राइक से उत्पन्न संभावित खतरों को देखते हुए सिविल प्रशासन के निर्देशानुसार एक आपदा ड्रिल किया गया। नागरिकों एवं राष्ट्रीय प्रतिष्ठानों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये, सरकार द्वारा घोषित ऑपरेशन शील्ड के अनुपालन में, पानीपत रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स (पीआरपीसी) में पीआर एडमिन बिल्डिंग पर हवाई हमले की चेतावनी के बाद हवाई हमले की घटना के परिदृश्य के साथ एक मॉक ड्रिल सफलतापूर्वक आयोजित की गई। इसके अलावा, पानीपत प्रशासन ने सिविल डिफेंस की तैयारियों के लिए ऑपरेशन शील्ड के तहत शाम 20:00 से 20:15 बजे (15 मिनट) तक पानीपत जिले में ब्लैक-आउट अभ्यास करने की योजना बनाई है जिसके तहत पीआर टाउनशिप में भी ब्लैक-आउट अभ्यास किया जाएगा। इस ड्रिल का उद्देश्य निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली का मूल्यांकन करना था। आपदा की तैयारी के मूल्यांकन हेतु डिस्ट्रिक्ट एडमिंसट्रेशन, स्थानीय पुलिस की टीम, रेड क्रॉस की टीम, होम गाड्र्स की टीम एवं सीआइसफ की टीम रिफाइनरी परिसर में उपस्थित थी। इस



आपदा ड्रिल की शुरूआत में , एयर रेड साईरेन बजाकर सबको एयर स्ट्राइक की वार्निंग दी गई। साईरेन बजते ही एयर स्ट्राइक की बिल्डिंग और आस पास के सभी लोग एक्सपलोजन प्रूफ बिल्डिंग्स के अंदर एकत्रित हो गए । सायं 04.20 बजे, पीआर एडमिन बिल्डिंग की पूर्व दिशा पर एयर स्ट्राइक का परिदृश्य दशार्या गया जिसके फलस्वरूप बिल्डिंग ध्वस्त हो गई और उसके आस पास के एरिया मे आग लगने की घटना घटित हो गई । इसके बाद अलार्म बजते ही लोगो को आपातकालीन एकत्रण स्थल पर जाने की सूचना दी गई और बिल्डिंग को खाली करवाया गया। साईरेन के साथ आपदा प्रबंधन योजना सक्रिय की गई और आपातकालीन प्रतिक्रिया एवं आपदा प्रबंधन योजना के तहत समन्वयक अपने-अपने निर्दिष्ट स्थानों पर तैनात हो गए। सूचना मिलते ही साइट इंसीडेंट कंट्रोलर (एस आई सी), चीफ इंसीडेंट कंट्रोलर (सी आई सी) और अन्य आपातकालीन समन्वयक घटनास्थल पर पहुँचे। इस बीच, आग बिल्डिंग के अंदर फैलने लगी। बिल्डिंग के अंदर आग पे काबू पाने के लिए फायर टीम द्वरा मध्यम विस्तार फोम जनरेटर की मदद से डाइक के अंदर फोम चार्ज किया गया। इस एयर स्ट्राइक में करीब 20 लोगों को घायल अवस्था में एम्ब्युलेन्स की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। निरंतर प्रयासों के बाद, स्थिति को पूरी तरह नियंत्रण में लाया गया, और सायं 04:50 बजे "ऑल क्लियर" घोषित किया गया। इस आपदा ड्रिल के बाद समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में आपातकालीन तैयारी योजना में और सुधार की समीक्षा की।

## न्यूज फ्लैश

### स्टेरायड व कृत्रिम प्रोटीन पाउडरों से दूरी बना कर संतुलित आहार लें: द ग्रेट खली

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** पूर्व डब्ल्यूडब्ल्यूई के पूर्व रेसलर दलीप सिंह राणा उर्फ द ग्रेट खली शनिवार को गन्नौर जीटी रोड एक जिम पहुंचे। जिम में विधायक देवेंद्र कादियान ने भी शिरकत की। इस अवसर पर खली ने जिम में मौजूद युवाओं को व्यायाम के बारीक गुर सिखाए। उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि वे दूसरों की नकल करते हुए व्यायाम न करें, अपितु अपनी शारीरिक क्षमता के अनुसार ही कसरत करें। उन्होंने स्टेरायड व कृत्रिम प्रोटीन पाउडरों से दूरी बना कर संतुलित आहार और नियमित जीवनशैली अपनाने पर बल दिया। वह युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं, जो न केवल जनसेवा में अग्रणी हैं बल्कि अपने स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान रखते हैं। उन्होंन युवाओं से नशे से दूर रहने की नसीहत दी। नशा जीवन को विनाश की ओर ले जाता है। इस अवसर पर अंकित मल्होत्रा आदि उपस्थित रहे।

### आरपीएस स्कूल की छात्राओं ने बाक्सिंग में जीते स्वर्ण पदक



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** रौनक पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने जूनियर जिला बाक्सिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किए। यह प्रतियोगिता 28 और 29 जून को गन्नौर में आयोजित की गई थी। कक्षा दसवीं की हितैषी ने 60 किलो भार वर्ग में और रिया ने 48 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।

# गांवों में पानी की समस्या के समाधान को दिया ज्ञापन



**टीम एक्शन इंडिया/लियाकत अली**

**नूंह मेवात।** शनिवार को नूँह विधानसभा के गँव हुसैनपुर, सतपूतियाका, टेरकपुर, गुंडबास, सूड़ाका, गांगोली आदि गाँवों के दर्जनभर किसानों ने इनेलो जिलाध्यक्ष चौधरी ताहिर हुसैन से उनके नूँह निवास पर मुलाकात कर उपरोक्त गाँवों में सैम ग्रस्त क्षेत्र व गाँव में पानी निकासी का समाधान करने के लिए ज्ञापन सौंपा। इनेलो जिलाध्यक्ष ताहिर हुसैन ने उपरोक्त गांवों के किसानों की समस्या को विस्तारपूर्वक सुनते हुए उन्हें आश्वासन दिया कि इनेलो की तरफ से जल्द ही वे हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, सिंचाई मंत्री व विभाग के अधिकारियों के संज्ञान में ग्रामवासियों की समस्याओं को ला कर उन्हें हल करवाने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि उपरोक्त गाँव में सैम की समस्या है और कुछ गाँवों में बरसात का पानी भरा हुआ है, जिससे किसानों की सैंकडों एकड़ भूमि पर फसलें नहीं हो पा रही हैं तथा गाँवों में पानी भरा होने की वजह से तरह-तरह की बीमारियाँ पैदा हो रही हैं।

**दिशा-निर्देश**

**ताहिर हुसैन ने सिंचाई विभाग अधिकारियों से फोन पर बात करके इस समस्या को जल्द हल करवाने का निर्देश दिया।**

कई गाँवों के कब्रिस्तान व श्मशान घाट में पानी होने की वजह से अंतिम संस्कार होने में भी समस्या आ रही है। ताहिर हुसैन ने मौके पर ही सिंचाई विभाग अधिकारियों से फोन पर बात करके इस समस्या को जल्द हल करवाने का निर्देश दिया। चौ. ताहिर हुसैन ने कहा कि उनके पिता चौधरी जाकिर हुसैन ने पहले भी मेवात क्षेत्र में सिंचाई के लिए विशेष प्रयास किए हैं । उन्होंने कहा कि वे और उनका परिवार मेवात क्षेत्र की हर समस्या का समाधान करवाने के लिए दिन-रात प्रयासरत है। इस अवसर पर हाजी शौकत हुसैनपुर, अल्ली सूड़ाका, हाजी राहुल सूड़ाका, वकील सरपंच टेरकपुर, वेदपाल डागर गांगोली, अमजद सरपंच बाबूपुर, जुहरू नंबरदार गुंडबास मौजूद रहे।

# मॉक ड्रिलः सायरन बजते ही भागे लोग, लेटकर बचाई जान, घायलों को मिला प्राथमिक उपचार

**टीम एक्शन इंडिया/ लियाकत अली**

**नूंह मेवात। ऑपरेशन** शील्ड के तहत शनिवार को बस अड्डा नूंह परिसर में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। सायरन बजते ही लोग खुले मैदान की तरफ भागने लगे। कानों पर हाथ रखकर लोग जमीन पर लेट गए। जिसे जहां सुरक्षित स्थान मिला वहीं बैठ गया। हवाई हमले में हुए चोटिल लोगों को एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया और प्राथमिक उपचार दिया गया। भारतीय सेना के सिंदूर ऑपरेशन के बाद सुरक्षा की दृष्टि से देश सतर्क है। गृह मंत्रालय के निदेर्शों पर सभी जिलों में हवाई हमले की चेतावनी वाले मॉक ड्रिल कराए जा रहे हैं। इसके



तहत नूंह शहर बस अड्डा परिसर नूंह में भी 5 बजे सेक्टर 12 में मॉक ड्रिल शुरू कराई गई। मैदान में अचानक सायरन सुनाई देने लगा। ड्रिल में शामिल एनसीसी कैडेट्स, दमकल कर्मी शिक्षक - शिक्षिकाएं, पूर्व सैनिक मैदान में दौड़ने लगे। सभी कानों पर हाथ रखकर जमीन पर लेट गए। जो लोग मामूली रूप से घायल थे उन्हें मौके पर ही प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया गया। लगभग 25 मिनट तक चली ड्रिल जिला सैनिक कल्याण एवं जिला प्रशाशन के समन्वय से कराई गई। मॉक ड्रिल के दौरान घायलों को प्राथमिक उपचार किस तरह से दिया जाए रेड क्रॉस विभाग द्वारा इसका भी प्रशिक्षण दिया गया। पाकिस्तान के साथ 10 मई की शाम से लागू संघर्ष विराम के बाद पहली बार मॉक ड्रिल कराई गई।ऑपरेशन शील्ड के तहत इस ड्रिल में हवाई हमलों से बचने का अभ्यास किया गया साथ ही सुरक्षा और आपातकालीन व्यवस्थाओं को भी जांचा गया।

**बचाव**

**मॉक ड्रिल में घायलों को प्राथमिक उपचार किस तरह से दिया जाए, रेड क्रॉस विभाग द्वारा इसका भी प्रशिक्षण दिया गया**

## दुकानदार को धमकी देने के तीन आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र।** पुलिस ने दुकानदार को फोन पर जान से मारने की धमकी देने के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने दुकानदार को फोन पर धमकी देने व रंगदारी मांगने के आरोपी दीपक वासी कसरेला, मोहित सैनी वासी अमरगढ़ व राहुल वासी मथाना जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करके उनके कब्जा से 2 पिस्टल, 2 रौंद व वारदात में प्रयोग मोटर साईकिल बरामद करने में सफलता हासिल की है। दुकानदार ने पुलिस को यह शिकायत दी थी।

# 50 से ज्यादा फर्जी किसानों और बैंक अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/ लियाकत अली**

**नूंह मेवात।** नूंह में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर गुड़गांव सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक पुनहाना को करोड़ों का चूना लगाने का मामला सामने आया है। इस घोटाले में फर्जी किसान से लेकर बैंक का डवलेपमेंट अधिकारी और ब्रांच मैनेजर की मुख्य भूमिका रही। कोर्ट के आदेश पर 50 से ज्यादा फर्जी किसानों और बैंक अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर के आदेश दिए हैं। यह मामला वर्ष 2022 से कोर्ट में विचाराधीन था। एफआईआर दर्ज होने से बैंक अधिकारियों - कर्मचारियों के अलावा किसानों की मुसीबत बढ़ने से इंकार नहीं किया जा सकता। हरिंदर कुमार डीएसपी नूंह ने बताया कि घटना पुन्हाना शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत गुड़गांव



सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक की है। हरिंदर कुमार डीएसपी नूंह ने कहा कि 6 एफआईआर दर्ज की गई हैं। गुड़गांव सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक ने ग्रामीण इलाकों के किसानों की समृद्धि के लिए सि सोलविंग कैश क्रेडिट लोन (आरसीसी) के तहत लोन देने की योजना तैयार थी। इसके तहत कम से कम एक एकड़ जमीन वाले किसान को एक लाख रुपए प्रति एकड़ लोन दिया जाना था। आरोप है कि बैंक के तत्कालीन ब्रांच मैनेजर कासम खान और डवलपमेंट ऑफिसर लियाकत अली ने उन लोगों के नाम लोन अलॉट कर दिया, जिनके नाम जमीन ही नहीं थी। इसके लिए जमीन के नकली दस्तावेज तैयार किए गए। दोनों अधिकारियों ने इन फर्जी दस्तावेज का सत्यापन भी किया। इसके अलावा नियमानुसार यह भी पुष्टि की कि लोन लेने वाला किसान पैक्स सोसाइटी का कर्जवान नहीं है और न ही जमीन कहीं गिरवी रखी हुई है। अकेले पुन्हाना में ऐसे 50 से अधिक किसानों को तीन लाख से लेकर पांच लाख और इससे भी अधिक लोन बांटा गया। आरोप है कि यह पूरा फजीर्वाड़ा बैंक अधिकारियों ने एक साजिश के तहत अंजाम दिया, जिससे बैंक को करोड़ों रुपयों का नुकसान हुआ है।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (आई/सी) उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, यमुनानगर, हरियाणा-135002, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, केवल निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन मोड के माध्यम से ई-निविदाएं आमंत्रित करता है :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | स्काडा आधारित अल्टरनेटर और आरआरयू/ईआरआरयू परीक्षण बैंच की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग के साथ-साथ स्वचालित स्प्रिंग परीक्षण बैंच, हाइड्रोलिक ट्रॉली और पुशर-पुलर के सहायक उपकरण। | | |
| निविदा प्रकार | खुला | बोली प्रणाली | एकल पैकट प्रणाली |
| निविदा विक्रय समापन तिथि | 20.06.2025 प्रातः 11.30 बजे। | निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय | 29.05.2025 |
| पूर्व बोली आवश्यक है | नहीं | आज तक प्री-बिड क्वेरी | ना |
| विज्ञापन मूल्य | रू. 21,66,326.60/- सभी कर जीएसटी आदि सहित। | निविदा अनुभाग | टेंडर एवं वर्क्स/इलेक्ट्रिकल शाखा जगाधरी वर्कशॉप। |
| अग्रिम धन | रू. 43,300/- | ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा दस्तावेज लागत | Nil अप्रैल 2022 के भाग-I खंड संख्या 3 के अनुसार) | समापन की अवधि | 60 दिन |
| बोली प्रारंभ तिथि | 06.06.2025 | बोली समाप्ति तिथि | 20.06.2025 प्रातः 11.30 बजे। |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | उसके बाद किसी भी समय निविदा को बंद किया जा सकता है। निविदाकर्ताओं को उद्घाटन के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। निविदा बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रेलवे के पास सुरक्षित है। | | |
| वेबसाइट | www.ireps.gov.in पर जाएं | | |

क्रमांक 56-डब्ल्यू/इलेक्ट/24-25/टी/19/बेंच परीक्षण 1619/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **संदीप** पुत्र **गुलाब सिंह** निवासी म.नं. डीए-274/ए, गली नं. 01, गांधी नगर, जिला जींद, हरियाणा ने case **FIR No. 97/2019 U/s 33/38/58 Delhi Excise Act, थाना नांगलोई, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **संदीप** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **संदीप** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 97/2019 U/s 33/38/58 Delhi Excise Act, थाना नांगलोई, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **संदीप** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 18.07.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री अकांक्षा
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-05
कमरा नं. 336ए,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/6747/OD/2025(Court Matter)


# एमयूएन कांफ्रेस का तीसरा संस्करण भवन विद्यालय पंचकूला में संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया/पंचकूला।** मॉडल यूनाइटेड नेशंस कॉन्फ्रेंस का 8वां संस्करण और अखिल भारतीय भवन के एमयूएन कान्फ्रेंस का तीसरा संस्करण भवन विद्यालय सेक्टर 15 पंचकूला में संपन्न हुआ। तीन दिनों में भारत भर से लगभग 375 प्रतिनिधियों ने महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों और संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) पर विचारोत्तेजक बहस और चर्चा में भाग लिया। यूएनएससी, डब्ल्यूएचओ, ईसीओएसओसी, सीओपी, यूनेस्को, यूएनएचआरसी, आईसीजे, सीओएस और लोकसभा सिमुलेशन सहित विभिन्न समितियों में अपनी भागीदारी के माध्यम से प्रतिनिधियों ने अपनी कूटनीति, नेतृत्व और आलोचनात्मक सोच कौशल को निखारा। सम्मेलन ने युवा नेताओं को सकारात्मक बदलाव लाने के



लिए अपने जुनून और प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान किया। समापन समारोह में हरियाणवी आर्केस्ट्रा प्रदर्शन और एक नृत्य प्रदर्शन शामिल था। दोनों प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह में संस्थापक अध्यक्ष कुलवंत सिंह (पूर्व मुख्य सचिव हरियाणा) की पत्नी अमर कुलवंत सिंह सहित कई विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया। मानद सचिव एवं पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल समापन समारोह में विद्यार्थियों को सम्मानित किया। कुलभूषण गोयल ने युवा नेताओं को सशक्त बनाने पर जोर दिया। पुरस्कार वितरण के दौरान आयोजन समिति को सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को निम्नलिखित श्रेणियों में पुरस्कार दिए गए, जिसमें मौखिक उल्लेख, सर्वश्रेष्ठ स्थिति पत्र, विशेष उल्लेख, उच्च प्रशंसा और सेक्रेटरी जनरल सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि, सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि, सर्वश्रेष्ठ फोटोग्राफर, सर्वश्रेष्ठ पत्रकार, सर्वश्रेष्ठ चित्रकार शामिल रहे।


**एक्शन इंडिया**

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश**
**9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** रामानंद पुत्र हनुमान प्रसाद निवासी नांगल चौधरी, तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ़ हल्फ से ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र संजय मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। वह अपनी मनमानी करता है। मैं संजय को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं व संबंध विच्छेद करता हूं।आज के बाद अगर कोई भी संजय से लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# बेटियों को शिक्षा और समान अधिकार देने का लें संकल्प

**अहिल्याबाई के पदचिह्नों पर चलते हुए हम सभी प्रधानमंत्री के विकसित भारत के विजन को करें साकार- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ▫ कुरुक्षेत्र के पिपली में मातेश्वरी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह का किया गया भव्य आयोजन, प्रदेश सरकार द्वारा अहिल्याबाई के नाम से दो एकड़ भूमि पर बनवाया जाएगा म्यूजियमः सीएम**

**आह्वान**

**अहिल्याबाई ने किसानों को कर में राहत दी, समान अवसर सुनिश्चित किए हैं: मुख्यमंत्री**

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। ऐसे में हमें लोकमाता अहिल्याबाई के पदचिन्हों पर चलना होगा और उनकी तरह न्याय देना होगा, विकास करना होगा और संस्कृति को सहेजना होगा। आज अहिल्याबाई की 300वीं जयंती पर हम सब मिलकर संकल्प लें कि हम समाज की सेवा करेंगे और बेटियों को शिक्षा और समान अधिकार देंगे। मुख्यमंत्री आज कुरुक्षेत्र के पिपली स्थित अनाज मंडी में मातेश्वरी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर पाल गडरिया समाज की ओर से मुख्यमंत्री को पगड़ी, शाल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने मातेश्वरी अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा मातेश्वरी अहिल्याबाई होलकर के नाम पर दो एकड़ भूमि पर एक म्यूज़ियम का निर्माण कराया जाएगा, ताकि युवा पीढ़ी उनके जीवन और कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त कर प्रेरित हो सके। उन्होंने यह भी घोषणा की कि पाल गडरिया समाज की सहमति से किसी एक गांव या शहर में मातेश्वरी अहिल्याबाई होलकर के नाम से प्रवेश द्वार का निर्माण करवाया जाएगा। उन्होंने पाल गडरिया समाज धर्मशाला कुरुक्षेत्र को अपने स्वैच्छिक कोष से 31 लाख रुपये की राशि देने की भी घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने कैबिनेट कृष्ण लाल पंवार, महीपाल ढांडा, रणबीर गंगवा, श्याम सिंह राणा, सांसद नवीन जिंदल और राज्य सभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा की ओर से भी 11-11 लाख रुपये देने की घोषणा की।



**अहिल्याबाई ने देश के प्रमुख तीर्थ स्थलों का करवाया पुनर्निर्माणः सीएम**

सीएम ने कहा कि आज जब भारत अपनी सांस्कृतिक पहचान को गर्व से विश्व के सामने प्रस्तुत कर रहा है, तो यह याद करना आवश्यक है कि उस पहचान को जीवित रखने का अद्‌वितीय कार्य लोकमाता अहिल्याबाई ने किया था। अहिल्याबाई ने काशी विश्वनाथ मंदिर हो या सोमनाथ, मथुरा हो या अयोध्या, बद्रीनाथ हो या रामेश्वरम- भारत के लगभग हर प्रमुख तीर्थ का पुनर्निर्माण करवाया। उन्होंने न केवल मंदिर बनवाए, बल्कि धर्म, संस्कृति और आस्था को फिर से जीवित किया। उनके इस महान योगदान को नमन करते हुए, वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कर कमलों से काशी विश्वनाथ में उनकी प्रतिमा स्थापित की गई। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकी ठिकानों को किया ध्वस्त, हमारी बेटियों की रही अहम भूमिका मुख्यमंत्री ने कहा कि अहिल्याबाई का जीवन बताता है कि नारी में केवल कोमलता ही नहीं, संकल्प और नेतृत्व का तेज भी होता है। वे प्रेम और पराक्रम, दोनों की प्रतिमा थीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश प्रगति के पथ तेजी से बढ़ रहा है। हमारी बेटियां भी इसमें विशेष योगदान दे रही हैं।

**संतों व महापुरुषों के संदेश को जन-जन तक पहुंचा रही है सरकार**

संत-महात्मा, गुरु और महापुरुष न केवल हमारी अमूल्य धरोहर हैं, बल्कि हमारी प्रेरणा भी हैं। उनकी विरासत को संभालने व सहेजने की जिम्मेदारी हम सबकी है। इसलिए प्रदेश सरकार द्वारा 'संत-महापुरुष विचार सम्मान एवं प्रसार योजना' के तहत संतों व महापुरुषों के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। इस समारोह का आयोजन भी इस योजना के तहत किया गया है।

**अहिल्याबाई होलकर केवल एक शासक नहीं, बल्कि 'नारी शक्ति' की जीती-जागती मिसाल थी**

उन्होंने कहा कि मातेश्वरी अहिल्याबाई जी का जन्म 31 मई, 1725 को महाराष्ट्र के चौंडी गांव में हुआ। उस युग में जब महिलाओं को शासन, शिक्षा और स्वतंत्रता से वंचित किया जाता था, तब अहिल्याबाई जी ने समाज की जंजीरों को तोड़ा और नारी शक्ति का एक दिव्य उदाहरण बनकर उभरी। अहिल्याबाई ने यह साबित कर दिखाया है कि जब एक नारी अपने कर्तव्य पथ पर अडिग हो जाती है तो वह युगों को बदल देती है। अहिल्याबाई होलकर जी केवल एक शासक नहीं थी, वे 'नारी शक्ति' की जीती-जागती मिसाल थी। अहिल्याबाई ने किसानों को कर में राहत दी, व्यापार को बढ़ावा दिया और वर्ग के लिए समान अवसर सुनिश्चित किए हैं। उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्ष 2047 तक विकसित भारत के विजन को साकार करने के लिए तेजी से अग्रसर हैं।

# टेलीविजन तथा मोबाइल का उपयोग कम करना होगाः अनिल विज

**सजग**

**नई पीढ़ी को सजग व बेहतर स्वस्थ रहने के लिए टेलीविजन तथा मोबाइल पर स्क्रीन टाइम को कम करना होगा**

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि हमारी नई पीढी मोबाइल, टीवी व कंप्यूटर में खो गई है और नई पीढी को सजग व बेहतर स्वस्थ रहने के लिए टेलीविजन तथा मोबाइल पर स्क्रीन टाइम को कम करना होगा। विज गत देर सांय अम्बाला जिले के मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में आयोजित किए गए भविष्य ज्योति समारोह कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने जिले के विभिन्न स्कूलों में अव्वल आए 125



विद्यार्थियों को सम्मानित किया तथा सभी विद्यार्थियों को अपने स्वैच्छिक कोष से 10-10 हजार रुपये (कुल 12.50 लाख रुपए) देने की घोषणा भी की। हमें ऐसे लोगों व समाज की जरूरत है जो लोगों के चरित्र का निर्माण कर सके, समाज को एक सही दिशा देते हुए ज्ञान दे सकें। विज ने कहा कि वर्तमान में व्यक्ति अपना अधिकतर समय टेलीविज पर पूरे संसार को देखने में व्यतीत करता है और व्यक्ति जो देखता है उसी को देखकर एक्शन-रिएक्शन भी करता है। विज ने कहा कि मोबाइल फोन द्वारा जितने अधिक हुए लाभ हैं, समाज पहले से ज्यादा जागरूक हुआ है, परन्तु इसके नुकसान भी हुए हैं। आज हमें ऐसे लोगों व समाज की जरूरत है जो लोगों के चरित्र का निर्माण कर सके, समाज को एक सही दिशा देते हुए ज्ञान दे सकें ताकि लोग अपना सुखद जीवन जी सकें और दूसरों के लिए जीने की राह बना सकें।

**तकनीक का लाभ उठाना चाहिए, परंतु इसके दुष्प्रभाव से भी बचना जरूरी है**

उन्होंने लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि मोबाइल व सोशल मीडिया से जितना दूर हो सकें तो होना चाहिए क्योंकि मोबाइल फोन के ज्यादा प्रयोग से हमारे स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि तकनीक का लाभ उठाना चाहिए, परंतु इसके दुष्प्रभाव से भी बचना जरूरी है। विज ने कहा कि पहले ज्ञान प्राप्त करने के माध्यम सीमित थे।

## फरीदाबाद में शार्ट सर्किट से वर्कशॉप गोदाम में लगी आग

टीम एक्शन इंडिया

**फरीदाबाद:** एनआईटी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गोछी इलाके में एक वर्कशॉप के ऊपर बने गोदाम में अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट थी जिससे गोदाम में रखा कागज का सामान तेजी से जलने लगा। घटना में कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है और समय रहते फायर ब्रिगेड ने स्थिति पर काबू पा लिया।

# महेंद्रगढ़ में सिंचाई के 18.55 करोड़ की लागत के कार्य प्रगति पर

**सौंदर्यीकरण**

**जिले में तालाबों से गंदे पानी की निकासी और सौंदर्यीकरण का कार्य भी जल्द होगा पूरा**

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी प्रदेश में आगामी मॉनसून को लेकर व बाढ़ नियंत्रण को लेकर लगातार कार्य कर रही है। श्रीमती श्रुति चौधरी ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जी के नेतृत्व में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा लगभग 18.55 करोड़ रुपये की लागत के कार्य जिला महेंद्रगढ़ में करवाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि महेंद्रगढ़ के गांव खेड़ी, बसई, अकोड़ा, खेड़ा, खातोद, बवानिया में गंदे पानी के तालाबों का, जो कि बरसात के टाइम में ओवरफ्लो होकर पूरे गांव बस्ती में गन्दगी के साथ-साथ बड़ी बीमारियों का मुख्य कारण बनते हैं, उनकी निकासी का स्थाई प्रबंध किया जा रहा है।

मंत्री के निर्देशों के फलस्वरूप जिले में तालाबों से गंदे पानी की निकासी और सौंदर्यीकरण का कार्य प्रगति पर है जो कि जल्द ही पूरा किया जाएगा।

इसके साथ ही गांव खेड़ी, सतनाली, गडानिया, पाल, दुलोठ व गढ़ी में कच्चे और जड़वा व बवानिया में कच्चे और पक्के तालाब का काम भी चल रहा है ताकि मानसून के समय पानी को रिचार्ज करके भूजल लेवल में सुधार किया जा सके। इसके अतिरिक्त नारनौल में हमीदपुर बंध की रिपेयर और सौंदर्यकरण का काम भी उल्लेखनीय है। दोचाना माइनर पर वर्षा जल प्रबंधन के लिए भी बाढ़ नियंत्रण के कार्य करवाए जा रहे हैं। कृष्णावती नदी पर भी विभाग द्वारा सफाई कार्य व जल निकासी कार्य करवाए जा रहे है जिससे की मॉनसून के दौरान जल प्रबंधन होने से उससे साथ पड़ने वाले गांवों को लाभ पहुंचाया जा सके। उक्त कार्य प्राथमिकता के आधार पर माननीय मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी जी के निर्देशों के क्रम में समय पर पूर्ण किये जाने हैं क सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी ने बताया कि सरकार गांवों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और हमारा उद्देश्य गांवों को स्वच्छ, हरित और समृद्ध बनाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गांवों के विकास के लिए कार्य करें और गांव के लोगों की समस्याओं का समाधान समयबद्ध रहते पूर्ण करें। इन कार्यों में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी एवं सभी कार्यों में गुणवत्ता के मानकों को पूरा किया जाना सुनिश्चित करना है।

# खरावड़ गांव में शराब ठेका हटवाने के लिए सड़कों पर उतरे ग्रामीण

टीम एक्शन इंडिया

रोहतक। जिला के गांव खरावड़ में शराब ठेका हटवाने को लेकर ग्रामीण सड़कों पर उतरे और प्रशासन के खिलाफ रोष प्रकट किया। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में शराब के ठेका होने से पूरे गांव का माहौल खराब हो रहा है और ठेके पर 24 घंटे असमाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता हैं इसके चलते जीना दूभर हो गया है। कई बार प्रशासन को लिखित में ठेका हटवाने बारे अवगत कराया जा चुका है, लेकिन इस और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। महिलाओं ने चेतावनी दी कि अगर जल्द गांव के बीच से शराब ठेका नहीं हटाया गया तो वह सडक जाम करने पर मजबूर होगी। शनिवार को काफी संख्या में ग्रामीण गांव के बीचों बीच स्थित शराब ठेका हटाने को लेकर एकत्रित हुए और जमकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। सोनू, ओमप्रकाश, जयसिंह, कमला, शांति, प्रकाशों व कुंती ने बताया कि शराब ठेके के कारण लोगों का जीना दुर्भर हो गया है। असमाजिक तत्वों का ठेके पर जमावड़ा लगा रहा है और लोग वहीं शराब पीकर हुड़दंगबाजी करते है, जिसके चलते पूरे गांव का माहौल खराब हो रहा है। इतना ही नहीं शराब ठेका के पास मंदिर व बच्चों का स्कूल भी है, जिससे बच्चों पर भी गलत असर पड़ता है। ग्रामीणों ने कहा कि एक तरफ तो सरकार नशे के खिलाफ अभियान चलाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभाव बारे जागरूक कर रही है, वहीं दूसरी और गांवों के अंदर शराब ठेके धड़ल्ले से खोलकर नशे को बढ़ावा देने का काम कर रही है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, 2025: एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग

**योगमय**

**कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सैनी, योग गुरु बाबा रामदेव और अन्य गणमान्य व्यक्ति भाग लेंगे**

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का राज्य स्तरीय समारोह 21 जून, 2025 को कुरुक्षेत्र के ब्रह्म सरोवर में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, योग गुरु बाबा रामदेव जी और अन्य गणमान्य व्यक्ति भाग लेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन भी होगा। इस कार्यक्रम में राज्य स्तर पर एक लाख से अधिक लोगों और हरियाणा भर में जिला और ब्लॉक स्तर पर 10 लाख से अधिक व्यक्तियों के भाग लेने की उम्मीद है। इसके अलावा, उसी दिन मुख्यमंत्री द्वारा कृष्णा आयुष विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र में एक मेडिटेशन सेंटर की आधारशिला रखी जाएगी। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में और आयुष विभाग की सक्रिय भागीदारी से, राज्य ने पहले ही महत्वपूर्ण कदम उठा लिए हैं तथा 21 जून, 2025 को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) को मनाने की तैयारियां जोरों पर हैं। आगामी समारोहों के लिए गति बनाने हेतु कई गतिविधियाँ पहले ही आयोजित की जा चुकी हैं। शिक्षा विभाग के डीपीई/पीटीआई (26-28 मई 2025) और स्कूली बच्चों के लिए (28-30 मई 2025) तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किए जा चुके हैं। इसके अलावा, माध्यमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, पुलिस लाइन, जेल, सेना जैसे विभागों और विभिन्न अन्य समूहों को शामिल करते हुए जनभागीदारी कार्यक्रम 29 मई से शुरू हो गए हैं, जिनमें प्रतिदिन हजारों व्यक्तियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी जा रही है। प्रवक्ता ने बताया कि सुचारू पंजीकरण और अधिकतम सार्वजनिक भागीदारी को सक्षम बनाने के लिए, एक डिजिटल प्लेटफॉर्म और एक टोल-फ्री मिस्ड कॉल नंबर (9501131800) शुरू किया गया है। इसके अलावा, यह सुनिश्चित करने के लिए कि राज्यभर के लोग समारोह तक पहुँच सकें, लाइव स्ट्रीमिंग व्यवस्था को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कार्यक्रमों के सुचारू संचालन के लिए राज्य और जिला-स्तरीय आयोजन समितियों, परचेज समितियों और स्वागत समितियों सहित विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि 21 जून को होने वाले मुख्य कार्यक्रम से पहले राज्य ने कई महत्वपूर्ण गतिविधियों की योजना बनाई है।

# गुरुग्राम में एयर स्ट्राइक जैसी आपात स्थिति की हुई मॉकड्रिल

**निंदनीय**

**-डीसी अजय कुमार ने कंट्रोल रूम से हर गतिविधि की निगरानी की -स्थानीय स्तर पर**

टीम एक्शन इंडिया

**गुरुग्राम।** जिला प्रशासन गुरुग्राम द्वारा नागरिक सुरक्षा एवं आपातकालीन स्थितियों के दौरान तैयारियों की वास्तविक समीक्षा के लिए शनिवार को ऑपरेशन शील्ड के तहत जिला में सिविल डिफेंस की द्वितीय एक्सरसाइज आयोजित की गई। इस अभ्यास का उद्देश्य नागरिकों को एयर रेड जैसी आपात स्थिति में अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक करना, प्रतिक्रिया तंत्र की प्रभावशीलता की जांच करना तथा समन्वय को परखना रहा। एक्सरसाइज का आयोजन जिला के पांच प्रमुख स्थलों सिलोखरा स्थित स्टार मॉल, खांडसा रोड स्थित एसडी आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल, आवर लेडी फातिमा कॉन्वेंट स्कूल, मानेसर स्थित मारुति सुजुकी प्लांट एवं सोहना रोड स्थित सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) स्टेशन पर किया गया। शनिवार सायं 5 बजे सायरन बजाकर एक्सरसाइज की शुरूआत की गई, जिससे सभी स्थानों पर उपस्थित नागरिक सतर्क हुए और आपात स्थिति में नियमानुसार सुरक्षित स्थानों की ओर अग्रसर हुए। एयर स्ट्राइक की काल्पनिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए ताऊ देवीलाल स्टेडियम में बनाए स्टेजिंग एरिया से राहत टीमों को रवाना किया गया था। जिन्होंने नागरिकों को ऊपरी मंजिलों से निकालकर सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया गया। इस दौरान लोगों को फायर ब्रिगेड, सिविल डिफेंस, रेडक्रॉस और आपदा मित्रों की मदद से बचाया गया और प्राथमिक उपचार हेतु निकटवर्ती स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंचाया गया। अभ्यास की जिला सचिवालय स्थित कंट्रोल रूम से डीसी एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार द्वारा मॉनिटरिंग की गई।



## ऑपरेशन शील्ड के तहत हुई मॉक ड्रिल

टीम एक्शन इंडिया

**जींद।** ऑपरेशन शील्ड के तहत शनिवार को मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। सायरन बजते ही सभी हरकत में आ गए और मॉक ड्रिल के तहत तैयारियों को दिखाने में कर्मचारी जुट गए। वहीं 7:55 से सवा आठ बजे तक ब्लैक आउट रहा। मॉक ड्रिल और ब्लैकआउट को लेकर पहले ही आमजन को जानकारी दे दी गई थी। ऑपरेशन शील्ड के दौरान सायरन की सक्रियता की जांच की गई और अन्य विभिन्न प्रकार की गतिविधियां भी आयोजित की गई। एसडीएम सत्यवान सिंह मान ने कहा कि अगर कोई आपातकालीन स्थिति आती है तो उस समय जिला प्रशासन के सहयोग से बचाव दलों द्वारा घायलों को जल्द से जल्द उपचार के लिए अस्पताल भेजा जाता है।

# गुरुग्राम से इंस्टाग्राम इंफ्लूएंसर गिरफ्तार, ऑपरेशन सिंदूर पर बॉलीवुड की चुप्पी को लेकर डाला था वीडियो

**अपलोड**

**जिसमें कहा गया कि शर्मिष्ठा पनोली नाम की युवती ने इंस्टाग्राम पर वीडियो अपलोड किया है**

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा के गुरुग्राम से कोलकाता पुलिस ने एक इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर और पुणे की लॉ यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाली युवती को गिरफ्तार किया है। उसने ऑपरेशन सिंदूर पर बॉलीवुड एक्टर्स की चुप्पी को लेकर एक वीडियो अपलोड किया था। बोलते वक्त उसने धर्म विशेष पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी।कोलकाता पुलिस ने शिकायत के बाद केस दर्ज कर लिया। इसके बाद युवती और उसके परिवार को नोटिस भेजे गए, लेकिन वह फरार हो गए। इसके बाद कोर्ट ने उसका गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया।

वीडियो पर युवती को धमकियां मिलने लगीं। जिसके बाद विवाद बढ़ते देख युवती ने वीडियो डिलीट कर दिया। उसने इसको लेकर माफी भी मांगी। हालांकि अब कोलकाता पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। सोशल मीडिया पर शर्मिष्ठा के लाखों फॉलोअर्स हैं। गुरुग्राम पुलिस सूत्रों के मुताबिक शर्मिष्ठा पनोली ने इंस्टाग्राम पर ऑपरेशन सिंदूर पर बॉलीवुड के एक्टर्स की चुप्पी को लेकर सवाल उठाए थे। इसी में उसने ऐसी टिप्पणी कर दी, जिसकी वजह से उसे कमेंट में धमकियां मिलने लगीं। वहीं कोलकाता पुलिस के गार्डनरीच थाने के पास भी इसकी शिकायत पहुंच गई। जिसमें कहा गया कि शर्मिष्ठा पनोली नाम की युवती ने इंस्टाग्राम पर वीडियो अपलोड किया है।

# दूसरे की जगह जेल से जमानत पर फरार बंदी बिहार से गिरफ्तार

**काबू**

**शास्त्री कोलोनी ओल्ड फरीदाबाद भी एक लड़ाई झगड़े के मामले में जेल में बंद था**

टीम एक्शन इंडिया

**फरीदाबाद।** दूसरे की जगह जेल से जमानत पर फरार होने वाले हवालाती बंदी को क्राइम ब्रांच सेंट्रल की टीम ने बिहार से गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि 28 मई को थाना सदर बल्लभगढ में नीमका जेल की तरफ से शिकायत प्राप्त हुई कि नितेश पांडे पुत्र रविंद्र पांडे निवासी कल्याणपुर जिला पटना बिहार वर्ष 2021 के एक पोक्सो एक्ट के मामले में जेल में बंद था। एक अन्य बंदी नितिश पुत्र रविंद्र निवासी शास्त्री कोलोनी ओल्ड फरीदाबाद भी एक लड़ाई झगड़े के मामले में जेल में बंद था। 26 मई को नितिश वासी शास्त्री कालोनी के जमानत पर रिहाई के आदेश प्राप्त हुए। जिस पर नितेश पांडे पुत्र रविंद्र पांडे निवासी ग्राम कल्याणपुर जिला पटना बिहार ने अपने आप को नितिश पुत्र रविंद्र वासी शास्त्री कोलोनी ओल्ड फरीदाबाद होना बताया और जेल से जमानत पर रिहा हो गया। हवालाती बंदी नितेश पांडे को पता था कि उसके नाम के जमानत के कागजात नही है फिर भी उसने अपनी पहचान छुपाकर दूसरे बंदी नितिश के नाम पर अपनी रिहाई ले ली। जिस पर थाना सदर बल्लभगढ मे विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। मामले मे कार्रवाही के लिए क्राइम ब्रांच सेंट्रल को निर्देशित किया गया। जिस पर कार्रवाई करते हुए फरार आरोपी नितेश वासी गाँव कल्याणपुरा जिला पटना बिहार को क्राइम ब्रांच की टीम ने उसके गाँव से गिरफ्तार किया है।

# बेटे की अनदेखी के शिकार बुजुर्गों की मानवाधिकार आयोग ने ली सुध

**दिल पसीजा**

**पुनर्वास के लिए उठाए गए कदमों की स्थिति रिपोर्ट एवं कार्य योजना आयोग के समक्ष प्रस्तुत करें**

टीम एक्शन इंडिया

**गुरुग्राम।** खून के रिश्तों ने जब बुजुर्ग अनदेखी की तो हरियाणा के मानवाधिकार आयोग का दिल पसीजा। आयोग की ओर से फिलहाल जिला प्रशासन को यह निर्देश दिए गए हैं कि वे बुजुर्ग दंपति का हर तरह से ख्याल रखें। आयोग ने यह फैसला एक जागरूक और जिम्मेदार व्यक्ति द्वारा की गई शिकायत पर लिया है। इस फैसले की सब तारीफ कर रहे हैं। यह मामला तब सामने आया जब रिजवुड एस्टेट कंडोमिनियम एसोसिएशन के एक प्रतिनिधि ने आयोग को शिकायत संख्या-470/5/2025 सौंपी। प्रतिनिधि ने हरियाणा मानव अधिकार आयोग का ध्यान एक अत्यंत गंभीर एवं चिंताजनक स्थिति की ओर आकर्षित किया। उन्होंने बताया कि एक वृद्ध दंपति जिनकी उम्र 96 वर्ष (पुरुष) एवं 86 वर्ष (महिला) है। वे फ्लैट नंबर जे-46, रिजवुड एस्टेट, डीएलएफ सिटी, फेज-5 में रहते हैं। बुजुर्ग दंपति अपने ही बेटे राजेश मित्रा द्वारा उपेक्षित किए जा रहे हैं। राजेश मित्रा द्वारा उनकी समुचित देखभाल नहीं की जा रही है। वृद्ध दंपति केवल दो अप्रशिक्षित महिला सहायिकाओं के भरोसे हैं। उन्हें कोई प्रभावी चिकित्सा सुविधा नहीं मिल रही। वृद्ध पिता को अक्सर दर्द और पीड़ा में चिल्लाते सुना जाता है। जिससे न केवल उनकी पत्नी को गंभीर मानसिक आघात पहुंच रहा है, बल्कि आसपास रहने वाले अन्य वरिष्ठ नागरिकों को भी मानसिक पीड़ा हो रही है। पुत्र एवं संबंधित अधिकारियों को बार-बार कहने के बावजूद वृद्ध दंपति की स्वास्थ्य, गरिमा एवं कल्याण के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। इसलिए हरियाणा मानव अधिकार आयोग तत्काल इसमें हस्तक्षेप करे। हरियाणा मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ललित बत्रा ने अपने आदेश में इस बात पर गंभीर चिंता व्यक्त की है कि वृद्ध दंपति को लंबे समय से जो मानसिक पीड़ा एवं शारीरिक कष्ट सहने पड़ रहे हैं। आयोग की ओर से गुरुग्राम जिला प्रशासन को निर्देशित किया गया है कि रिजवुड एस्टेट के फ्लैट में रह रहे बुजुर्ग दंपति को तुरंत अच्छी स्वास्थ्य सुविधा व उनकी अन्य जरूरतों को पूरा किया जाए। आयोग की ओर से पुलिस आयुक्त गुरुग्राम, उपमंडल अधिकारी गुरुग्राम, सिविल सर्जन गुरुग्राम, जिला समाज कल्याण अधिकारी गुरुग्राम को बुजुर्ग दंपति की हर तरह से देखभाल के लिए कहा है।

आयोग के प्रोटोकॉल, सूचना व जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. पुनीत अरोड़ा के मुताबिक संबंधित अधिकारियों को आदेश दिए गए हैं कि वे इस मामले में अगली सुनवाई की तारीख तीन जुलाई 2025 से पहले वृद्ध दंपति के उपचार, दीर्घकालीन देखभाल अथवा पुनर्वास के लिए उठाए गए कदमों की स्थिति रिपोर्ट एवं कार्य योजना आयोग के समक्ष प्रस्तुत करें।



न्यूज फ्लैश

## एसडी शिक्षण संस्थाएं युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ दे रहीं सनातन संस्कार: रेखा

**टीम एक्शन इंडिया/कमाल हुसैन**



**पानीपत।** एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल परिसर में सनातन वीर दल शिविर के दूसरे दिन विश्व तम्बाकू निषेध दिवस और अहिल्याबाई होलकर जयंती मनाई गई। शिविर के दूसरे दिन दिन का विषय भयमुक्त समाज, भ्रष्टाचार मुक्त समाज और बौद्धिक शिविर था। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य रेखा शर्मा ने की आचार्य राजकुमार, सुभाष चंद्र मिर्ची और आचार्य करण मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता की जय और वंदे मातरम के साथ हुआ और शांति पाठ के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने समाजवाद के जनक महाराजा अग्रसेन, स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, सेठ शिव नारायण बिरला, सेठ कुमार मंगलम बिरला और सेठ लक्ष्मी मित्तल को भी सभी वक्ताओं ने याद किया। शिविर की मुख्य प्रशिक्षिका दीक्षा और वंशिका ने महिला सशक्तिकरण और महिला अधिकार विषय पर अपने विचार रखे जिन्हें मौके पर ही सम्मानित किया गयो सनातन धर्म एजुकेशन सोसाइटी के सचिव नरेश गोयल ने यह जानकारी दी। शिविर को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य रेखा शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन संस्कृति है और एसडी शिक्षण संस्थाएं इसे विश्व में पुन: स्थापित करने के सभी प्रयास कर रही हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही जीवन को सफल बनाने का साधन है और एसडी शिक्षण संस्थाएं साधनहीन परिवारों के प्रतिभाशाली छात्रों को शिखर तक पहुंचाने के लिए काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि नशा नाश की जड़ है नशा देश के विकास में बाधा उत्पन्न करता है। इसलिए छात्रों और नागरिकों को किसी भी प्रकार के नशे की लत से दूर रहते हुए देश के विकास में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुभाष मिर्ची ने कहा कि भारत विश्व की चौथी आर्थिक शक्ति बन गया है और तीसरी आर्थिक शक्ति बनने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है लेकिन जब तक देश का युवा वर्ग पूरी तरह आत्मनिर्भर नहीं होगा तो देश को आर्थिक शक्ति बनाने में दिक्कत होगी। इसलिए सभी छा अपनों से अधिक अपेक्षाएं न रखें बल्कि अपने पैरों पर खड़ा होने का प्रयास करें` उन्होंने कहा कि पानीपत एमएसएमई का हब बन सकता है। नवाचार की नई लहर में एमएसएमई के लिए पानीपत के नया अध्याय लिख सकता है` इसलिए सभी युवा एमएसएमई उद्योग योजना के माध्यम से न केवल स्वयं आत्मनिर्भर बनें। इस अवसर पर शिक्षिका काजल, आचार्य करण और राजेंद्र जयसवाल का मुख्य योगदान रहा।

## जींद में जिम संचालक के घर एनआईए का छापा

**जींद।** जींद में एनआईए की टीम ने एक जिम संचालक के यहां छापेमारी की है। शनिवार सुबह पांच बजे टीम जिम संचालक के घर पहुंची और पूछताछ शुरू की। हालांकि अभी तक इस रेड के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है लेकिन बताया जा रहा है कि जिम संचालक की तरफ से एक सस्पेक्ट बैंक खाते में रुपए ट्रांसफर किए गए थे, इसलिए इसकी जांच के लिए ही टीम पहुंची है। शनिवार सुबह पांच बजे के करीब एनआईए की टीम जींद के सेक्टर आठ में जिम संचालक की कोठी पर पहुंची। घर के सदस्यों को अंदर ही रहने के लिए कहा गया। जबकि मुख्य गेट को बंद कर दिया गया। इसके बाद टीम ने जिम संचालक से पूछताछ शुरू कर दी।

# हर नागरिक को स्वच्छता प्रहरी की भूमिका निभानी होगी : राजीव जैन

### दो कर्मचारियों सोनिया एवं राजबीर को 11 सौ रुपए का नकद इनाम

सफाई

□ सफाई अभियान महाराजा अग्रसेन चौक से सेक्टर 15 बाईपास तथा सेक्टर 23 मोड़ तक चलाया गया।





**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत।** नगर निगम मेयर राजीव जैन ने कहा है कि हर नागरिक को स्वच्छता प्रहरी की भूमिका निभानी होगी तभी शहर स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बन सकेगा। स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की कमान शहर की सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारिक संगठनों को संभालनी पड़ेगी। राजीव जैन हर शनिवार स्वच्छता अभियान के तहत सफाई कार्य में कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करने वाले पश्चिमी जोन के दो कर्मचारियों सोनिया एवं राजबीर को 1100 रुपए का नकद इनाम एवं पटका पहनाकर सम्मानित करने के बाद विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वच्छता योद्धाओं को सम्मानित करने के पीछे उद्देश्य यही है कि अन्य कर्मचारी भी अपनी ड्यूटी में किसी भी प्रकार की कोताही ना बरतें और शहर को अपना शहर मानकर सफाई पर ध्यान दें। सफाई अभियान महाराजा अग्रसेन चौक से सेक्टर 15 बाईपास तथा ककरोई चौक से सेक्टर 23 मोड़ तक चलाया गया। उन्होंने कहा कि रेहड़ी वाले दिन भर का गंद सड़कों पर फेंक कर चले जाते हैं, दुकानदार सफाई करने के बाद कूड़ा सड़क पर छोड़ देते हैं या नाले में डाल देते हैं। आम नागरिक घर घर का कूड़ा उठाने आ रही गाड़ियों में कूड़ा डालने की बजाये चौक चौराहों पर फेंक देते हैं, इन कारणों से सफाई अभियान को झटका लगता है। उन्होंने कहा कि जल्द ही शहर की सभी संस्थाओं की बैठक कर स्वच्छता मिशन में सहयोग करने की अपील की जाएगी। सफाई अभियान में पार्षद सुरेंद्र मदान, मुकेश सैनी, पार्षद प्रतिनिधि राजेश दहिया, मंडल अध्यक्ष राज कुमार शर्मा, सत नारायण मेहरा, नकिन मेहरा, दीपक पांचाल, देवेश बल, सुरेंद्र शर्मा, लक्ष्मण, सतवीर प्रधान वाल्मीकि समाज, नरेश शर्मा, हरि ओम शर्मा, मुख्य सफाई निरीक्षक साहब सिंह, सतेंद्र दहिया, सफाई निरीक्षक सुंदर मलिक मौजूद रहे।

## आयोग के सदस्यों ने किया होम का निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया/ मनीष कुमार**

निरीक्षण

□ हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य अनिल लाठर व श्याम शुक्ला ने किया अवलोकन

**अम्बाला।** हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य अनिल लाठर व श्याम शुक्ला ने अम्बाला शहर स्थित ऑबर्जवेशन होम व महिला पुलिस थाने का अवलोकन करते हुए यहां पर जो सुविधाएं एवं गतिविधियां की जाती है उसके बारे जानकारी हासिल की। यहां पहुंचने पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी ममता रानी व अन्य सदस्यगणों ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। आयोग के सदस्य अनिल लाठर व श्याम शुक्ला ने ऑब्जर्वेशन होम का निरीक्षण करते हुए यहां पर कितने जुविनाईल रह रहे हैं तथा उनके यहां पर रहने की व्यवस्था के साथ-साथ जो अन्य व्यवस्थाएं उपलब्ध करवाई जाती है उनका निरीक्षण किया और जुविनाईल से बातचीत भी की। उन्होंने आयोग के सदस्यों को बातचीत के दौरान बताया कि वे स्टाफ के व्यवहार से खुश हैं। आयोग के सदस्यों ने अधीक्षक खुशपाल व सभी स्टाफ के सदस्यों को बधाई दी।

## इतिहास के प्रवक्ता तेजपाल बेनीवाल की 30 वर्ष बाद सेवानिवृत्ति, दी गई भावभीनी विदाई

**टीम एक्शन इंडिया/ कमाल हुसैन**

विदाई

□ प्रिंसिपल महेंद्र सिंह ने कहा कि तेजपाल बेनीवाल के कार्यकाल के दौरान में बिल्कुल बेफिक्र रहता था।

**पानीपत।** बिहोली के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से इतिहास के प्रवक्ता तेजपाल बेनीवाल की भी लगभग 30 वर्ष बाद सेवा निवृत्ति हो गई। उन्होंने अपनी सेवा निवृति के समय नम आंखों से ये उपरोक्त शब्द कहे। स्कूल से विदाई का दर्द उनके चेहरे पर साफ दिखाई दे रहा था जिसे तेजपाल बेनीवाल छिपा रहे थे। विद्यालय के प्रिंसिपल महेंद्र सिंह ने कहा कि तेजपाल बेनीवाल के कार्यकाल के दौरान मै स्कूल प्रबंधन और देखरेख के मामले में बिल्कुल बेफिक्र था। क्योंकि उनका सौम्य व्यवहार, ज्ञान और तजुर्बा अव्वल दर्जे का रहा है। शिक्षक यशपाल शर्मा ने कहा कि तेजपाल बेनीवाल की कमी को स्कूल बड़ी देर से भरेगा। मेरा अनुभव उनके साथ छोटे व बड़े भाई की तरह रहा।

## एडीसी डॉ.पंकज यादव ने गांव बिहोली में ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

संवाद

□ एडीसी के समक्ष ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं साझा कीं और मामलों का समाधान मौके पर ही किया गया।



**टीम एक्शन इंडिया/ कमाल हुसैन**

**पानीपत।** एडीसी डॉ पंकज यादव ने रात्रि ठहराव कार्यक्रम के तहत गत रात्रि गांव बिहोली में ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। एडीसी के समक्ष ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं खुलकर साझा कीं और कई मामलों का समाधान मौके पर ही किया गया। एडीसी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के विजन को धरातल पर साकार करने की दिशा में एक सार्थक पहल है, जिसका मकसद है प्रशासन और जनता के बीच की दूरी को कम करना है। उन्होंने कहा कि रात्रि ठहराव सुशासन की दिशा में एक ठोस कदम है। अफसर अब फाइलों में नहीं, गांव की गलियों में हैं। अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे, यही सरकार का संकल्प है। एडीसी पंकज यादव ने बिहौली गांव के सरपंच संदीप कुमार द्वारा रखी गई विभिन्न मांगों को भी पूरा करने का आश्वासन दिया और कहा कि इन पर जल्द कार्रवाई की जाएगी। एसपी भूपेंद्र सिंह ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए नशा मुक्त जीवन, यातायात नियमों के पालन और साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि किसी भी ऑनलाइन फ्रॉड की स्थिति में तुरंत 1930 पर कॉल करें। एडीसी पंकज यादव ने पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह के साथ-साथ विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों और विभाग अध्यक्षों के साथ गांव बिहोली का दौरा किया और ग्रामीणों के साथ संवाद भी किया। इस रात्रि ठहराव में बिजली, पानी, सफाई व विभिन्न विभागों से जुड़ी कुल 127 समस्याएं प्राप्त हुई, जिन पर अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निदान के निर्देश दिए। इस मौके पर जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉक्टर किरण सिंह, एसडीएम पानीपत मनदीप कुमार, डीएसपी समालखा नरेंद्र सिंह, सचिव आरटीए नीरज जिंदल, जीएम रोडवेज विक्रम कंबोज, डीडीपीओ राजेश शर्मा मौजूद थे।

# पोक्सो एक्ट व बाल संरक्षण से जुड़े विषयों पर की समीक्षा बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**




समीक्षा

□ हितधारकों से बाल अधिकार संरक्षण के तहत जिले मे किए जा रहें कार्यो की विस्तार से जानकारी हासिल की

**अम्बाला:** जिला बाल संरक्षण यूनिट अंबाला के तत्वाधान में हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य अनिल कुमार लाठर व श्याम शुक्ला की अध्यक्षता में अंबाला शहर स्थित पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र के सभागार में बाल अधिकार संरक्षण के दृष्टिगत पोक्सो एक्ट एवं अन्य बाल संरक्षण से जुड़े विषयों को लेकर संबंधित अधिकारियों एवं स्टेकहोल्डर्स की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित हुई।
बैठक में हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्यों द्वारा हितधारकों से बाल अधिकार संरक्षण के तहत जिले मे किए जा रहें कार्यो बारे विस्तार से जानकारी हासिल की और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित से अंबाला मे पोक्सो एक्ट के तहत कितने मामले, कितने एक्वीटल व कितने बरी हुए इस बारे विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि पोक्सो एक्ट के तहत मामलों की पुरी मजबूती से पैरवी की जाएं ताकि पीडितों को न्याय मिल सकें।
हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य अनिल कुमार लाठर ने कहा कि बाल अधिकार संरक्षण व सुरक्षा को लेकर सभी हितधारकों को अपनी जिम्मेदारी का गभीरता से निर्वहन करना चाहिए।

## जिला जेल में बंदियों, अधिकारियों, और कर्मचारियों ने लिया योगासन में हिस्सा

**टीम एक्शन इंडिया/ कमाल हुसैन**



**पानीपत।** शनिवार को प्रातः जिला जेल पानीपत में जिला प्रभारी पतंजली योगपीठ पानीपत अशोक अरोडा, आयुष विभाग योग विशेषज्ञ नीलिमा, प्रवीण, योग सहायक सतीश के द्वारा बंदियों व अधिकारियों/कर्मचारियों को योगासन करवाया गया। जिसमें अधिकारीगण/कर्मचारीगण द्वारा भाग लिया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक संजीव बुधवार के द्वारा सभी को जीवन में योग का महत्व बताया गया व अपने जीवन में योग को अपनाने बारे प्रेरित किया गया तथा पतंजली योगपीठ पानीपत व आयुष विभाग पानीपत से आए हुए अतिथियों का जेल प्रशासन की तरफ से धन्यवाद किया गया। जेल अधीक्षक संजीव बुधवार ने कहा कि योग से हम मानसिक तौर से मजबूत तो होते ही है साथ ही साथ योग से शारिरिक विकास भी होता है। योग हमें तनाव से मुक्त भी रखता है। इसलिए हमें दिन-प्रतिदिन योग को महत्व देकर समय निकालना चाहिए। योग एक प्राकृतिक पद्धति है। इससे अनेक अध्यात्मिक लाभ भी प्राप्त किए जा सकते हैं।

## अवैध पटाखों को जप्त करने को कमेटी गठित

**टीम एक्शन इंडिया/कमाल हुसैन**

**पानीपत।** जिलाधीश द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार एनसीआर में सभी प्रकार के पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। जिसके प्रभावी कार्यान्वयन के लिए जिला में कमेटी गठित की गई है। जिला के साथ-साथ खंड स्तर पर यह कमेटी छापे के दौरान पाए गए सभी अवैध पटाखों को तुरंत जपत करेगी और मौके पर ही उनके विरूद्ध निपटान विस्फोटक नियम 2008 में निर्धारित प्रावधानों के अनुसार सख्ती से निपटा जाएगा। नियम 128 और सम्बंधित प्रावधानों के तहत अधिकृत अधिकारी जपती और निपटान की कार्यवाही करेंगे।

# नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/कमाल हुसैन**




अभियान

□ सम्पूर्ण विश्व में केवल तंबाकू के सेवन के कारण औसतन 80 लाख लोगों की मृत्यु हो रही है

**पानीपत।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा पानीपत में नशे के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम ज्ञान भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल पानीपत में किया गया। ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह, भापुसे के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित हांडा, भापुसे और पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुड़ी कुमार के नेतृत्व में नशे के विरुद्ध प्रतिदिन कार्यक्रम किये जा रहे हैं। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल पर चलकर इस अभियान को गांव गांव तक पहुंचा रहे हैं। इस कड़ी में कार्यक्रम में ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने उपस्थित छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज विश्व तम्बाकू निषेध दिवस है। सम्पर्ण विश्व में केवल और केवल तंबाकू के सेवन के कारण औसतन 80 लाख लोगों की मृत्यु हो रही है और हमारे भारत में भी प्रति वर्ष 17 लाख औसतन लोग मर रहे हैं। इतना ही नहीं 13 लाख ऐसे लोग हैं जो स्वयं तंबाकू का सेवन नहीं करते लेकिन उनके पास रहते हैं जो सेवन कर रहे होते हैं। इसमें विशेष रूप से बालक, वृद्ध और महिलाएं विशेष रूप से होती हैं। एक लेख के अनुसार प्रति दिन तम्बाकू के कारण भारत में 3699 मृत्यु हो रही हैं तो दूसरी और प्रत्येक 4 सेकंड में एक बालक की मृत्यु केवल ऐसे लोगों के संपर्क में होने के कारण होती हैं जो उनके पास रहकर धूम्रपान करते हैं।

# समाधान शिविर है हरियाणा सरकार की अनूठी पहल: डॉ. ब्रहमजीत

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**




पहल

□ अतिरिक्त उपायुक्त उपायुक्त कार्यालय मे समाधान शिविर को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित

**अम्बाला:** अतिरिक्त उपायुक्त डा. ब्रहमजीत सिंह ने कहा कि समाधान शिविर हरियाणा सरकार की अनूठी एवं सार्थक पहल है जिसका उदेश्य आम लोगो की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। सभी विभाग इसे गम्भीरता से ले और लोगो की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाना सुनिश्चित करें। अतिरिक्त उपायुक्त उपायुक्त कार्यालय मे समाधान शिविर को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ले रहे थे। इससे पहले चण्डीगढ से विडियों कान्फ्रेसिंग के माध्यम से प्रदेश-भर मे आयोजित समाधान प्रकोष्ठ के दृष्टिगत उपायुक्तों एवं अन्य अधिकारियों की एक राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई जिसमें जिलावार समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों एवं उनके समाधान बारें व इससे जुडे अन्य बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए। वीसी के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त ने आयुक्त एवं सचिव को अवगत करवाते हुए बताया कि अंबाला मे अभी तक आयोजित समाधान शिविरों मे कुल 4231 शिकायतें प्राप्त हुई है जिनमे से 3980 शिकायतों का समाधान किया गया है, 81 शिकायतें लम्बित है। इनमे रिओपन व रिजेक्टीड शिकायतें शामिल है। उन्होंने कहा कि लम्बित शिकायतों का निपटान कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि वीसी के माध्यम से जो दिशा-निर्देश प्राप्त हुए है उनकी अनुपालना के तहत तेजी से कार्य करते हुए लोगो की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। वीसी के उपरांत एडीसी ने संबंधित अधिकारियों की बैठक लेते हुए कहा कि समाधान शिविर की प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से लेते हुए उनका प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाना सुनिश्चित करें। जो भी किसी कारणवंश शिकायतें लम्बित है उनका समाधान भी आपसी समन्वय के साथ जल्द करवाना सुनिश्चित करें। भरसक प्रयास रहें की शिकायतों को शिविर मे ही निपटाया जाए यदि किसी कारण मौके पर समाधान नही होता है तो उसे भी तय समय मे करवाना सुनिश्चित करें। गौरतलब है कि उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन मे अंबाला मे आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु जिलास्तर व उपमण्डल स्तर पर प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है।

## बीपीएल परिवारों को स्वरोजगार के लिए बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध

**टीम एक्शन इंडिया/ कमाल हुसैन**

योजना

□ योजना का लाभ उनको मिलेगा जिनकी वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपये से अधिक न हो

**पानीपत।** हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की ओर से अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को, जो गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे हैं, बीपीएल परिवार को अपना स्वयं रोजगार स्थापित करने हेतु बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। एडीसी डॉक्टर पंकज यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना का लाभ उन पात्र परिवारों को मिलेगा जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में 1 लाख 80 हजार रुपये (परिवार पहचान पत्र अनुसार) से अधिक न हो, को बैंकों के माध्यम से 1 लाख 50 हजार रुपये तक का ऋण पशु पालन, किरयाना दुकान, मनियारी दुकान, ब्यूटी पार्लर, ई-रिक्शा, सूअर पालन या अन्य कोई लाभप्रद योजना इत्यादि के लिए उपलब्ध करवाया जा रहा है। एडीसी ने बताया कि निगम द्वारा कुल लागत का 50 प्रतिशत (अधिकतम 10 हजार रुपये तक का अनुदान व 10 प्रतिशत मार्जिन मनी 4 प्रतिशत वार्षिक व्याज दर पर उपलब्ध करवाया जाता है तथा बकाया ऋण बैंकों द्वारा दिया जाता है। आवेदनकर्ता निगम की वेब साईट सीडॉटओआरजीडॉटइन पर ऋण आवेदन फार्म भरकर संबंधित जिला कार्यालय में जमा करवाए जा सकते हैं। एडीसी ने बताया कि इसके अतिरिक्त, एक अन्य योजना के तहत हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की ओर से अनुसूचित जाति की महिलाओं को महिला समृद्धि योजना व सूक्ष्म ऋण योजना के तहत महिला व पुरूष दोनों को स्वरोजगार के लिए एक लाख रुपए का ऋण दिया जाता है।

# युवा पीढ़ी को सुधारना है तो मोबाइल व टीवी का सीमित प्रयोग करना होगा : अनिल विज

**घोषणा**

**विज ने जिलेभर से विभिन्न स्कूलों के 125 मेधावी विद्यार्थियों को 12.50 लाख रुपए देने की घोषणा की**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि आज आदमी अपना अधिकतर समय टीवी पर पूरे संसार को देखता है और जो वो देखता है उसी को देखकर एक्शन-रिएक्शन करता है। नई पीढ़ी मोबाइल, टीवी व कंप्यूटर में खो गई है। यदि हमें अपनी युवा पीढ़ी को सुधारना है तो मोबाइल व टीवी का सीमित प्रयोग करना होगा और आज हमें मोबाइल पर अपना स्क्रीन टाइम कम करने की जरूरत है।

विज एक राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र द्वारा अम्बाला जिले के मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में आयोजित किए गए भविष्य ज्योति समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने जिले के विभिन्न स्कूलों में अव्वल आए 125 विद्यार्थियों को सम्मानित किया तथा सभी विद्यार्थियों को अपने स्वैच्छिक कोष से 10-10 हजार (कुल 12.50 लाख रुपए) देने की घोषणा की।

कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि हर चीज का लाभ व हानि है। मोबाइल का लाभ हुआ है जिससे समाज पहले से ज्यादा सजग हुआ है, मगर इसके नुक्सान भी हुए हैं। पहले गली-मोहल्ले में लोग शाम एक-दूसरे के साथ बैठ बाते करते थे और जुड? की कोशिश करते थे। मगर आज ऐसा नहीं है और कोई एक साथ नहीं बैठता। आज हमें ऐसे लोगों व समाज की जरूरत है जो लोगों के चरित्र का निर्माण कर सके जो उस दिशा में उसे ज्ञान दे सकें कि यह-यह करने से आप सुखद जीवन जी सकते है और दूसरों के जीने के लिए रास्ते बना सकते हैं।

उन्होंने कहा हम मोबाइल व सोशल मीडिया से जितना दूर हो सकते हैं हमें होना चाहिए। मोबाइल ज्यादा प्रयोग से हमारे स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है जोकि हमें आगे डॉक्टर के पास जाकर इसके बुरे असर का पता चलता है। उन्होंने कहा यह तकनीक है इसका लाभ उठाना चाहिए और इसके साथ-साथ चलना भी चाहिए, मगर इससे बचना भी उतना ही जरूरी है। हमारा दिमाग हमेशा ढोलता रहता है और यह सदैव चलता जा रहा है, मोबाइल लगातार इस्तेमाल से हमारा दिमाग शक्ति हीन हो रहा है जोकि हमारे स्वास्थ्य पर प्रभाव डालता है कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि पहले ज्ञान प्राप्त करने के माध्यम सीमित थे, जो पढ़ाया जाता था वहीं आगे बताते थे। हर अच्छे कार्य की शुरू ज्योति प्रज्जवलित करके होती है यानि 'तमसो मा ज्योतिर्गमय' का सामान्य अर्थ यह है कि अंधकार से प्रकाश की ओर चलो, बढ़ो। हमारे समय में मोबाइल, टीवी, टैब, इंटरनेट नहीं था। हम स्कूल की किताबों से पढ़ते थे जिसमें सीमित ज्ञान था। हम जब स्कूल-कालेज में थे तो स्टेट लाइब्रेरी में तीन-चार घंटे पढ़ते थे ताकि चीजों समझ सकें। मगर ज्ञान अथह है जिसे किताबों तक सीमित नहीं रखा जा सकता। ज्ञान प्राप्त करने की ख्वाहिश हमेशा रहती है।

कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि विद्यार्थियों का सम्मान एक पुनीत पहल जो कुछ समाचार पत्रों द्वारा की जा रही है। समाचार पत्र जो व्यवसायिकता के लिए अच्छा कार्य कर रहा है तथा समाज को पढ़ व देख भी रहा है कि क्या-क्या और करना बाकि है। सुधार के गुंजाइश हमेशा रहती है। हर इंसान में कोई न कोई खासियत या कला अवश्य होती है।

सफलता दो चीजों का संयोजन है, एक है योग्यता और दूसरा अवसर, यदि कोई व्यक्ति पर्याप्त रूप से सक्षम है और उसे जीवन भर कोई अवसर नहीं मिलता है तो उसकी योग्यता नष्ट हो जाती है।

# यमुनानगर नगर निगम में अब ड्रोन से होगी नालों की सफाई की निगरानी

**आग**

**नालों की सफाई का कार्य प्रगति पर है। बड़े नालों की सफाई का कार्य एजेंसी द्वारा कराया जा रहा है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर (धर्मवीर)-**
यमुनानगर नगर निगम द्वारा नालों की सफाई का कार्य प्रगति पर है। बड़े नालों की सफाई का कार्य एजेंसी द्वारा कराया जा रहा है। नालों की रोजाना अधिक से अधिक एरिया में अच्छे ढंग से सफाई हो, इसको लेकर मेयर सुमन बहमनी, उपायुक्त पार्थ गुप्ता, निगम आयुक्त अखिल पिलानी, अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार, उप निगम आयुक्त कुलदीप सिंह नालों की सफाई का निरीक्षण कर रहे है। वहीं, मुख्य सफाई निरीक्षक व सफाई निरीक्षक निगरानी कर रहे है। लेकिन अब नगर निगम द्वारा ड्रोन से नालों की सफाई के कार्य की निगरानी की जाएगी। ड्रोन से नालों की सफाई की वीडियो बनाई जाएगी। रोजाना की नालों की सफाई की रिपोर्ट नगर निगम आयुक्त व अन्य उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी। नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी ने अधिकारियों व एजेंसी के ठेकेदारों को मानसून से पहले सभी नालों की पूरी तरह सफाई करने के निर्देश दिए है। ताकि मानसून में शहर में जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो।

**नालों की ब्लॉकेज का भी चलेगा पता -**
मेयर सुमन बहमनी व नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी के निदेशों पर नालों की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। बड़े नालों के साथ अब छोटे नालों की भी सफाई की जा रही है। मानसून से पहले नालों की सफाई का कार्य निपटाया जाएगा। नालों की सफाई कार्य की निगरानी अब ड्रोन द्वारा रखी जाएगी। ड्रोन से जहां नालों की सफाई की वीडियो बनाई जाएगी। ड्रोन से नालों की कहां सफाई नहीं हुई इसकी भी जानकारी पता लगेगी। इसके अलावा नालों में कहां गंदगी है, कहां से नाला ब्लॉक है, कहां नाले पर अतिक्रमण है इसका भी पता लगेगा। ताकि इसका पता लगाकर नालों की समय पर सफाई कराई जा सके।

**नालों में गंदगी फेंकने वालों पर भी होगी कार्रवाई -**
नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी ने शहरवासियों से अपील की है कि वे नालों की सफाई में नगर निगम का सहयोग करें। अक्सर देखने में आता है कि लोग नालों में टूटा हुआ फर्नीचर, खराब बिस्तर, प्लास्टिक, पॉलिथीन, बैग, कपड़े आदि कचरा डाल देते हैं। जिससे नाले जाम हो जाते हैं। यह आदत खुद जनता के लिए मुसीबत का कारण बनती है।

# ग्राम बाड़ा में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर ग्राम बाड़ा स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में एक जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शशिकांत के निर्देशन में डॉ. समिधा की अगुवाई में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर डॉ. समिधा ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए तंबाकू से होने वाले गंभीर दुष्परिणामों जैसे कैंसर, फेफड़ों की बीमारी, हृदय रोग एवं मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव के बारे में बताया। उन्होंने सभी से तंबाकू से दूर रहने और दूसरों को भी प्रेरित करने की अपील की।

कार्यक्रम में योग प्रशिक्षिका सोनिया और योग सहायक दपींदर ने सहभागिता की। उन्होंने उपस्थित लोगों को योग एवं प्राणायाम के माध्यम से तंबाकू की लत से छुटकारा पाने के उपाय बताए। कार्यक्रम में डिस्पेंसरी सहायक नसीब और पार्ट-टाइम हेल्थ असिस्टेंट सनी ने भी सहयोग प्रदान किया। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य सुझाव दिए और तंबाकू से होने वाले रोगों की जानकारी दी।

ग्रामवासियों में ज्योति, जगीरो, किरण, ममता आदि महिलाओं ने बढ़-चढकर भाग लिया। उन्होंने तंबाकू के खिलाफ शपथ ली और अपने परिवार एवं समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। सजग, केरत और सीरत जैसे बच्चों ने पोस्टर और नाटक के माध्यम से संदेश प्रस्तुत किए, जिससे कार्यक्रम में उत्साह का माहौल बना रहा।

कार्यक्रम के अंत में सभी को आयुर्वेदिक काढ़ा वितरित किया गया और तंबाकू निषेध संबंधी पर्चे बांटे गए।

# सरकारी नौकरी लगवाने के नाम 7 लाख की ठगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में सरकारी नौकरी का सपना दिखाकर एक युवक से 7 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ने पहले नौकरी दिलवाने का झांसा देकर डॉक्यूमेंट लिए, फिर अपॉइंटमेंट लेटर थमा दिया और ट्रेनिंग के नाम पर युवक को लखनऊ तक भेजा गया। तीन महीने की ट्रेनिंग के बाद घर भेज दिया गया, लेकिन न पोस्टिंग मिली और न ही पैसे लौटाए गए। जब पीड़ित ने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। अब असंध थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

असंध के फफड़ाना गांव के पीड़ित विकास ने बताया कि उसका मौसा कुलदीप उसके घर आता-जाता था और दिसंबर 2021 में उसने कहा कि वह उसे केंद्र सरकार में नौकरी लगवा देगा। इसके बदले उसने 6.5 लाख रुपए मांगे। कुलदीप ने नौकरी पक्की करने का भरोसा देकर उसका फॉर्म भिजवाया और सभी शैक्षणिक दस्तावेज भी ले गया।

# कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने जिला कार्यालय में लगाया जनता दरबार



**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर (धर्मवीर)-** -हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने यमुनानगर स्थित भाजपा कार्यालय यमुना कमल में भाजपा कार्यकताओं और आमजन की समस्याओं सुनकर समाधान किया।

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के समक्ष छछरौली अनाज मंडी के आढ़तियों कपिल मनीष गर्ग,गौरव गोयल, कल्याण सिंह, विशाल गोयल, रणबीर सिंह ने छछरौली अनाज मंडी में पेश आ रही दिक्कतों से अवगत कराया व छछरौली अनाज मंडी में किसानों की सुविधा के लिए कवर्ड शैड, पक्का फड, दुकानों के पीछे सडक,अतिरिक्त शौचालय आदि बनाने की मांग रखी। पावर हाउस के नजदीक लोगों ने सडक बनाने की मांग रखी। इसके अतिरिक्त बिजली विभाग ,नगर निगम व अन्य विभागों से संबंधित बहुत सी समस्याएं कृषि मंत्री के समक्ष रखी ।

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि भाजपा जिला कार्यालय यमुना कमल में पहुंचकर समस्याएं सुनने का मुख्य उद्देश्य है भाजपा पार्टी,जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना, ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सके। लोगों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनकर उनका समाधान होने से नागरिकों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए अधिकारियों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते, बल्कि वे एक ही स्थान पर अधिकारियों से सीधे संवाद कर सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### एक दिवसीय योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण जिला जेल में सम्पन्न



**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर (धर्मवीर)-** -11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिये योग थीम के अन्तर्गत एक दिवसीय योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के द्वारा जिला कारागार में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला जेल अधीक्षक विशाल छिब्बर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में भूपेन्द्र सिंह व वरूण कुमार उप अधीक्षक जेल उपस्थित रहे। योग प्रोटोकॉल का अभ्यास आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ डॉ. शिव कुमार सैनी द्वारा करवाया गया।

जिला जेल अधीक्षक विशाल छिब्बर ने कहा कि योग से शारीरिक व मानसिक लाभ प्राप्त होता है जो कि जेल में बंदियों के स्वास्थ्य के लिए काफी लाभदायक है। डॉ. शिव सैनी के द्वारा योग प्रोटोकॉल में ग्रीवा चालन, स्कन्द चालन, घुटना चालन, कटी चालन व अन्य योग आसनों को अभ्यास करवाया गया तथा उन्होन कहा कि सम्पूर्ण विश्व में हर बार की तरह इस बार भी अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य थीम के अन्तर्गत धूमधाम से मनाया जाएगा। हम सभी को योग को जीवन का एक अहम हिस्सा बना लेना चाहिए। इस कार्यक्रम में 550 पुरुष बन्दी 22 महिला बन्दिनियों व 16 जेल अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

इस दौरान मौके पर रमेश कुमार उप सहायक अधीक्षक, रणदीप राणा उप सहायक अधीक्षक, जेल स्टाफ से दारा सिंह व संजय सिंह एवं आयुष योग सहायक सोनिया चहल, दीपक बडोला आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट निशु उपस्थित रहे।

### पांच दिवसीय चरित्र निर्माण, बौद्धिक व शारीरिक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ 3

**पानीपत , (;कमाल हुसैन )** आप सभी को बड़े हर्ष के साथ सूचित किया जा रहा है कि आर्य सीनियर सेकेंडरी विद्यालय जी.टी रोड पानीपत में आर्यवीर दल की ओर से पांच दिवसीय चरित्र निर्माण, बौद्धिक व शारीरिक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ 31मई से कर दिया गया है जिसका समापन 4 जून 2025 को किया जाएगा। इसमें बच्चों को अनेक प्रकार के व्यायाम, जैसे :- सर्वांग सुंदर व्यायाम, लाठी चलाना, भिन्न-भिन्न प्रकार की दंड बैठक लगाना , स्तूप बनाना, योगाभ्यास आदि अनेक प्रकार की क्रियाएं कराई जाएगी। व्यायाम के साथ-साथ बच्चों को वैदिक विद्वानों द्वारा वैदिक संस्कृति और संस्कारिक शिक्षा भी प्रदान की जाएगी। उद्घाटन के अवसर पर विद्यालय के प्रिंसिपल श्री मनीष घनघस जी,राजेश आर्य जी मंडल पति , सुनील बत्रा मंत्री, सौरभ आर्य उप मंडल पति, अशोक वर्मा उप मंडल पति,अशोक अरोड़ा कोषाध्यक्ष , अचार्य राजकुमार, आचार्य प्रेमपाल जी,सुरेश आर्य, पंडित अशोक कुमार आर्य, हरीश वर्मा नगर नायक,संदीप आर्य, शेखर आर्य व्यायाम शिक्षक आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# छछरौली का बालकुंज में बच्चों के लिए किया आटे व गेहूं का दान



**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर (धर्मवीर)-**
बजट की कमी से जूझ रहे छछरौली बालकुंज में समाजसेवी एडवोकेट हरप्रीत सिंह ने अपने साथियों सहित गेहूं और आटा दान किया।

आपको बता दे छछरौली बालकुंज में निसहाय बच्चों और लड़कियों का पालन पोषण किया जाता है। 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को आवास और शिक्षा मुफ्त उपलब्ध की जाती है।

एडवोकेट हरप्रीत सिंह ने बताया कि समाज के लोगों को बढ़-चढ़कर असहाय और अनाथ बच्चों की देखभाल का जिम्मा मिलजुल कर उठना चाहिए। उन्होंने अपने साथियों सहित आज बल कुंज की गेहूं और आटे से सहायता की है वह आगे भी इसी प्रकार इस संस्थान की सेवा करते रहेंगे आज उनके साथ मुकेश गर्ग हरकीरत सिंह मास्टर त्रिलोक सिंह सुरजीत सिंह बलौली आदि साथी उपस्थित रहे।

# रात्रि ठहराव के दौरान तेपला में एडीसी ने ने सुनी लोगों की समस्याएं

**रात्रि ठहराव**

**सरकार के दिशा-निदेर्शानुसार प्रत्येक माह रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है :अतिरिक्त उपायुक्त**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** अतिरिक्त उपायुक्त डा. ब्रहमजीत ने तेपला गांव के सामुदायिक भवन में आयोजित रात्रि ठहराव कार्यक्रम में तेपला गांव के साथ-साथ आस पास के गांव के लोगों की समस्याओं को सुनने का काम किया। इस मौके पर 25 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई जिसे सम्बन्धित विभागों को मार्क करते हुए उसका निदान करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर उनके साथ एसडीएम विनेश कुमार, आरटीए सुशील कुमार, डीएसपी बराड़ा सुरेश कुमार, सीईओ जिला परिषद गगनदीप, भाजपा पदाधिकारी जसमेर राणा, जिला महामंत्री कर्मचंद गोल्डी विशेष तौर पर मौजूद रहे। यहां पहुंचने पर गांव की सरपंच गगनदीप कौर व अन्य ग्रामीणवासियों ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर व फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर गांव के सरपंच गगनदीप कौर के पति नरेन्द्र सिंह ने मुख्य अतिथि का यहां पहुंचने पर स्वागत किया और गांव में हुए विकास कार्यों बारे उन्हें जानकारी दी। उन्होंने इस मौके पर यह भी बताया कि गांव तेपला का अम्बाला जिला में महत्वपूर्ण स्थान है। इस गांव के अधिकतर युवा सेना में भर्ती होकर देश की सेवा भी कर रहे हैं।

रात्रि ठहराव कार्यक्रम के तहत गांव तेपला की गुरदेवी ने बुढापा पैंशन लगवाने बारे, अजय कुमार ने सफाई कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने बारे, गुरदयाल सिंह ने बीपीएल कार्ड कटने बारे एवं फैमिली आईडी में इनकम ठीक करवाने बारे, टींकू व सतीश कुमार ने फैमिली आईडी में इनकम ठीक करवाने बारे, गांव पिलखनी से आए सरपंच व अन्य ग्रामीणों ने पिलखनी से बस चलवाने बारे, गांव तेपला के सेवा राम ने एनएच 44 पर बंद पडी स्ट्रीट लाईटें ठीक करवाने बारे, गांव तेपला के बलजीत कौर व अन्य ने गांव की फिरनी पर बने नाले को ठीक करवाने बारे, पूर्ण चंद ने पेयजल की समस्या बारे, स्वर्ण कौर ने राशन कार्ड बनवाने बारे, गांव अकबरपुर से संजीव कुमार ने सरकारी योजना के तहत कन्यादान की राशि दिलवाने बारे, तेपला के मुकेश कुमार ने घर की छत ठीक करवाने बारे अपनी-अपनी शिकायतें लिखित प्रार्थना पत्र के माध्यम से अतिरिक्त उपायुक्त के समक्ष रखी। इसके साथ-साथ अन्य ग्रामीणों ने भी अपनी समस्याओं का निवारण करने बारे अपनी समस्याएं रखी।

अतिरिक्त उपायुक्त ने इस मौके पर बताया कि सरकार के दिशा-निदेर्शानुसार प्रत्येक माह रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। रात्रि ठहराव कार्यक्रम को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य यही है कि लोगों के घर-द्वार पर आकर उनकी समस्याओं का मौके पर ही निपटान किया जाए। रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान विभागों के विभागाध्यक्ष मौजूद रहते हैं और उन्हें मौके पर ही शिकायत मार्क करते हुए उसका निपटान करने बारे निर्देश दिए जाते हैं।

# विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित




**टीम एक्शन इंडिया**
**कुरुक्षेत्र (प्रदीप कुमार)**
नशा मुक्त होगा हरियाणा अर मिलकर सारे जोर लगाना। इस नारे के साथ आज विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा प्रयास फाउंडेशन के साथ मिलकर नशे के विरुद्ध 450 वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 5 देवीदासपुरा में हुआ। विद्यालय की प्राचार्या सुनीता की अध्यक्षता में 524 विद्यार्थियों, 40 शिक्षकों और 5 अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया। साइकिल पर हरियाणा के गाँव गाँव में नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत सन्देश दे रहे ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल से विद्यालय पहुंचे। प्रयास फाउंडेशन के प्रधान नरेश सैनी, सचिव कुलदीप सिंह और कार्यक्रारिणी सदस्य कर्म चंद ने विशेष रूप से कार्यक्रम में सहभागिता की। सर्वप्रथम प्रयास के प्रधान नरेश सैनी ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया और कहा कि नशे से स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह, भापुसे के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित हांडा, भापुसे और पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुड़ी कुमार के नेतृत्व में नशे को समूल नष्ट करने का कार्य युद्ध स्तर पर है। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि आज विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर सभी को नशे से दूर रहने का संकल्प लेकर स्वस्थ और सुखी जीवन यापन करना है। नशे के दुष्प्रभावों के बारे विस्तार पूर्वक समझाया और कहा कि कोई भी व्यक्ति नशेड़ी नहीं बनना चाहता लेकिन नशे का शौंक उसे नशेड़ी बना देता है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर अथवा 1933 पर अथवा टअठअर पर नशे के विरुद्ध गुप्त सूचनाएं देकर सच्चे नागरिक का कर्तव्य निर्वहन कर सकता है। कार्यक्रम में शपथ ग्रहण करवाई गयी।

तत्पश्चात विद्यार्थियों के साथ प्रयास फाउंडेशन और एनसीबी ने नशे के विरुद्ध पैदल जागरूकता यात्रा निकाल कर लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के ठीक सामने एक दुकानदार तम्बाकू उत्पाद बेच रहा था उसको चेतावनी देकर छोड़ा कि भविष्य में तम्बाकू उत्पाद और नशीला पदार्थ न रखे और न बेचे। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या सुनीता ने डॉ. अशोक कुमार वर्मा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए कहा कि यह एक बहुत ही सराहनीय कार्य है। इस अवसर पर शिक्षक अनिल कुमार ने विशेष सहयोग किया।

# डीएवी स्कूल के छात्रों ने वुशु चैंपियनशिप मे विजय पताका लहराई



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** डीएवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, अंबाला शहर के छात्र न केवल शैक्षणिक क्षेत्र मे अपने झंडे गाढ़ते है बल्कि समय-समय पर खेलों मे भी अपनी विजय पताका लहराते रहते है। 27वां सब-जूनियर पंजाब राज्य वुशु चैंपियनशिप 2025 भटिंडा के सिल्वर ओक स्कूल मे आयोजित किया गया। यह प्रतियोगिता 17 मई से 19 मई तक चली। जो लड़कों व लड़कियों दोनों के लिए थी। इस प्रतियोगिता मे विद्यालय की एकम कौर ने (56 किलो भार) मे ब्रॉन्ज मैडल प्राप्त किया व विद्यालय तथा अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। तीसरा हरियाणा राज्य सब जूनियर वुशु चैंपियनशिप 2025 स्पोर्ट्स एसोसिएशन हरियाणा के अंतर्गत वुशु स्पोर्ट्स जिला एसोसिएशन झज्जर मे 9 मई से 11 मई तक आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता मे विद्यालय की कक्षा छठी की दीपिका ने (26 किलो भार) मे ब्रॉन्ज मैडल व कक्षा छठी की प्रतीक्षा ने (56 किलो भार) मे हिस्सा लेकर अपने माता-पिता व विद्यालय का नाम रोशन किया व वुशु कोच श्रीमती नीलम के निरीक्षण मे अभ्यास किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ आर आर सूरी जी ने प्रतिभागियों व कोच श्रीमती नीलम को बहुत बहुत बधाई दी व छात्रों को सम्बोधित किया कि स्वस्थ शरीर मे ही स्वस्थ मन का निवास होता है और हम अपने शरीर को खेलों से व व्यायाम से ही स्वस्थ रख सकते है। पढाई के साथ-साथ खेलकूद भी जीवन मे अनिवार्य है। छात्रों को खेलों में भी अपनी रूचि जागृत करनी चाहिए।

## संपादकीय

# जब खबरें बनती हैं हथियार

युद्ध का समय हमेशा से मानव इतिहास का सबसे तनावपूर्ण और संवेदनशील दौर रहा है। जब दो देशों के बीच टकराव चरम पर होता है, तब सिर्फ हथियारों की ही नहीं, बल्कि सूचनाओं की भी लड़ाई लड़ी जाती है। प्रोपेगेंडा और झूठी खबरें इस संघर्ष का एक अनिवार्य हिस्सा बन जाती हैं। यह स्थिति विशेष रूप से भारत और पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देशों के बीच युद्ध के समय अत्यंत जटिल हो जाती है।

**यह प्रोपेगेंडा क्यों खतरनाक है**

युद्ध के दौरान फैलाई गई झूठी खबरें न केवल सैनिकों और आम नागरिकों की सुरक्षा को खतरे में डालती हैं, बल्कि समाज में भय और नफरत का भी प्रसार करती हैं। यह न केवल जनता की भावनाओं को भड़काती है, बल्कि सच्चाई की नींव को भी कमजोर करती है। कई बार युद्ध के मैदान से बहुत दूर बैठे लोग भी इन झूठी खबरों के शिकार बन जाते हैं और इससे राष्ट्र की एकता और संप्रभुता को भारी क्षति पहुँचती है।

**इतिहास के सबक**

1965, 1971 और कारगिल युद्ध के दौरान भी दोनों देशों ने प्रोपेगेंडा का भरपूर उपयोग किया था। पाकिस्तान ने 1965 में अपने 'ऑपरेशन जिब्राल्टर' को लेकर भारतीय क्षेत्र में असंतोष फैलाने की कोशिश की थी, जबकि 1971 के युद्ध में भारत ने रेडियो और प्रिंट मीडिया के जरिए अपने सैनिकों और जनता में आत्मविश्वास बनाए रखा। कारगिल युद्ध में भी फर्जी तस्वीरें और विकृत आंकड़े दोनों ओर से साझा किए गए थे।

**कैसे फैलता है प्रोपेगेंडा**

आज की डिजिटल दुनिया में सोशल मीडिया, वॉट्सएप, यूट्यूब और फेक न्यूज वेबसाइट्स के जरिए अफवाहें तेजी से फैलती हैं। फर्जी वीडियो, फोटोशॉप की गईं तस्वीरें और झूठे दावे किसी भी घटना को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत कर सकते हैं। ऐसे में एक साधारण व्यक्ति के लिए यह पहचानना मुश्किल हो जाता है कि क्या सच है और क्या झूठ।

**जिम्मेदार नागरिक की भूमिका**

युद्ध के समय एक जागरूक और जिम्मेदार नागरिक होना अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमें हर सूचना को बिना जांचे-परखे साझा करने से बचना चाहिए। विश्वसनीय समाचार स्रोतों पर ही भरोसा करें और हर खबर की पुष्टि करें। अगर कोई संदेश या वीडियो संदिग्ध लगे, तो उसे आगे न बढ़ाएं।

**प्रोपेगेंडा की मनोवैज्ञानिक चालें**

प्रोपेगेंडा का असर केवल सूचना पर ही नहीं, बल्कि लोगों के मानसिक ढांचे पर भी पड़ता है। युद्ध के दौरान डर, असुरक्षा और घृणा जैसी भावनाओं का अधिकतम लाभ उठाया जाता है। यह न केवल समाज को विभाजित करता है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी गंभीर असर डालता है।

**सरकार और मीडिया की जिम्मेदारी**

सरकार और मीडिया की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे जनता को सटीक और प्रमाणिक जानकारी तक पहुंचाएं। प्रेस की स्वतंत्रता का सम्मान करते हुए, झूठी खबरों और प्रोपेगेंडा के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। मीडिया को भी यह समझना चाहिए कि उनकी जिम्मेदारी केवल खबर देना ही नहीं, बल्कि खबर की सच्चाई को बनाए रखना भी है। आज जब सूचनाएं मिनटों में दुनिया भर में फैलती हैं, तब डिजिटल साक्षरता की महत्ता और बढ़ जाती है। आम नागरिकों को यह सिखाना जरूरी है कि वे किस तरह से फर्जी खबरों की पहचान कर सकते हैं और उन्हें कैसे रोका जा सकता है। इसके लिए स्कूलों, कॉलेजों और सामुदायिक केंद्रों में नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाने चाहिए।

# आतंकवाद के खिलाफ बड़ा प्रहार था ऑपरेशन ब्लू स्टार



**डॉ घनश्याम बादल**

"खैर, आशा के विपरीत यह संघर्ष 4 दिन चला और इस संघर्ष का नतीजा स्वर्ण मंदिर परिसर से ट्रकों में भरी हुई लाशों के रूप में बाहर आया । तब अंदेशा यह भी लगाया गया था कि स्वर्ण मंदिर से जिस प्रकार से काला धुआं ऊपर उठकर आया था उससे यह आशंका लगी थी की स्वर्ण मंदिर परिसर के अंदर भी आतंकवादियों ने अपने मृतक साथियों को जलाया था । अंतिम दिन अकाल तख्त के गर्भगृह से जनरल सिंह भिंडरावाला, शाह बेग, भाई अमरीक सिंह समेत कितने ही लोगों की लाश मिलीं । अभियान के दौरान किसी प्रकार से अपने कितने ही सैनिक शहीद होने के बाद भी सेना के जवान उस समय के अकाल तख्त के जत्थेदार गुरचरण सिंह टोहरा, संत हरचंद सिंह लोंगोवाल एवं बीवी अमृतकौर को किसी प्रकार से बाहर निकालने में सफल हो गए थे"

**इस** समय देशभर में ही नहीं अपितु विदेशों में भी भारत सरकार तथा सेना द्वारा लांच किए गए ऑपरेशन सिंदूर की धमक है। आतंकवाद के विरुद्ध भारतीय सेना ने जिस तरह का शौर्य एवं पराक्रम तथा सरकार ने जो कूटनीति दिखाई है वह प्रशंसनीय होने के साथ-साथ सबसे चर्चित बिंदुओं में से एक है ।

लेकिन ऐसा नहीं है कि भारत में पहली बार आतंकवाद पर इतना बड़ा प्रहार किया हो आजादी के समय से ही भारत को कभी प्रत्यक्ष तो कभी परोक्ष आतंकवाद एवं उग्रवाद का सामना करना पड़ा है और हर बार उसका फन कुचला भी गया है।

अब से ठीक 41 साल पहले 3 जून 1984 को भारत की संप्रभुता के खिलाफ खड़े हुए उग्रवादी आंदोलन को कुचलने ऑपरेशन ब्लू स्टार लॉन्च किया गया था।

इस ऑपरेशन में स्वर्ण मंदिर परिसर में भारतीय सरकार के आंकड़ों के अनुसार 493 उग्रवादी मारे गए थे तथा सेवा के 83 जवान भी शहीद हुए थे जबकि दूसरे स्रोत लगभग 500 श्रद्धालु एवं इससे कहीं अधिक उग्रवादियों के मारे जाने की तस्दीक करते हैं।

ऑपरेशन ब्लू स्टार को याद करने से पहले जरूरी है कि उसे समय के पंजाब के तात्कालिक हालात पर भी नजर डाली जाए ।

1974 से शुरू हुआ यह वह दौर था जब देशभर में इंदिरा गांधी के नेतृत्व में चल रही कांग्रेस सरकार के विरोध में सारा विपक्ष लामबंद होकर आंदोलनरत था । इमरजेंसी के दौर में इंदिरा एवं कांग्रेस का विरोध करने वाले लोगों को प्रताड़ित किया जाना आम बात थी । संजय गांधी का वर्चस्व लगातार बढ़ता जा रहा था और उनके ही सबसे लोगों में से एक था जनरैल सिंह भिंडरावाला ,जिसे सियासत पंजाब से अकाली दल का सफाया करने के लिए पूरा समर्थन दे रही थी । तब शायद उन्हें यह पता नहीं था की गलत तत्वों को संरक्षण देने का नतीजा क्या निकलता है ।

धीरे-धीरे भिंडरावाला इतना उच्छ्रंखल हो गया कि खालिस्तान के नाम पर पंजाब को हिंदुस्तान से अलग एक देश के रूप में देखने के सपने पालने लगा । उसके साथ खालिस्तानी समर्थक और उस जैसे ही उग्र विचारों के नवयुवक जुड़ते गए और एक दिन वह आया कि भिंडरावाला न अकालियों के काबू का रहा और न कांग्रेस के । उसके नेतृत्व में पंजाब दहशतगर्दी का एक बड़ा अड्डा बन गया और पाकिस्तान जैसे भारत विरोधी देश जिनमें उस समय हमारा आज का तथाकथित दोस्तअमेरिका भी शामिल था उस को संरक्षण देते हुए भारत विभाजन की योजना को हवा दे रहे थे ।

तब सिख धर्म के नाम पर एक धार्मिक उन्माद खड़ा किया गया था। हिंदुओं और सिखों को अलग-अलग बताया जाने लगा था और जब 1980 में इंदिरा गांधी के सत्ता में लौटने पर यें तत्व और भी उग्र हो गए तब अफवाहों की मानें तो केंद्र सरकार को रूस के गुप्तचर संगठन के जी बी से सूचना मिली कि यदि तुरंत प्रभाव से कुछ नहीं किया गया तो जल्दी ही एक अलग सिख राष्ट्र की घोषणा कर दी जाएगी और पाकिस्तान व अमेरिका परस्त देश उसे तुरंत मान्यता दे देंगे ।

ऐसे हालातों में भारत का विभाजन नहीं रोका जा सकता था और पाकिस्तान के 1971 में हुए विभाजन का बदला भारत के विभाजन के रूप में इतिहास में दर्ज हो जाता। यह वह दौर था जब पूरी दुनिया दो गुटों में बैठी हुई थी और भारत रूस के साथ था।

इंदिरा गांधी 1977 की हार का स्वाद चखने के बाद 1980 में सत्ता में लौटी थी और फिर हारने का जोखिम नहीं लेना चाहती थी । ऐसे में उन्हें 1971 में पाकिस्तान विभाजन से मिली सहानुभूति की लहर से मिली जीत भी शायद याद आई होगी और 2 जून की रात उन्होंने अपने राष्ट्र के नाम संबोधन में घोषणा कर दी कि पंजाब में फैले आतंकवाद को नेस्तनाबूद करने की घड़ी आ गई है।

3 जून 1984 की सुबह पूरे पंजाब में अमृतसर एवं स्वर्ण मंदिर सहित लगभग 70 हजार की संख्या में फौज भेज दी गई । तत्कालीन राज्यपाल भैरव दत्त पांडे ने केंद्र से राज्य में फौजे भेजने की अनुशंसा पहले ही कर दी थी । राज्य में कर्फ्यू लगा दिया गया कश्मीर से राजस्थान तक की सीमाएं सील कर दी गई अर्ध सैनिक सुरक्षा बलों को भी सजग कर दिया गया और अकाल तख्त में छिपे हुए जनरल सिंह भिंडरावाला अमरीक सिंह एवं शाह बेग सहित आतंकवादियों को घेरने, पकड़ने या मार डालने के लिए स्वर्ण मंदिर के चारों तरफ टैंकों से घेराबंदी कर ली गई। शुरू में सेना का मानना था कि आतंकवादी बहुत ज्यादा प्रतिरोध नहीं कर पाएंगे एवं सेना से डर कर स्वयं बाहर आ जाएंगे लेकिन बार-बार चेतावनी के बावजूद भी आतंकवादियों ने समर्पण करने की बजाए सेना पर ही गोलीबारी शुरू कर दी । जवाबी कार्यवाही सेना की तरफ से भी हुई और उस समय प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पहली जो टुकड़ी स्वर्ण मंदिर में गई थी वह पूरी की पूरी खत्म कर दी गई थी, अब इसमें कितना सच है यह नहीं कहा जा सकता।

खैर, आशा के विपरीत यह संघर्ष 4 दिन चला और इस संघर्ष का नतीजा स्वर्ण मंदिर परिसर से ट्रकों में भरी हुई लाशों के रूप में बाहर आया । तब अंदेशा यह भी लगाया गया था कि स्वर्ण मंदिर से जिस प्रकार से काला धुआं ऊपर उठकर आया था उससे यह आशंका लगी थी की स्वर्ण मंदिर परिसर के अंदर भी आतंकवादियों ने अपने मृतक साथियों को जलाया था । अंतिम दिन अकाल तख्त के गर्भगृह से जनरल सिंह भिंडरावाला, शाह बेग, भाई अमरीक सिंह समेत कितने ही लोगों की लाश मिलीं ।

अभियान के दौरान किसी प्रकार से अपने कितने ही सैनिक शहीद होने के बाद भी सेना के जवान उस समय के अकाल तख्त के जत्थेदार गुरचरण सिंह टोहरा, संत हरचंद सिंह लोंगोवाल एवं बीवी अमृतकौर को किसी प्रकार से बाहर निकालने में सफल हो गए थे। ऑपरेशन ब्लू स्टार खत्म हो गया लेकिन इससे सिक्खो के मन में जो आक्रोश पैदा हुआ वह लंबे समय तक चला और किसी हद तक आज भी है ।

वह आक्रोश कितना जबरदस्त था इससे पता चलता है कि 7 जून को समाप्त हुए ऑपरेशन ब्लू स्टार के लगभग साढ़े 4 महीने बाद ही इंदिरा गांधी के निजी सुरक्षाकर्मियों सतवंत सिंह एवं बेअंत सिंह ने अपने साथियों के साथ इंदिरा गांधी की नृशंस हत्या कर दी थी ।

अब यह कहना की ऑपरेशन ब्लू स्टार कितना जायज या नाजायज था पुनः एक विवाद को ही जन्म देना होगा ।

हां, ऑपरेशन ब्लू स्टार के बाद भी इस बात पर बहुत बहस हुई कि क्या इसका कोई दूसरा विकल्प नहीं हो सकता था ? क्या स्वर्ण मंदिर की पवित्रता को खंडित किए बगैर, सिखों के मन को आहत किए बगैर क्या आतंकवादियों को वहां से नहीं निकाला जा सकता था ? अभी तो देश ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से झूम रहा है सरकार और सत्ताधारी दल राजनीतिक श्रेय लेने में जुटे हैं वहीं विपक्ष मीन में एक निकालकर कुछ हासिल करना चाहता है मगर एक महाप्रश्न कल भी था और आज भी है कि आखिर कब तक भारत आतंकवाद का निशाना बना रहेगा और इसे जड़ से समाप्त करने में और कितनी जानें जाएंगी।

**(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं )**



## कविता

**सरहद**

"वीर हो तुम अपनी
वीरता दिखाओ
युद्ध में साहस का
परिचय तुम दिखाओ।
जब समय की माँग
हो रौद्र रूप तुम
दिखाओ।
दुश्मनों के घर में घुस
के चीर के दिखाओ।
वीर हो तुम
...............।
घर बार सब भुला
कर युद्ध तुम करो
भय अपना शत्रुओं के
ह्रदय में भरो
जाओ पड़ोस में रक्त
की होली खेल कर
आओ।
वीर हो तुम..........।
कश्मीर है हमारा ये
जानते है हम
धड़कन है हमारी ये
मानते है हम
हिम्मत है गर किसी
में हमसे छीन के
दिखाओ।
वीर हो तुम.......।
तुम प्राण दोगे तो
उसकी गवाह पीढ़ियां
होगी
वैकुण्ठ के हरि
चरणों में सब की
जगहे होगी
जाओ राक्षसो का
पहले तुम वध करके
आओ।
वीर हो तुम......



सुकुल शर्मा

## मातृ- पितृ प्रथम गुरु भगवन तुल्य

**सुरेश सिंह बैस "शाश्वत"**

मातृ पितृ दिवस जिसे मातृ पितृ पूजन दिवस भी कहा जाता है। इस दिन सभी धर्मों के बच्चे अपने माता-पिता की पूजा करते हैं और उन्हें तिलक, माला चढ़ाकर उनका आशीर्वाद लेते हैं। इसे कई लोग परिवार के सदस्यों के बीच बंधन को मजबूत करने और बच्चों में सम्मान, आज्ञाकारिता और विनम्रता जैसे अच्छे मूल्यों को आत्मसात करने के तरीके के रूप में देखते हैं। लोक निर्देश निदेशालय के अनुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश में प्रत्येक वर्ष 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे के स्थान पर माता-पिता पूजा दिवस के रूप में मनाया जाता है। माता-पिता को स्कूलों में आमंत्रित किया जाता है । जहां उनको पुष्पा हार पहनाकर चरण स्पर्श और मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया जाता है। संयुक्त राष्ट्र दुनिया भर में सभी माता-पिता को सम्मानित करने के लिए हर साल एक जून को वैश्विक मातृ-पितृ दिवस मनाता है। भारतीय संदर्भ में पौराणिक काल में श्रवण कुमार का उदाहरण स्वर्ण अक्षरों में अंकित है,जो युगो युगो से माता पिता के प्रति संतान का दायित्व और माता पिता की महत्ता को सर्वोत्तम रूप से महिमामंडित करता है। श्रवण कुमार अपने अंधे माता पिता को अपने कंधों में रखे कांवर में बिठाकर पैदल ही तीर्थ यात्रा और माता पिता की सेवा के लिए अथक परिश्रम करते हैं। ऐसी संतान पाकर माता-पिता भी कृत कृतार्थ हो जाते हैं। अगर श्रवण कुमार नहीं होते तो शायद रामायण भी रामायण नहीं होती। रामायण की कथा के मूल में श्रवण कुमार ही तो हैं। श्रवण कुमार का रामायण की कथा से बहुत ही गहरा महत्वपूर्ण संबंध है। जब भगवान राम के पिता महाराज दशरथ ने जंगल में आखेट के समय धोखे से श्रवण कुमार पर शब्दभेदी बाण चला दिया, जिससे श्रवण कुमार की मृत्यु हो जाती है। मृत्यु पूर्व श्रवण कुमार अपने माता पिता को लेकर काफी व्यथित होते हुए महाराज दशरथ को यह? श्राप दे देते हैं कि तुम भी अपनी संतान के वियोग में तड़पोगे और मृत्यु को प्राप्त होगे राजन,जैसे कि आज मेरे मृत्यु पश्चात मेरे माता-पिता भी मेरे वियोग में तड़प तड़प कर जान दे देंगे।(टीपः-इस उद्धरण में कुछ मत भिन्नता है! कुछ धार्मिक ग्रंथों में राजा दशरथ को श्राप देने के विषय में अलग-अलग मत हैं, अर्थात इस मत में कहा गया है कि , पुत्र की मृत्यु हो जाने पर उसके शोक में श्रवण के माता-पिता ने राजा दशरथ को श्राप दिया था) इसी श्राप के कारण ही राजा दशरथ को अपनी प्रिय संतान श्री राम का वियोग सहना पड़ा और श्री राम भगवान को चौदह वर्ष वनवास मैं जाना पड़ा।

वे अगर बनवास ना जाते तो ना तो माता सीता का हरण होता और ना लंका युद्ध होता और न ही रावण का वध होता। और यह सब ना होता तो रामायण की कधा कैसे बनती ।खैर हम वापस वर्तमान की ओर आते हैं।

## विचार

# आतंकवाद और पीओके पर सरकार का स्पष्ट व कड़ा संदेश

**मृत्युंजय दीक्षित**

**ऑपरेशन** सिंदूर के दौरान नौ आतंकी बेस नष्ट होने पर पाकिस्तान बौखला गया। उसने आतंकवादियों पर हमले को पाकिस्तान पर हमला माना और बदला लेने के लिए अपने अमेरिकी, चीनी और तुर्की हथियारों से भारत पर हमला बोल दिया। भारत के स्वदेशी आयुधों ने पाकिस्तान को न केवल धूल चटा दी वरन उसके 11 हवाई बेस बुरी तरह से ध्वस्त कर दिए । पलटवार में मुंह की खाने पर पाकिस्तान घुटनों पर आ गया, उसके गुहार लगाने पर भारत ने पाक के सैन्य ठिकानों पर कार्यवाई कुछ समय के लिए स्थगित कर दी। इस बीच भारत ने अपने सांसदों के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों को विश्व के प्रमुख देशों में भारत का पक्ष रखने भेज दिया। ये प्रतिनिधि मंडल पूरे विश्व में आतंकवाद के विरुद्ध और भारत के पक्ष में वातावरण बना रहे हैं । इधर भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह व सेना के तीनों अंगों के प्रमुखों ने अपने अगले लक्ष्य पर काम आरम्भ कर दिया है। शीर्ष राजनैतिक और सामरिक नेतृत्व आतंकवाद के खिलाफ जारी लड़ाई को अंतिम चरण तक ले जाने के संकेत दे रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के मध्य जब अचानक संघर्ष विराम का समाचार आया तो देश के एक बहुत बड़े वर्ग में चिंता व निराशा के भाव जागृत हो गये थे। विरोधी दलों के तथाकथित नेताओं ने इसे मोदी सरकार को घेरने का अवसर मान लिया था किंतु जैसे ही प्रधानमंत्री ने राष्ट्र को संबोधित किया जनता का उत्साह वापस आ गया और विरोधी हाथ मलते रह गए। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो नीति अपनाई गई है उससे पाकिस्तान में भय तथा भ्रम की स्थिति है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और सिन्धु जल समझौते को लेकर जो रणनीति बनाई जा रही है उससे भारत के अंदर बैठे पाकिस्तानी पैरोकारों के पैरों तले जमीन खिसकती हुई दिखाई दे रही है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद से प्रधानमंत्री मोदी की जनसभाओं में अपार जनसमूह उमड़ रहा है फिर चाहे वो गुजरात हो या सिक्किम, बिहार हो या बंगाल या फिर उत्तर प्रदेश। प्रधानमंत्री मोदी जनमानस को संबोधित करते हुए रौद्र रूप में हैं और पकिस्तान के साथ साथ चीन और बांग्लादेश को भी स्पष्ट सन्देश दे रहे हैं । प्रधानमंत्री मोदी की जनसभाओं से राष्ट्रवाद की बयार बहती हुई दिख रही है, जनता में तिरंगा हाथ में लेकर उत्साह दिखा रही है। प्रधानमंत्री अपनी जनसभाओं में स्पष्ट कर चुके हैं कि, शरीर कितना ही स्वस्थ क्यों न हो लेकिन अगर एक कांटा चुभता है तो पूरा शरीर परेशान रहता है। अतः हमने तय कर लिया है कि उस कांटे को निकाल के रहेंगे। प्रधनमंत्री ने कहा कि भारत ने तीन बार पाकिस्तान को युद्ध में धूल चटाई है वह हमसे सीधा युद्ध कभी नहीं जीत सकता। वह बार -बार कह रहे हैं कि पाकिस्तान धोखे में न रहे अगर पाकिस्तान ने अब कोई गलती की तो उसे बहुत भारी से भारी कीमत चुकानी ही पड़ेगी। प्रधानमंत्री स्पष्ट कर रहे हैं अब पाकिस्तान के साथ कोई वार्ता होगी तो केवल और केवल पाक अधिकृत कश्मीर की वापसी और आतंकवाद के मुद्दे पर ही होगी। अब सिंधु नदी का जल और खून एक साथ नहीं बहेगा। प्रधानमंत्री मोदी विदेशी सामान के बहिष्कार की भी अपील कर रहे हैं। आपरेशन सिंदूर सिर्फ सेनाओं की नहीं नहीं अपितु जनभागीदीरी की भी आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने बताया कि अगर देश को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थवयवस्था बनाना है तो विदेशी सामानों का पूरी तरह से बहिष्कार होगा। प्रधानमंत्री की यह अपील अत्यंत महत्व की है अगर भारतीय जनमानस पूरी तरह से लोकल फॉर वोकल को अपना लेता है तो उससे उन सभी देशों की अर्थव्यवस्था को चरमराते देर नहीं लगेगी जो भारत को आंख दिखाते रहते हैं। अगर भारतीय समाज विदेशी समान का बहिष्कार प्रारम्भ कर देगा तो चीन सहित कई बाजार हिल जाएंगे । उधर आपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के स्वदेशी सैन्य उपकरणों तथा हथियारों ने चीन व तुर्किए सहित अमेरिका के सैन्य उपकरणों की पोल खोल दी। इसके बाद चीन के रक्षा उपकरणों की मांग में गिरावट दर्ज की गई है जबकि भारत विश्व के रक्षा बाजार में ऊंची छलांग लगाने को तैयार है। भारत में रक्षा अनुसन्धान का तेजी से विकास किया जा रहा है।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**

**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**

9999889104, 9250706656

ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# आत्मनिर्भरता स्वाभिमानी राष्ट्र का गौरव और आनंद

**संजीव**

"पराधीन सपने हूं सुख नाही"यह लोकोक्ति हर स्वाभिमानी आदमी और स्वतंत्रता प्रेमी व्यक्ति को याद रहती है। स्वावलंबन या आत्मनिर्भरता ही मनुष्य को स्वाधीन बनाने की प्रेरणा देती है। आत्मनिर्भरता की स्थिति में व्यक्ति अपनी इच्छाओं को अपनी सुविधा अनुसार पूरा कर सकता है, इसके लिए दूसरों की तरफ मुंह ताकने की जरूरत नहीं पड़ती है। आत्मनिर्भरता केवल मनुष्य के लिए व्यक्तिगत रूप से ही जरूरी नहीं है, बल्कि राष्ट्र के लिए भी अति आवश्यक है ।एक स्वतंत्र राष्ट्र अपनी जनता को अपनी क्षमता के अनुसार सारी सुविधाएं तथा अन्य जीवन उपयोगी साधन उपलब्ध करा सकता है। भारत स्वतंत्रता के बाद हरित क्रांति सातवें दशक के प्रारंभ के बाद ही खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बन सका, इसके साथ ही भारत में खुशहाली की स्वाभाविक तौर पर वृद्धि हुई, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी कहा था कि "एक राष्ट्र की शक्ति उसकी आत्मनिर्भरता में है दूसरों से उधार लेकर काम चलाने में नहीं",पाकिस्तान की स्थिति बिल्कुल ऐसी ही है वह अभी तक स्वतंत्रता के बाद से 75 वर्ष के बाद भी संपूर्ण रूप से आत्मनिर्भर नहीं हो पाया है, वह कर्जे से डूब गया है और अपने देश में खर्चा चलाने के लिए पूरी दुनिया से उधार मांगते हुए घूम रहा है।

पाकिस्तान आत्मनिर्भर नहीं होने का एवं उधार की जिंदगी जीने का एक बहुत बड़ा उदाहरण है। जबकि भारत देश विज्ञान, टेक्नोलॉजी, मेडिकल साइंस,इंजीनियरिंग और कृषि सेवा, खनिज,स्पेस रिसर्च में पूर्णता आत्मनिर्भर होकर विकसित देशों के बराबर खड़ा हुआ है। यह देशवासियों और देश के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। आत्मनिर्भरता या स्वावलंबन किसी भी देश की प्रगति विकास तथा और उसके नागरिकों की जिंदगी की जिजीविषा है जिससे वह संघर्ष कर आगे बढ़ता है। इतिहास गवाह है कि किसी भी महान लेखक को महान बनने तक निरंतर मेहनत कर किताबें लिखने का का श्रम करना पड़ा एवं आत्मनिर्भरता की स्थिति में विचार कर अपने विचारों को लिपिबद्ध करना पड़ा तब जाकर वह महानता की श्रेणी को प्राप्त कर सका।

## न जाने कितना लंबा चलेगा सिंदूर खेला

**राकेश अचल**

पाकिस्तान के खिलाफ 7मयी को शुरू हुए आपरेशन सिंदूर के बाद 10मयी को भले ही सीज फायर हो गया हो किंतु सियासी सिंदूर खेला हर दिन तेज हो रहा है. कांग्रेस समेत तमाम राजनीतिक दल और राज्य इसके शिकार हो रहे हैं.आगामी 9जून से ये सिंदूर खेला और तेज हो जाएगा.

सरकार एक ओर सेना से आपरेशन सिंदूर के ठिठकने के बाद माकड्रिल करा रही है दूसरी तरफ सियासी ड्रिल भी कर रही है. पहले सर्जिकल स्ट्राइक के बाद भाजपा ने शहीद जवानों की तस्वीरें लगाकर मैदान मारा था, वहीं अबकी पहलगाम के नागरिक शहीदों और उनकी विधवाओं की तस्वीरों से परहेज कर आपरेशन सिंदूर के लिए शुभांकर बनाई गई कर्नल सोफिया कुरेशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह की तस्वीरें और सिंदूर की डिब्बियां इस्तेमाल की जा रहीं हैं. भोपाल में प्रधानमंत्री की मौजूदगी में हो रहे महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में ये सब देखा जा सकता है. भाजपा के सिंदूर खेला को लेकर मैने पहलगाम हादसे के फौरन बाद कहा था कि सरकार और सरकारी पार्टी भाजपा आपरेशन सिंदूर को भुनाएगी. अब सिंदूर खेला पर सबसे पहले जबाबी हमला किया है तृण मूल कांग्रेस की सुप्रीमो और बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने.ममता बनर्जी ने केंद्र पर आरोप लगाते हुए कहा, ह्लकेंद्र ने विभिन्न राज्यों में आगामी चुनावों से पहले राजनीतिक लाभ लेने के लिए इस (सैन्य अभियान) का नाम ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ण रखा.ह्व बनर्जी ने कहा, ह्लमैं इस बात से निराश हूं कि मोदी ने बंगाल की आलोचना ऐसे समय में की है जब केंद्र के आतंकवाद विरोधी रुख का समर्थन करने के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों का दौरा कर रहे हैं.ह्व

ममता बनर्जी ने कहा, ह्लमोदी जी ने आज जो कहा, उसे सुनकर हम न केवल स्तब्ध हैं, बल्कि बहुत दुखी भी हैं, जब विपक्ष देश का प्रतिनिधित्व कर रहा हैङ्घउनकी मौजूदगी में उनके मंत्री ने कहा कि वे ऑपरेशन बंगाल करेंगे, ऑपरेशन सिंदूर की तरह. मैं उन्हें चुनौती देती हूं झ्र अगर उनमें हिम्मत है, तो चुनाव में उतरें, हम तैयार हैं और बंगाल आपकी चुनौती स्वीकार करने के लिए तैयार है।

## न्यूज फ्लैश

### नहर में मिला इकलौते बेटे का शव, तीन दिन से था लापता



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** शहर के रामनगर इलाके में तीन दिन से लापता युवक ललित का शव पिचौलिया हेड से बरामद हुआ। 22 साल का ललित परिवार का इकलौता बेटा था, जिसने पिता को केदारनाथ त्रासदी में खोने के बाद घर की जिम्मेदारियां संभाली थीं। मां का कहना है कि ललित खुद नहर में नहीं डूब सकता, उसके दोस्तों ने कुछ किया है, क्योंकि मेरे बेटे को तैरना ही नहीं आता था। रामनगर का रहने वाला ललित पीवीसी फिटिंग का काम करता था। 27 मई को वह घरौंडा के रहने वाले दोस्त मनोज की बाइक लेकर गया था। 28 मई को जब मनोज ने उससे बाइक के लिए फोन किया तो ललित ने उसे शाम को डबरी नहर पर बुलाया। मनोज वहां पहुंचा तो देखा कि ललित अपने दोस्तों भरत, साहिल, मिू और अन्य के साथ शराब पी रहा था। मनोज ने करीब आधे घंटे तक उसका इंतजार किया, लेकिन ललित बाइक लौटाने नहीं आया।

ललित ने मनोज को फोन कर कहा कि वह 10 मिनट में मिलेगा, लेकिन उसके बाद उसने न फोन उठाया और न मिला। अगले दिन मनोज की बाइक नहर किनारे लावारिस हालत में मिली, लेकिन न ललित का कोई सुराग लगा और न ही उसके दोस्तों का। इसके बाद ललित की मां ने तुरंत गोताखोर प्रगट सिंह को बुलाया। टीम ने लगातार सर्च अभियान चलाया और आज तीन दिन बाद पिचौलिया हेड पर ललित का शव बरामद किया गया।

ललित की मां का कहना है कि उसके बेटे को उसके दोस्तों ने डुबोया है। ललित को तैरना नहीं आता थाए वह नहर में क्यों उतरेगा। मैंने पड़ोस में रहने वाले भारत को भी कॉल किया था और उससे अपने बेटे के बारे में पूछा था तो उसने साफ मना कर दिया था कि उसे ललित के बारे में कुछ भी नहीं पता था। लेकिन जब ललित का दोस्त मनोज ललित से बाइक लेने नहर पर पहुंचा था तो उसने साहिल, भारत और मिू को ललित के साथ देखा था। ऐसे में पूरा शक है कि इन्हीं लोगों ने ललित के साथ कोई वारदात की है। जांच अधिकारी गुरजीत सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। युवक के दोस्तों की तलाश की जा रही है। उनके मिलने के बाद ही साफ होगा कि ललित की मौत कैसे हुई। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

### नशा मुक्ति अभियान के तहत स्कूली बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली



**नूंह मेवात (लियाकत अली ) :** शनिवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पिनगवां के छात्रों द्वारा नशा मुक्ति अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से जागरूकता रैली निकाली गई। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रांगण से शुरू हुई रैली नगीना – पुन्हाना मुख्य मार्ग पर होते हुए करीब 1 किलोमीटर की यात्रा स्कूल प्रांगण में आकर ही समाप्त हुई। इस दौरान छात्रों ने हाथों में स्लोगन लिखे हुए पोस्टर व बैनर इत्यादि लेकर लोगों को जागरूक किया। इस दौरान बच्चों ने नशा छोड़ने के लिए नारे भी बनाए।

इस जागरूकता रैली को सफल बनाने के लिए स्थानीय थाना प्रबंधक सुभाष चंद व उनकी टीम का सराहनीय योगदान रहा। इसके अलावा जिला नशा मुक्ति टीम के सदस्य वरिष्ठ पत्रकार कासिम खान, सदस्य इमरान इंदाना समाजसेवी के अलावा शहर के गर्ल्स स्कूल प्रिंसिपल गिरिज प्रसाद पिनगवां, इसराइल प्रिंसिपल बाल पिनगवां के अलावा कस्बे व आसपास के गांव के गणमान्य लोगों ने भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर सुभाष चंद थाना प्रबंधक, प्रिंसिपल इसराइल एवं छात्रों ने कहा कि नूंह जिले में पिछले कुछ सालों में तेजी से नशा बढ़ा है। इस नशे को रोकने के लिए जागरुकता जरूरी है। इसीलिए पुलिस विभाग की टीम समय – समय पर लोगों को जागरुक करती रहती है। इसके अलावा स्कूलों में भी जागरूकता अभियान चलाए जाते रहे हैं। इसी के तहत शनिवार को पिनगवां कस्बे में जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें अध्यापक गणों के अलावा सैकडों छात्रों, पुलिस विभाग के अधिकारियों, नशा मुक्ति टीम के सदस्यों के अलावा गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

सबसे खास बात यह रही कि नशा मुक्ति अभियान को आगे बढ़ा रहे एसपीओ उमर मोहम्मद ने जब स्कूल में बच्चों को नशे के प्रति जागरूक किया तो कुछ बच्चों ने अपने परिवार में अभिभावकों के नाम भी नोट कराए ताकि उनका नशा समय रहते छुड़वाया जा सके।

# लिबर्टी शूज मालिक शम्मी बंसल को केंद्र सरकार में मिली जिम्मेदारी

## उद्योग मंत्रालय में मेंबर बने बंसल, मेरा जूता हिंदुस्तानी से भारतीय जूतों को ब्रांड बनाया

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** करनाल में लिबर्टी शूज कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर शम्मी बंसल को केंद्र की मोदी सरकार में जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत फुटवियर एवं चमड़ा क्षेत्र विकास परिषद का सदस्य नियुक्त किया गया है। बंसल इससे पहले हरियाणा स्टेट इंडस्ट्रियल एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन में डायरेक्टर के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उनका अमेरिका, यूरोप, अफ्रीका समेत कई देशों में कारोबार है।

शम्मी बंसल 1990 में लिबर्टी के निदेशक मंडल में शामिल हुए और 1 जून 1995 को कंपनी के कार्यकारी निदेशक बने। उनके



पास 3 दशक से अधिक का अनुभव है, खासकर गुणवत्ता नियंत्रण और चमड़े के जूते के उत्पादन में। उनके नेतृत्व में मेरा जूता हिंदुस्तानी जैसे अभियानों के जरिए स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा मिला और ग्राहकों के बीच भारतीय ब्रांड की पहचान मजबूत हुई।

शम्मी बंसल हरियाणा स्टेट इंडस्ट्रियल एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन में स्वतंत्र निदेशक के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इससे पहले भी वह विभिन्न मंचों पर उद्योग विकास से जुड़ी नीतियों में भागीदारी निभा चुके हैं। विदेशों में बसे भारतीय उद्योगपतियों और लिबर्टी से जुड़े लोगों ने भी इस पर खुशी जाहिर की है।

केंद्र सरकार ने जिस विश्वास के साथ यह जिम्मेदारी बंसल को सौंपी है, उससे यह स्पष्ट है कि उनकी योग्यता और अनुभव को राष्ट्रीय स्तर पर महत्व दिया गया है। जूता-चमड़ा उद्योग के साथ-साथ अन्य इंडस्ट्री को भी इससे नई ऊर्जा मिलेगी। शम्मी बंसल की मेहनत और समर्पण से करनाल ही नहीं, बल्कि भारत के अन्य शहरों में भी इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट को रफ्तार मिलेगी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हरियाणा के करनाल के रहने वाले पीडी गुप्ता और डीपी गुप्ता ने साल 1944 में कमेटी चौक पर एक जूते की दुकान खोली। चार जोड़ी जूतों के साथ उन्होंने शुरुआत की। पाल बूट हाउस नाम से उन्होंने दुकान खोली। साल 1954 में गुप्ता भाइयों को अपने भांजे राजकुमार बंसल का साथ मिला। राजकुमार ने कारोबार को बढ़ाने का पूरा रोडमैप तैयार कर लिया। जूते हाथ से बनाने के बजाए उसके लिए मशीनें खरीदी। मशीनों की मदद से तेजी से जूते बनने लगे। उन्होंने जूतों को नाम देना शुरू किया। लिबर्टी शूज के नाम से कंपनी की नींव रखी।

## पड़ोसियों ने ऑटो में लगाई आग



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिले के रांवर गांव में बीती आधी रात में पड़ोसियों ने पेट्रोल डालकर ऑटो में आग लगा दी। ऑटो मालिक की पड़ोसियों के साथ मामूली बात को लेकर कहासुनी हुई थी। इसके बाद आरोपियों ने उसकी आंखों के सामने ऑटो को जला दिया, लेकिन वह चाहकर भी कुछ नहीं कर सका। घटना के बाद से पीड़ित का परिवार सदमे में है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव रांवर के रहने वाले ऑटो मालिक राजबीर ने बताया कि शुक्रवार की रात करीब साढ़े 9 बजे उसकी गांव के ही सागर और शेखर नाम के युवकों से मामूली कहासुनी हो गई थी। विवाद की वजह यह थी कि पड़ोसी ने उसके मोबाइल से ऑनलाइन पैसे निकाल लिए थे, जिसकी पूरी डिटेल उसके पास मौजूद है। इसी बात पर गुस्साए आरोपियों ने पहले तो गाली-गलौज की, फिर रात ढाई बजे आरोपियों एक कोल्ड ड्रिंक की बोतल में पेट्रोल भरकर लाए और ऑटो पर छिड़ककर आग लगा दी।

राजबीर ने बताया कि उसने साल 2023 में ऑटो खरीदा था, ताकि परिवार की जरूरतें पूरी कर सके। ऐसे में ऑटो ही उसकी रोजी-रोटी का सहारा था। अब जब ऑटो जल गया है तो उसके पास कोई और जरिया नहीं बचा। ऑटो की कीमत करीब 3 लाख रुपए थी।

## वर्ल्ड मास्टर्स गेम्स में 2025 में राजेश खन्ना ने जीता कांस्य पदक

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** वर्ल्ड मास्टर गेम्स 2025 में करनाल निवासी राजेश खन्ना ने 50.केटेगरी में 4 गुणा 400 रिले रेस में कांस्य पदक जीता। यह प्रतियोगिता ताइवान में 17 से 30 मई तक आयोजित हुई। इसमें वर्ल्ड के लगभग 130 देशो के 25 हजार खिलाडि़ों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता ओलंपिक की तरह हर चार साल में आयोजित होती है। 2021 में जापान में प्रतियोगिता का आयोजन कोरोना के कारण स्थगित हो गया था। अब 2029 में ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में प्रतियोगिता आयोजित होगी।

## राठधाना गाँव में जल्द पूरा होगा शिवरामेश्वरम धाम मंदिर का नवनिर्माण

टीम एक्शन इंडिया
सोनीपत(संजीव कौशिक)

राठधाना गाँव में धार्मिक और सांस्कृतिक एकता का अद्वितीय उदाहरण देखने को मिला जब शिवरामेश्वरम धाम मंदिर के नवनिर्माण के उपलक्ष्य में पूरे गाँव के मंदिरों से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस पवित्र अवसर पर गाँव के लोगों ने आपसी सहयोग और भक्ति भाव से लगभग 1 करोड़ रुपये का चंदा एकत्र कर मंदिर निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

कलश यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और पूरे गाँव का वातावरण भक्ति रस में डूबा रहा। इस धार्मिक आयोजन में ग्रामीणों की एकता, समर्पण और धर्म के प्रति श्रद्धा स्पष्ट रूप से दिखाई दी।



इस अवसर पर सीनियर मेयर राजीव सरोहा ने कहा, ह्यऐसे धार्मिक आयोजनों से गाँव में आपसी प्रेम और भाईचारा बढ़ता है। यह ना सिर्फ हमारी सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी धार्मिक मूल्यों से जोड़ता है।ह्न साथ ही उन्होंने बताया की मंदिर के साथ में हरिद्वार स्थित भोलेनाथ की प्रतिमा स्वरूप 71 फुट ऊंची प्रतिमा का निर्माण भी यहाँ किया जा रहा है जो भविष्य में राठधाना गाँव की अद्वितीय पहचान बनेगी।

वहीं, जिला उपाध्यक्ष प्रिंस सरोहा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा, ह्यगाँव में इस प्रकार के आयोजन समय-समय पर होते रहने चाहिए। ये कार्यक्रम हमें हमारी जड़ों से जोड़ते हैं और समाज को एकजुट करने का कार्य करते हैं। सभी ग्रामीणों को चाहिए कि ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लें। शिवरामेश्वरम धाम मंदिर का यह नवनिर्माण न केवल गाँव की धार्मिक पहचान को सशक्त करेगा, बल्कि यह स्थान आने वाले समय में क्षेत्रीय आस्था का केंद्र भी बनेगा।

इस मौके पर अत्तर सिंह, सतीश सरोहा, जिले सरोहा, क्रष्ण सरोहा, लिल्लू पंडित, मनोज सरोहा, लीला, राजू, सुमेर सरोहा आदि मौजूद रहे

## ऑपरेशन शील्ड के तहत तीन स्थानों पर हुआ नागरिक सुरक्षा अभ्यास

सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया

जिला प्रशासन द्वारा गृह मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत शनिवार को ह्यऑपरेशन शील्डह्न के अंतर्गत जिला के तीन स्थानों पर व्यापक नागरिक सुरक्षा अभ्यास (मॉक ड्रिल) का आयोजन किया गया। यह अभ्यास गांव जाजी स्थित बिजली निगम के 220 केवी सब-स्टेशन, गांव नाहरा स्थित एनपीसीएल के सीटी गेट कम मदर स्टेशन, और गांव रेवली स्थित ब्रेक पार्ट्स इंडिया कंपनी में किया गया।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि आपदा के समय नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह मॉक ड्रिल आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य नागरिक सुरक्षा तंत्र और आपातकालीन प्रतिक्रिया की कार्यक्षमता को परखना एवं सुदृढ़ करना था। उन्होंने स्वयं घटनास्थलों पर पहुंचकर हर गतिविधि का निरीक्षण किया और बताया कि ऐसे अभ्यासों से यह सीखने में मदद मिलती है कि किस स्थिति में किस प्रकार से लोगों को सुरक्षित रूप से रेस्क्यू करना है।

सांय 5:00 बजे सायरन बजने के साथ तीनों स्थानों पर अभ्यास आरंभ हुआ। सभी चिह्नित संस्थानों में मौजूद लोग तुरंत प्रभाव से बाहर आकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंच गए।

## हर नागरिक को स्वच्छता प्रहरी की भूमिका निभानी होगी: मेयर राजीव जैन

टीम एक्शन इंडिया

सोनीपत (संजीव कौशिक) नगर निगम मेयर राजीव जैन ने कहा है कि हर नागरिक को स्वच्छता प्रहरी की भूमिका निभानी होगी तभी शहर स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बन सकेगा। स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की कमान शहर की सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारिक संगठनों को संभालनी पड़ेगी।

राजीव जैन हर शनिवार स्वच्छता अभियान के तहत सफाई कार्य में कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करने वाले पश्चिमी जोन के दो



कर्मचारियों सोनिया एवं राजबीर को 1100 रुपए का नकद इनाम एवं पटका पहनाकर सम्मानित करने के बाद विचार व्यक्त कर रहे थे । उन्होंने कहा कि स्वच्छता योद्धाओं को सम्मानित करने के पीछे उद्देश्य यही है कि अन्य कर्मचारी भी अपनी ड्यूटी में किसी भी प्रकार की कोताही ना बरतें और शहर को अपना शहर मानकर सफाई पर ध्यान दें ।

सफाई अभियान महाराजा अग्रसेन चौक से सेक्टर 15 बाईपास तक तथा ककरोई चौक से सेक्टर 23 मोड़ तक चलाया गया।

उन्होंने कहा कि रेहड़ी वाले दिन भर का गंद सड़कों पर फेंक कर चले जाते हैं, दुकानदार सफाई करने के बाद कूड़ा सड़क पर छोड़ देते हैं या नाले में डाल देते हैं। आम नागरिक घर घर का कूड़ा उठाने आ रही गाड़ियों में कूड़ा डालने की बजाये चौक चौराहों पर फेंक देते हैं, इन कारणों से सफाई अभियान को झटका लगता है। उन्होंने कहा कि जल्द ही शहर की सभी संस्थाओं की बैठक कर स्वच्छता मिशन में सहयोग करने की अपील की जाएगी।

सफाई अभियान में पार्षद सुरेंद्र मदान, मुकेश सैनी, पार्षद प्रतिनिधि राजेश दहिया, मंडल अध्यक्ष राज कुमार शर्मा, सत नारायण मेहरा, नकिन मेहरा, दीपक पांचाल, देवेश बल, सुरेंद्र शर्मा, लक्ष्मण, सतवीर प्रधान वाल्मीकि समाज, नरेश शर्मा, हरि ओम शर्मा, मुख्य सफाई निरीक्षक साहब सिंह, सतेंद्र दहिया, सफाई निरीक्षक सुंदर मलिक, सफाई कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## डीआईपीआरओ कार्यालय में 22 साल सेवाएं देने उपरांत हुए एमबीपी धर्मपाल हुए सेवानिवृत्त

टीम एक्शन इंडिया
सोनीपत

22 साल से अधिक वर्षों तक समर्पित सेवाएं देने के पश्चात जिला सूचना एवं जन संपर्क अधिकारी कार्यालय में कार्यरत सदस्य भजन पार्टी(एमबीपी) धर्मपाल 30 मई को सेवानिवृत हुए। विदाई समारोह में जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय से अधीक्षक नरेन्द्र दहिया तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारियों ने सेवनिवृत एमबीपी को बेहतरीन जीवन की शुभकामनाएं देते हुए भावभीनी विदाई दी।

इस दौरान अधीक्षक नरेन्द्र दहिया ने धर्मपाल को सेवानिवृति पर



बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने जिस प्रकार अपने सेवाकाल में पूरी ईमानदारी से कार्य करते हुए सरकार की योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करने का कार्य किया है वो अपने आप में काबिले तारीफ है। उन्होंने सेवानिवृत एमबीपी को सम्मानित करते हुए भगवान से उनके स्वस्थ जीवन की कामना की।

उन्होंने कहा कि धर्मपाल अपनी ड्यूटी के प्रति हमेशा सजग रहे है और सरकारी की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने में हमेशा अहम भूमिका निभाते हुए कार्य किया है।

## करनाल में चर्च की जमीन का विवाद फिर भडका

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** नीलोखेड़ी कस्बे में शुक्रवार देर रात को चर्च के पास स्थित विवादित जमीन को लेकर दो पक्ष आमने–सामने आ गए। मामला उस समय और गरमाया, जब एक पक्ष ने पुलिस की मौजूदगी में ही दीवार को तोड़ दिया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी स्थिति को संभालने की बजाय सिर्फ वीडियो बनाते रहे। वहीं दूसरे पक्ष ने विरोध जताया और पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की। बढ़ते हंगामे के बाद पुलिस ने चार लोगों को डिटेन किया और तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल भी मौके पर तैनात कर दिया गया है। दोनों ही पक्ष जमीन को अपना बता रहे हैं।

## जिला कारागार में 665 कैदियों ने किया योग प्रोटोकॉल का अभ्यास : डा. सतपाल

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** आयुष विभाग के जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. सतपाल ने बताया कि आयुष विभाग के महानिदेशक आयुष संजीव वर्मा के आदेशानुसार तथा जिला प्रशासन से उपायुक्त उत्तम सिंह के मार्गदर्शन तथा जिला करनाल की नोडल अधिकारी मोनिका नगराधीश के दिशा-निर्देशन में जिला में 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफलतापूर्वक मनाने के लिए 31 मई को जिला कारागार में आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ डॉ.अमित पुंज ने अन्तर्राष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण दिया, जिसमें प्रथम दिन कुल 665 कैदियों ने भाग लिया। इनमें 620 पुरुष कैदी तथा 45 महिला कैदियों तथा



स्टाफ के 12 प्रतिभागियों ने योगाभ्यास किया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जेल अधीक्षक लखबीर सिंह बराड़ रहे तथा डीएसपी चरण सिंह, डीएसपी शेलाक्षी भारद्वाज व डीएसपी विवेक सांगवान ने शिविर में योगाभ्यास किया और कैदियों को योग को नियमित रूप से अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया।

डॉ.अमित ने योग प्रशिक्षण का आरम्भ मंत्रोच्चार के साथ किया। सर्वप्रथम सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास करवाया गया, जिसमें आयुष योग सहायक सोनू ने पुरुषों व महिलाओं को योग सहायक गीता दहिया व रीटा शर्मा ने सूक्ष्म व्यायाम, खड़े होकर, बैठकर, पेट व पीठ के बल लेटकर आसनों का अभ्यास करवाया। फिर प्राणायाम का अभ्यास करवाने के बाद ध्यान लगवाया गया।

डा. अमित पुंज ने बताया कि मन को एकाग्र करने का सबसे अच्छा तरीका केवल और केवल ध्यान है, जो कि अष्टांग योग का 7वां अंग है। इसके बाद की जो सीढ़ी है, वह मोक्ष प्राप्ति है, जो कि मानव जीवन का लक्ष्य है। हमें अपने मन को शांत तथा संतुलित रखने के लिए अनुलोम विलोम प्राणायाम 15 मिनट अवश्य करना चाहिए।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत कृषक जागरूकता शिविर का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** विस्तार शिक्षा संस्थान नीलोखेड़ी, राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान करनाल, भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान करनाल एवं कृषि विज्ञान केंद्र करनाल के संयुक्त तत्वाधान में विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्राम शामगढ़ में एक दिवसीय कृषक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। इस दौरान किसानों को खेती से जुड़ी जानकारियां, तकनीक, एवं सरकारी योजनाओं के बारे में अवगत करवाया गया।

विस्तार शिक्षा संस्थान के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. सत्यकाम मलिक ने



बताया कि केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा मिलकर 29 मई से 12 जून तक विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को जागरूक किया। इस दौरान किसानों को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार द्वारा कृषि क्षेत्र में चलाए जा रहे नवीनतम अभियानों और योजनाओं की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. कम्बोज के कुशल नेतृत्व में किसानों की आय बढ़ाने तथा कृषि को टिकाऊ बनाने के लिए अनेक प्रयास किए जा रहे हैं।

सहायक प्रोफेसर डॉ. जसविंदर कौर ने भी किसानों को संबोधित करते हुए उन्नत कृषि तकनीकों, जल प्रबंधन, और मृदा स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने किसानों से अपील की कि वे वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाकर कृषि उत्पादन में वृद्धि करें।

राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. बीएस मीना ने किसानों को सरकार द्वारा पशुपालकों के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में अवगत करवाया। इसके साथ-साथ पशुओं में आने वाली बीमारियों की देखभाल के बारे में भी प्रकाश डाला।

भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. अमित शर्मा ने किसानों को संस्थान के द्वारा विकसित उन्नत गेहूं एवं जौ किस्मों के बारे में जागरूक किया। कृषि विज्ञान केंद्र करनाल के वैज्ञानिक डॉ.विजय कौशिक ने कहा कि किसान मूल्य संवर्धन करके अधिक लाभार्जन कर सकते हैं, इसलिए किसानों को कृषि के साथ-साथ मूल्य संवर्धन के क्षेत्र में कार्य करना चाहिए। इस दौरान किसानों से आह्वान किया गया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान को जन-आंदोलन बनाकर भारत को एक बार फिर विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में निर्णायक कदम उठाएं।

## गांव बलायचा के योगशाला में पुतले का अभ्यास



टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग नारनौल के तत्वाधान में जिला आयुर्वेदिक अधिकार डॉ. शशिबाला व जिला योग समन्वयक डॉ. श्रीशे के निर्देशानुसार गांव बलायचा में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव पर योगशाला स्मारक का अभ्यास किया गया।

डॉ. सुमन, सरंपच कंवर सिंह, बीडीसी सदस्य कैलाश शास्त्री, रामकिशन, नरेश ने आदि भगवान धनवंतरी के समरूप दीप जलाए। डॉ. सुमन ने साधक को बताया कि इस बार का पैनल एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग की थीम पर आधारित है। उन्होंने बताया कि कैसे हम अपनी रसोई के अनुसार, अपनी छोटी से छोटी और बड़ी-बड़ी बीमारी को ठीक कर सकते हैं।

इसमे माके पर सुनील देवी, सोमदत रिवासा, पवन बैरावास, योगशाला बलायचा के मौजी मनोज मुकेश, मुकेश शर्मा, जिलेसिंह, आयशु, आयशु, वंश, वासु, गौरव, चंचल, राधा, पिंकी, टिकुन, भीम मौजूद रहे।



**चमकदार त्वचा :** केले के उपयोग से त्वचा स्वस्थ और चमकदार बनती है। केले में विटामिन 'सी', 'ए', पोटाशियम, कैल्शियम, फॉस्फोरस और कार्बोहाइड्रेट्स भरपूर मात्रा में मिलते हैं।ऐसे में इसे खाना और स्किन पर लगाना दोनों ही फायदेमंद होता है।

# केला कैलोरियों का भंडार

- केले में 105 कैलोरी पाई जाती हैं जो शरीर को किसी भी प्रकार की कमजोरी से बचाती हैं
- यह आपका ब्लड प्रेशर कंट्रोल करता है, यह आपके शरीर में पानी की कमी नहीं होने देता है, आपको दिल के दौरे और स्ट्रोक से बचाता है
- केला खाने से अच्छी नींद आती है, नींद लाने के लिए रोज एक केला खाना बेहतर साबित हुआ है
- केले के उपयोग से त्वचा स्वस्थ और चमकदार बनती है, यह अलसर जैसी बीमारीयों से भी बचाता है

बच्चों को केली बहुत भाता है जानते हैं क्यो, क्योंकि बच्चों को केले की मीठी सॉफ्टनेस पसंद होती है। आपने देखा होगा कि बच्चे अधिकांश सॉफ्ट चीजें ही लाईक करते हैं। चाहे वो खाने में हो या फिर किसी और चीज में। वैसे भी बच्चे कोमल होते हैं तो उनके लिए जाहिर हा कुदरत ने भी कुछ चीजें कोमल ही बनाई हैं । इसलिए केला बच्चों से लेकर बड़ो तक फायदा ही देता है। केला विटामिन, प्रोटीन व अन्य पोषक तत्वों से भरपूर है। केले में थाइमिन, रिबोफ्लेविन, नियासिन और फॉलिक एसिड के रूप में विटामिन ए और बी पर्याप्त मात्रा में मौजूद होता है। इसके अलावा केला ऊर्जा का सबसे अच्छा स्त्रोत माना जाता है। दरसल केले में विटामिन सी विटामिन ए पोटाशियम और विटामिन बी-6 होता है। केला मैग्नोशियम का अच्छा स्त्रोत है, इसलिए यह बहुत जल्दी पच जाता है और आपके मेटाबॉलिज्म को दुरूस्त रखता है।

**केले से मिलने वाले अन्य फायदे**

**ऊर्जा का स्रेत :** केला ऊर्जा का बहुत अच्छा स्रेत माना गया है, इसमें औसतन 105 कैलोरी पाई जाती हैं जो शरीर को किसी भी प्रकार की कमजोरी से बचाती है। अगर आप व्यायाम करने के बाद थक जाते हैं, तो तुरंत एक केला खा लीजिए यह रक्त में ग्लूकोज का स्तर बढ़ा कर आपको शक्ति देगा।

**मांसपेशियों में होने वाली ऐंठन से बचाता है :** कभी-कभी आप बहुत ज्यादा मेहनत करते हैं जिसकी वजह से रात में पैरों में ऐंठन होने लगती हैं, इससे बचने के लिए केला खाएं, इसमें मैग्नीशियम और पोटाशियम की अच्छी मात्रा पाई जाती है जो आपके पैरों में होने वाली ऐंठन से बचाती है।

**ब्लड प्रेशर नियंत्रित करता है :** केले में पोटाशियम की मात्रा अधिक होती है और सोडियम की मात्रा बहुत कम होती है जिसकी वजह से यह आपके ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करता है। यह आपके शरीर में पानी की कभी-कमी नहीं होने देता और आपके शरीर को दिल के दौरे और स्ट्रोक से बचाता है।

**केले से ऐसिडिटी कम होती है :** केले में ऐसे बहुत से तत्व पाए जाते हैं जो अम्लता यानि ऐसिडिटी से बचाते हैं। यह आपके पेट में अंदरूनी परत चढ़ा कर अलसर जैसी बीमारीयों से बचाता है।

**कब्ज को दूर करता है :** केले में फाइबर पाया जाता है, जिससे पाचन क्रिया मजबूत बनती है। गैस्ट्रिक की बीमारी वाले लोंगो के लिए केला बहुत प्रभावशाली उपचार है। वे लोग जिन्हें कब्ज की शिकायत रहती है, उन्हें केला खाना चाहिए।

**दस्त से बचाता है :** डायरिया की वजह से आपके शरीर में पानी की कमी हो जाती है, जिससे कमजोरी होने लगती है। केले में पोटाशियम काफी अच्छी मात्रा में पाया जाता है। इस लिए केला खाने से दस्त से बचा जा सकता है।

**केले में प्रोबायोटेक तत्व पाएं जाते हैं :** केले में एफओऐस के तत्व पाए जाते हैं, जो आंतों में गुणकारक जीवाणु का विकास कर के आपको पेट से जुड़ीं बीमारीयों से बचाता है।

**केला खाने से अच्छी नींद आती है :** केले में ट्रीप्टोफेन बहुत अधिक मात्रा में पाया जाता है जो सेरोटोनिन में बदल कर आपके मूड़ को अच्छा और एकाग्रता के स्तर को बढ़ाता है। जिससे आपको अच्छी नींद आती है।



# अब खाने के साथ आप बाउल भी खा जाएं

**नई दिल्ली।** फास्टफुड नेटवर्क संचालित करने वाली एक कंपनी ने पर्यावरण हितैषी पैकेजिंग पर जोर देते हुए अपने उत्पादों को खाने योग्य राइस बाउल में परोसने का परीक्षण शुरू किया है।कंपनी ने कहा कि बेंगलुरु स्थिति उसके दो रेस्तरां में इस बाउल का परीक्षण बृहस्पतिवार से शुरू हुआ। यह 04 मई तक चलेगा। यदि यह प्रयोग सफल रहा तो इसका विस्तार दुनिया के दूसरे देशों में भी किया जाएगा। इस बाउल में शाकाहार और मांसाहार दोनों परोसे जा रहे हैं। इसकी शुरुआती कीमत 89 रुपए है। कंपनी ने कहा कि खाने योग्य यह राइस बाउल प्लास्टिक बाउल की जगह दिया जा रहा है। यह टॉरटिला से तैयार किए गए हैं। कुरकुरे टॉरटिला से निर्मित यह बाउल खाने योग्य है और पूरी तरह से बायो डिग्रेडेबल भी है। कंपनी अपने स्टोर में ही टॉरटिला आटे से ताजा बाउल तैयार कर रही है। कंपनी के प्रबंध निदेशक राहुल शिंदे ने कहा कि सामाजिक और पर्यावरण की दृष्टि से जिम्मेदार कंपनी होने के नाते वह किफायती और दीर्घकालिक समाधानों की तलाश कर रही है। कंपनी के देश में 81 शहरों में 300 से स्टोर है। इसी तरह से पूरी दुनिया के 130 देशों में 19 हजार से अधिक स्टोर हैं।



**इस बाउल में शाकाहार और मांसाहार दोनों परोसे जा सकते हैं**

**इस बाउल की शुरुआती कीमत 89 रुपए है**

## नौकरी से बाहर किया तो विमान के कर दिए टुकड़े

**रूस।** बात जब नौकरी की हो तो इंसान अपनी नौकरी बचाने के लिए हर संभव प्रयार करता है पर जब बात नहीं बनती तो गुस्सा आना लाजमी है। यही हुआ इस कर्मचारी के साथ यहां की एक विमान कंपनी में काम करने वाले एक कर्मचारी को जब नौकरी से निकाल दिया गया तो उसे इतना गुस्सा आया कि उसने डिगर से विमान ही तोड़ डाला। ये व्यक्ति रूसी एयरलाइन ''यूटीएयर' में काम करता था। जैसे ही उसे बताया गया कि कंपनी को उसकी जरूरत नहीं है, वह गुस्से में आ गया और उसने डिगर से विमान की कॉकपिट पर कई बार वार किए जिससे उसमें बड़ा सा छेद हो गया। ये विमान तीन इंजिनों वाला था। ये विमान बेकार हो चुके थे।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम वाला बन रहा है। शुभांक-1-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-2-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-3-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-4-3-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-4-6-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-3-5-6

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। पारिवारिक विवाद टालें। शुभांक-2-6-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। बातचीत में संयम बरतें। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। शुभांक-1-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के योग बनेगें। शुभांक-2-4-5

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें। शुभांक-5-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। शुभांक-3-6-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-3-5-6

## लॉफिंग ज़ोन

पत्नी शराबी पति के शराब के अवगुण बताते हुए कह रही है, शराब एक धीमा जहर है। जो धीरे-धीरे मौत की ओर से जाता है।

ठीक है, इधर मरने की किसे जल्दी पडी है। पति इत्मिनान से बोला

□ □ □

नवबिवाहित बंतो- अगर मैं कभी मोटी हो जाऊगी तब भी तुम मुझे ऐसे ही चाहते रहोगे।

बता- हरगिज नही, मैने सिर्फबुरे दिनों में साथ रहने का वचन दिया है। मोटे पतले की कोई बात तय नहीं हुई थी।

□ □ □

पत्नी: 'हमारे पड़ोस में नए डॉक्टर रहने आए हैं, हमें उनसे मेल बढ़ाना चाहिए। क्या पता कब काम आ जाएं?'

पति: 'उनसे काम तो मरने के बाद ही पड़ेगा।'

पत्नी: 'क्यों?'


पति: 'वह तो सिर्फ पोस्टमॉर्टम करते हैं।'

□ □ □

फौजा सिंह- डॉक्टर साहब , मेरी पत्नी का शरीर बुखार से आग हो गया है।


डॉक्टर- तो आप फायर ब्रिगेड की मदद लीजिए, मैं फोन नम्बर बताता हूं।

## काकुरो पहेली - 4071



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

काकुरो - 4070 का हल



## फिल्म वर्ग पहेली- 4071



**बायें से दायें:-**

१. 'राह बनी खुद मंजिल' गीत वाली विस्वजीत, वहीदा की फिल्म-३
३. संजीवकुमार, सुचित्रासेन की 'तेरे बिना जिंदगी से कोई' गीत वाली फिल्म-२
४. 'मैं ने तेरे लिए ही' गीत वाली अमिताभ, राजेश खन्ना, शर्मिला की फिल्म-३
७. गोविंदा, आदित्य, नीलम, मंदाकिनी की अजय कश्यप निर्देशित फिल्म-४
८. 'कितना मजा आ रहा है' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-२,२
९. राजेंद्रकुमार, वहीदा की 'ये मौसम भीगा भीगा है' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'ना जइयो परदेस' गीत वाली दिलीपकुमार, अनिलकपूर, जैकी श्रॉफ, श्रीदेवी, पुनम ढिल्लों की फिल्म-२
११. जॉन अब्राहम, तारा शर्मा की 'हर तरफ हर जगह' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'ऐ मेरे मेहरबां ऐ मेरे हमनशी' गीत वाली मनोजकुमार, साधना की फिल्म-३
१५. जीतेंद्र, रेखा की 'गोकुल की गलियों का' गीत वाली फिल्म-२,२,१
१७. 'जाओ जाओ हम से क्या' गीत वाली जैकी श्रॉफ, अमृता सिंह की फिल्म-२,३
१९. अरविंद, प्रभुदेवा, काजोल की 'चंदा रे चंदा रे कभी' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'सिलसिला शुरू हुआ यहाँ से' गीत वाली फिल्म-३
२१. राजकपूर, नर्गिस की 'राजा की आएगी बारात' गीत वाली फिल्म-२
२३. शशि, संजीवकुमार, वहीदा, पूनम की फिल्म-३
२४. राहुलराय, शीबा की 'तेरी दोस्ती में मिला है' गीत वाली फिल्म-२,१,२
२५. 'देखो मेरा दिल मचल' गीत वाली राजेंद्रकुमार, वैजयंती की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. अमिताभ, नाना पाटेकर, तब्बू की 'हम हैं बनारस के भैया' गीत वाली फिल्म-४
२. शाहरूख, विवेक, जूही की फिल्म-४
३. धर्मेन्द्र, माला सिन्हा की 'गैरों पे करम अपनों पे सितम' गीत वाली फिल्म-२
४. 'कभी तो मिलेगी कहीं' गीत वाली अशोक, प्रदीप, मीना की फिल्म-३
५. फिल्म 'परिवार' में जीतेंद्र के साथ नायिका कौन थी-२
६. शाहबाद, किरण, तब्बू, रीता की फिल्म-५
७. सनी, सुष्मिता सेन की 'कोई देख रहा छुप छुप के' गीत वाली फिल्म-२
९. 'तेरे चेहरे में वो' गीत वाली फिरोज खान, हेमा मालिनी, रेखा की फिल्म-३
११. जॉय, सायरा की 'दिल की महफिल सजी है' गीत वाली फिल्म-२,२,३
१२. 'इक तुम पास ना आना' गीत वाली अमिताभ, लक्ष्मी छाया की फिल्म-२,१,३
१३. अक्षयकुमार, माधुरी दीक्षित की 'दुनिया से दूर जा रहा हूँ' गीत वाली फिल्म-३
१६. राजकुमार, शत्रुघ्नसिन्हा, हेमा मालिनी, मिथुन चक्रवर्ती की फिल्म-३
१७. आमिर खान, फैजलखान, ट्विंकल की 'कमरिया लचके रे' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'ये दुनिया वाले पूछेंगे' गीत वाली देव आनंद, आशा पारेख की फिल्म-३
२२. 'आज सजन मोहे अंग लगालो' गीत वाली फिल्म-२
२३. नसीरूद्दीनशाह, अतुल अग्निहोत्री, पूजा भट्ट की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली-4070



## सूडोकु -'4071


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | |
| 8 | 4 | | | 6 | | 9 | | 5 |
| 5 | | 6 | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 1 | 5 | 6 | 3 | | | 9 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 3 | 6 | | | 9 | 7 | 1 | 4 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | 7 | | 6 |
| 9 | | 4 | | 7 | | | 2 | 1 |
| | | | 2 | | | | 8 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु 4070 हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 6 | 1 | 9 |
| 6 | 7 | 1 | 9 | 5 | 4 | 3 | 2 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 8 | 6 | 1 | 7 | 5 | 4 |
| 4 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 4 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 2 |
| 3 | 2 | 6 | 5 | 9 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 6 |

## शब्द पहेली - 4071



**बाएँ से दाएँ**

1.ईष्ट कृपा,वर-4
3.मान का विलोम-4
8.शैतानी करना-4,3
10.झगड़ा,बैर-3
11.जंगल,वन-3
13.सर्दी से बचने के लिये जलाई गई लकड़ियों का ढेर-3
15.जलने के बाद बचे अवशेष-2
17.कार्य-2
18.पतवार-2
19.नमाज से पहले हाथ-पांव धोना-2
21.नमस्कार-3
25.बूंद-3
26.जिज्ञासा,लगन-3
27.आत्मोत्सर्ग करना-4,3
30.मां के माता-पिता-2,2
31.रपटना-4

**ऊपर से नीचे**

2.वलय,घेरा-3
4.तीन घंटे का समय-3
5.खिसकना-4
6.उन्मादी,मदमस्त-4
7.यज्ञ,होम-3
8.नगर-3
9.तिरस्कृत-3
12.रूप अभिमान-3
13.शांति-3
14.प्रतिज्ञा-3
16.सहभोज-3
20.मोजा, पायताबा-3
22.उदारता-4
23.परवरिश करना-3
24.वचन तोड़ना-4
25.लेखनी-3
28.लिखावट-3
29.अमीर,धनवान-3

शब्द पहेली -4070 का हल



# प्रदेश के प्रत्येक वर्ग के समग्र और समान विकास के लिए संकल्पित हैं : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

**मुलाकात**

**चंडीगढ़ से दिल्ली जाते समय मुख्यमंत्री भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली के पेट्रोल पंप पर रुके**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई (संजीव कौशिक/राठी)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शनिवार को चंडीगढ़ से दिल्ली जाते समय कुछ समय के लिए सोनीपत में रुके। इस दौरान उन्होंने भाजपा हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली के



पेट्रोल पंप पर समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने मुलाकात की और यहां उपस्थित लोगों ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का भाजपा नेता मास्टर सत्यनारायण आंतिल, जिला अध्यक्ष व गणमान्य लोगों ने स्वागत किया । मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर जनसाधारण से सीधे संवाद करते हुए कहा कि भाजपा सरकार "सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास" की नीति पर चलते हुए प्रदेश के प्रत्येक वर्ग के समग्र और समान विकास के लिए संकल्पित है। उन्होंने उपस्थित लोगों से उनका हाल-चाल पूछा तथा जनसमस्याओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार हरियाणा को आत्मनिर्भर, समृद्ध और खुशहाल बनाने के लिए हर क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने जनता से आग्रह किया कि वे सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं और अपने क्षेत्र के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाएं। मुख्यमंत्री ने सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों, कार्यकताओं और नागरिकों का आभार व्यक्त किया और बाद में दिल्ली के लिए प्रस्थान किया।मुख्यमंत्री के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली भी मौजूद रहे।

# प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं के लिए कौशल और ज्ञान को विकसित करने के अवसर इविया ब्यूटी : मनोज शर्मा

**भ्रमण**

**राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान समालखा की छात्राओं ने इविया ब्यूटी कंपनी में भ्रमण किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान समालखा की छात्राओं ने कामी स्थित इविया ब्यूटी कंपनी में भ्रमण किया। कंपनी में पहुंचने पर संस्थान की प्रधानाचार्य रंजना शर्मा का इविया ब्यूटी कंपनी के प्लांट हेड मनोज शर्मा ने पुष्प कुछ देकर स्वागत किया और कंपनी के बारे में विस्तार से जानकारी दी । कंपनी के प्लांट हेड मनोज शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी कंपनी में प्रशिक्षण या नौकरी के लिए काफी युवा आवेदन कर रहे हैं। हमारे प्लांट में प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं के लिए कौशल और ज्ञान को विकसित करने के अवसर हैं। कंपनी में हम नवाचार और उत्कृष्टता को बढ़ावा देते हैं। हमारे पास अनुभवी पेशेवरों की टीम है जो आपको मार्गदर्शन और समर्थन प्रदान करेगी।

आधुनिक उपकरण और तकनीक हैं जो आपको अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने में मदद करेंगे। छात्राओं के साथ प्रधानाचार्य रंजना शर्मा, कंप्यूटर अनुदेशक नरेश कुमार व ट्रेड अनुदेशिका निशा शर्मा मौजूद थे ।

## न्यूज फ्लैश

### गढ़ी झंझारा रोड पर दो युवकों पर फायरिंग मामले में तीन पर केस





**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** गढ़ी झांझारा रोड स्थित कश्यप धर्मशाला के पास शुक्रवार रात दो युवकों नकुल व राजीव पर हुई फायरिंग के मामले में थाना गन्नौर पुलिस ने तीन आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज किया है। हमले में घायल हुए गांधी नगर, गढ़ी झंझारा रोड निवासी राजीव ने थाना गन्नौर में शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत में राजीव ने बताया कि शुक्रवार की सुबह उसकी निजामपुर हाल गांधी नगर गन्नौर के रहने वाले अंकुश के साथ बाइक पर टक्कर हो गई थी। शुक्रवार की शाम वह 27 फुटा रोड पर डेयरी से सामान लेने गया था। इस दौरान उसका दोस्त गन्नौर गांव निवासी नुकुल भी अपनी अलग बाइक पर उसके साथ था। जब वे अपनी-अपनी बाइक पर वापिस लौट रहे थे तो रास्ते में अंकुश, उसका भाई सुमित व गंगाना हाल गांधी नगर के रहने वाले रोहित बाइक पर वहां पहुंचे और उन्हें आवाज लगा कर उन पर फायरिंग कर दी। इस हमले में उसे व उसके साथी नुकुल को गोली लग गई, जिससे वह घायल हो गए। राजीव का आरोप है कि बाइक की टक्कर लगने की रंजिश को रख अंकुश ने अपने भाई व दोस्त के साथ उन पर जानलेवा हमला किया। पुलिस ने शिकायत पर अंकुश, रोहित व सुमित के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

-देर रात पुलिस आयुक्त भी पहुंची घटनास्थल
गोली चलने की सूचना मिलने के बाद पुलिस आयुक्त ममता सिंह भी देर रात घटना स्थल पर पहुंची और मौके पर मौजूद एसीपी गन्नौर व गन्नौर थाना प्रभारी ये घटना की जानकारी ली। उन्होंने आरोपितों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए।

-दोनों की हालत खतरे से बाहर
थाना प्रभारी जसपाल सिंह ने बताया कि गोली लगने से घायल हुए राजीव व नुकुल की हालत खतरे से बाहर है। पुलिस ने राजीव की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। शनिवार देर रात गंगाना गांव में हुई मुठभेड़ में एक आरोपित रोहित उर्फ गंजू पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया, जबकि दूसरा आरोपित अंकुश को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। घायल रोहित को गंभीर हालत में रोहतक पीजीआई रेफर किया गया है। पुलिस की टीमें आरोपित से पूछताछ कर रही हैं।

### स्कूलों में छुट्टियों से पहले 11 वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए दिया गया योग प्रशिक्षण



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** आयुष विभाग हरियाणा और योग आयोग हरियाणा के अंतर्गत 11 वे विश्व योग दिवस को सफल बनाने के लिए स्कूलो में जिला सोनीपत आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ राम अवतार के मार्गदर्शन में डॉ विनोद कुमार (जिला योग समन्वयक) संगीता देवी (योग विशेषज्ञ) के निदेर्शानुसार स्कूलों की छुट्टियों से पहले योग प्रशिक्षण दिया गया। योग प्रशिक्षण के दौरान योग शिक्षक जीत राम ने सूक्ष्म व्यायाम, आसन, प्राणायाम और ध्यान कराया गया। योग शिक्षक जीत राम ने बताया कि इस बार राज्य स्तरीय कार्यक्रम कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर होने जा रहा है। जहां पर 1 लाख व्यक्तियों से ज्यादा साधकों के आने का अनुमान लगाया जा रहा है। यौगिक आसनों से मन और शरीर पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। योग शिक्षक जीतराम ने कहा कि ध्यान का अभ्यास करने से एकाग्रता बढ़ती है। जीतराम ने राजकीय उच्च विद्यालय मोई माजरी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुगथला, राजकीय माध्यमिक विद्यालय रौलद लतीफपुर में प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान स्कूलों के अध्यापकों ने कहा कि योग को विषय के रूप में लागू करके नियमित कक्षा का संचालन किया जाना चाहिए।

# नेत्र जांच एवं रक्तदान शिविर आयोजित, 107 यूनिट रक्त एकत्रित

**रक्तदान**

**भारत विकास परिषद एवं रोटरी क्लब गन्नौर के संयुक्त तत्वावधान में शिविर का आयोजन।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** जीटी रोड स्थित प्रयास इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को स्व. डा. संजय जैन की स्मृति में भारत विकास परिषद एवं रोटरी क्लब गन्नौर के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क नेत्र जांच एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रोटरी ब्लड बैंक ओमैक्स सिटी के सहयोग से कुल



107 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर में 75 लोगों की शुगर, बीपी, हीमोग्लोबिन, कैल्शियम एवं कोलेस्ट्राल की जांच की गई। नेत्र जांच शिविर में 97 जरूरतमंदों को निश्शुल्क चश्मे वितरित किए गए, जबकि 200 लोगों को दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। जांच के दौरान मोतियाबिंद से ग्रसित 13 मरीजों की पहचान की गई, जिनका आपरेशन दिल्ली स्थित मौजीराम अस्पताल में निशुल्क कराया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा मध्य प्रांत के उपाध्यक्ष योगेश कौशिक उपस्थित रहे। अध्यक्षता प्रांतीय सेवा संयोजक संदीप बंसल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला समन्वयक योगेश जैन उपस्थित रहे। इस अवसर पर भारत विकास परिषद गन्नौर अध्यक्ष संदीप सिंघल, रोटरी स्कूल के अध्यक्ष मनीष बंसल, विकास भगवती, निशा कौशिक, नवीन खन्ना, अतुल जैन, प्रयास स्कूल के प्रबंधक अमित बत्रा मौजूद रहे।

# बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण मेधावियों को स्वर्ण प्रस्थ पब्लिक स्कूल में किया सम्मानित



**राई /टीम एक्शन इंडिया**
प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन स्वर्णप्रस्थ पब्लिक स्कूल में शनिवार को किया गया। जिसमें कक्षा दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण मेधावियों को सम्मानित कर विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न, प्रमाण-पत्र एवं नगद धनराशि देकर सम्मानित किया गया। साथ ही विविध विषयों में शत प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने विद्यालय की इस पहल की मुक्त कंठ से प्रशंसा की, सम्मानित विद्यार्थियों के चेहरे पुरस्कार पाकर खिल उठे। प्रधानाचार्य रोहित पंडा ने प्रतिभावान विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मुख्याध्यापक एस. पी. सिंह, मुख्याध्यापिका मेघा कौशिक सहित सभी अध्यापक-अध्यापिका मौजूद रहे।

# आरपीएस स्कूल की छात्राओं ने बाक्सिंग में जीते स्वर्ण पदक



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** रौनक पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने जूनियर जिला बाक्सिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किए। यह प्रतियोगिता 28 और 29 जून को गन्नौर में आयोजित की गई थी। कक्षा दसवीं की हितैषी ने 60 किलो भार वर्ग में और रिया ने 48 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। दोनों प्रतिभाशाली छात्राओं का चयन राज्य बाक्सिंग चैंपियनशिप के लिए हुआ है। विद्यालय की प्राचार्या रजनी शर्मा ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित करेगी।

# एचडब्ल्यूसी बाघोत में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ ।** शनिवार को गांव बाघोत में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (ल्हउ) बाघोत में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य तंबाकू सेवन से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों के प्रति आमजन को जागरूक करना और नशामुक्त जीवन की ओर प्रेरित करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. प्रभा यादव (चिकित्सा अधिकारी) ने की। उनके साथ धर्मेंद्र यादव (टढल्ह-एम), पूजा (अठट),



सरिता (टढल्ह-ऋ), हनुमान (कैप्टेन) , महिपाल (हेड टीचर) मौजूद रहे।

कार्यक्रम में गांव के सरपंच श्री राजेंद्र कुमार ने भी भाग लेकर अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से:सुरेश , ईश्वर , राजेश , अशोक , मनोज ,सुरेंद्र , हेमराज , सुंदर सिंह , मोनू एवं आशा वर्कर सुनीता, सीमा , लीलावती, सुमन , सुशीला और मौसमी शामिल थीं।

# स्टेरायड व कृत्रिम प्रोटीन पाउडरों से दूरी बना कर संतुलित आहार लें : खली

**गन्नौर ।** पूर्व डब्ल्यूडब्ल्यूई के पूर्व रेसलर दलीप सिंह राणा उर्फ द ग्रेट खली शनिवार को गन्नौर जीटी रोड एक जिम पहुंचे। जिम में विधायक देवेंद्र कादियान ने भी शिरकत की। इस अवसर पर खली ने जिम में मौजूद युवाओं को व्यायाम के बारीक गुर सिखाए। उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि वे दूसरों की नकल करते हुए व्यायाम न करें, अपितु अपनी शारीरिक क्षमता के अनुसार ही कसरत करें। उन्होंने स्टेरायड व कृत्रिम प्रोटीन पाउडरों से दूरी बना कर संतुलित आहार और नियमित जीवनशैली अपनाने पर बल दिया।

# पानीपत पुलिस के 7 अधिकारी हुए सेवानिवृत्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
जिला पुलिस से इंस्पेक्टर हर नारायण, इंस्पेक्टर शमशेर, आनरेरी इंस्पेक्टर कर्मवीर सिंह, आनरेरी इंस्पेक्टर रणवीर सिंह, आनरेरी इंस्पेक्टर रोहताश, आनरेरी इंस्पेक्टर सत्यवान व ईएसआई जोगिंद्र सिंह विभाग में कायाकाॅल पूरा होने पर शनिवार को सेवानिवृत हो गए। सम्मान में जिला पुलिस विभाग की और से जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में विदाई पार्टी का आयोजन किया गया।

विदाई पार्टी में बतौर मुख्य अतिथि डीएसपी हेड क्वार्टर सतीश वत्स व विशिष्ठ अतिथि डीएसपी राजबीर सिंह ने सेवानिवृत हुए



सभी पुलिस अधिकारियों को फूलमाला, पगड़ी पहनाकर व उपहार देकर अच्छे स्वास्थय एवं उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विदाई दी।

डीएसपी हेड क्वार्टर सतीश वत्स ने कहा कि सेवानिवृत हो रहे पुलिस अधिकारियों ने अपने जीवन का एक अरसा पुलिस विभाग को दिया है। पुलिस की नौकरी में 24 घंटे तत्पर रहना पड़ता है। इसमे उनके परिवार का भी पूरा योगदान होता है। इसके लिए परिजन भी विशेष रूप से बधाई के पात्र है।

उन्होंने कहा की पुलिस से लोगों को काफी अपेक्षाएं होती है। फरियादी शिकायत लेकर आते है। उनको जब न्याय मिलता है तो वह उस अधिकारी कर्मचारी को हमेशा याद रखते है।

कार्य ऐसा करें जिससे हमेशा याद रखे जाए। उन्होंने कहा कि सेवानिवृति के बाद भी पुलिस अफसर अपना कर्तव्य निर्वहन करते हुए समाज की बुराइयों को दूर कर सकता है।

उन्होंने सेवानिवृत हुए पुलिस अधिकारियों से कहा कि भविष्य में आपको पुलिस विभाग से किसी भी प्रकार की जरूरत पड़ती है तो विभाग सदैव आपके लिए तत्पर रहेगा।

# छात्रों ने किया व्लर्ड यूनिवर्सिटी आफ डिजाइन का भ्रमण




**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** बालभवन इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा 11वीं और 12वीं के छात्रों ने हाल ही में राई स्थित व्लर्ड यूनिवर्सिटी आफ डिजाइन का शैक्षणिक भ्रमण किया। यूनिवर्सिटी पहुंचने पर छात्रों का स्वागत किया गया। शिक्षकों व विशेषज्ञों ने फैशन डिजाइन, ग्राफिक डिजाइन, इंटीरियर व प्रोडक्ट डिजाइन, एनीमेशन और विजुअल आट्र्स जैसे विषयों पर उपयोगी जानकारियां साझा की। विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं और डिजाइन स्टूडियोज में ले जाया गया, जहां उन्होंने विभिन्न क्रिएटिव प्रोजेक्ट्स को नजदीक से देखा।

# देवी अहिल्याबाई होल्कर ने पिछड़ों के लिए भी संघर्ष किया: कृष्णा गहलावत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नांगल कला में शनिवार को देवी अहिल्याबाई होलकर की 300 वी जयंती बड़ी धूमधाम से बनाई गई। जयंती समारोह में मुख्य अतिथि राई हलका विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने शिरकत की । स्कूल में पहुंचने पर विधायक का स्कूल के प्रधानाचार्य तेजवीर वह शिक्षकों ने गांव के गणमान्य लोगों के साथ पुष्प गुच्छ व फूलमालाओ से स्वागत किया । विधायक कृष्णा गहलावत ने सर्वप्रथम देवी अहिल्याबाई होलकर की मूर्ति पर माला अर्पण करी । इसके बाद स्कूल की हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं व 12वीं कक्षा के मेधावी



छात्रों का विधायक कृष्णा गहलावत ने सम्मान किया । प्रधानाचार्य ने विधायक कृष्णा गहलावत को स्कूल की समस्याओं के समाधान के लिए मांग पत्र भी सौंपा। अपने गांव के राजकीय स्कूल में मेधावी छात्राओं के सम्मान में पूर्व मार्केट कमेटी अध्यक्ष एवं भाजपा नेता कुलदीप नांगल ने अपनी तरफ से सहयोग राशि दी। विधायक कृष्णा गहलावत ने संबोधित करते हुए कहा कि ने कहा कि अहिल्या बाई ने केवल पाल समाज के लिए ही नहीं बल्कि पिछड़ों के लिए भी संघर्ष किया। जिसके लिए वह हमेशा याद की जाती रहेंगी। उन्होंने ग्रामीणों से लड़कों के साथ ही अपनी लड़कियों को भी उच्च शिक्षित बनाने का आह्वान किया। विधायक ने छात्रों से आह्वान किया कि मेहनत लगन से शिक्षा ग्रहण करें, जीवन में जरुर सफलता मिलेगी । आज लड़कियां लड़कों से किसी भी क्षेत्र में काम नहीं है। विधायक कृष्णा गहलावत ने देवी अहिल्याबाई होलकर की 300 वी जयंती पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ब्रिटिश प्रशासक और अंग्रेज अधिकारी सर जॉन मालकम ने मालवा के इतिहास पर कार्य किया था, उन्होंने देवी अहिल्या बाई को होल्कर राजवंश की श्रेष्टतम शासिका के रूप में उल्लेखित किया है। देवी अहिल्या बाई द्वारा अपने कार्यकाल में देशभर में 8527 धार्मिक स्थल, राजकीय अनाथालय का निर्माण कराया। साथ ही उनके कार्यकाल में धर्मशालाओं, नर्मदा किनारे, देश में प्रमुख धर्मस्थलों पर नदियों किनारे के घाटों, कुंए, तालाब, बाबड़ियों और गोशालाओं ( उस समय इसे पिंजरापोल कहा जाता था) के निर्माण में आर्थिक मदद दी गई थी। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि देवी अहिल्या बाई का जन्म मध्य प्रदेश के जिला इंदौर में 31 मई 1725 को हुआ था। देवी अहिल्या बाई पति खांडेराव होल्कर की मृत्यु के बाद सती होना चाहती थीं। लेकिन ससुर के समझाने पर उन्होंने अपना विचार बदल दिया। 1766 में ससुर मलहार राव की मृत्यु के बाद उन्होंने होल्कर राज्य की बागडोर संभाली और तीस वर्षों तक कुशल राज्य किया।

# श्रीकृष्णा ग्रुप में अध्यापक-अभिभावक मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** श्रीकृष्णा ग्रुप ऑफ महेंद्रगढ़ व सिहमा में अध्यापक-अभिभावक मिलन समारोह आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि चेयरमैन डॉ. बीरसिंह, विशिष्ट अतिथि सीईओ कर्मवीर राव व अध्यक्षता प्राचार्य रवि प्रकाश ने की। पीआरओ सुधीर यादव ने बताया कि स्कूल आगमन पर अभिभावकों को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। कक्षा प्रथम से 12वीं तक के विद्यार्थियों की मासिक यूनिट टेस्ट की रिपोर्ट अध्यापकों ने अभिभावकों से साझा



की तथा पर अध्यापकों द्वारा उनके बच्चों के अच्छे गुणों को भी सराहा गया तथा विद्यार्थियों की कमियों को दूर करने के लिए अभिभावकों को उचित कदम उठाने की सलाह भी दी। चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव ने कहा कि अध्यापक-अभिभावक मिलन समारोह बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सशक्त माध्यम हैं। अभिभावकों की सक्रिय उपस्थिति न केवल विद्यार्थियों को प्रेरित करती हैं। सीईओ कर्मवीर राव ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगिण विकास में किसी प्रकार की कोई काई कसर नहीं छोड़ी जाएगी

## न्यूज फ्लैश

### एचएमएसआई ने 50वीं वर्षगांठ पर गोल्ड विंग टूर लॉन्च की

**करनाल।** आइकॉनिक टूरिंग उत्कृष्टता के पचास वर्षों का जश्न मनाते हुए, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने आज 2025 गोल्ड विंग टूर 50वीं वर्षगांठ संस्करण झ के लॉन्च की घोषणा की। इस प्रतिष्ठित मॉडल के पचास वर्ष पूरे होने पर, गोल्ड विंग टूर लग्जरी टूरिंग का नया मानदंड स्थापित करता है। इसकी बुकिंग अब शुरू हो गई है और इसे विशेष रूप से कंपनी के प्रीमियम BigWing Topline डीलरशिप्स के माध्यम से बेचा जाएगा। 50वीं वर्षगांठ का यह होंडा गोल्ड विंग टूर रु. 39.90 लाख (एक्स-शोरूम, गुरुग्राम, हरियाणा) की कीमत पर उपलब्ध है।
लॉन्च की घोषणा करते हुए, एचएमएसआई के मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेसिडेंट और सीईओ, श्री त्सुत्सुमु ओतानी ने कहा, हम भारत में 50वीं वर्षगांठ गोल्ड विंग टूर को पेश करते हुए बेहद उत्साहित हैं। 2025 गोल्ड विंग टूर की लॉन्चिंग 1975 में शुरू हुई एक आइकॉनिक यात्रा की स्मृति को समर्पित है। पिछले पाँच दशकों में, गोल्ड विंग प्लेटफॉर्म ने एक प्रतिष्ठित पहचान बना ली है , जो क्लास, आराम और दृढ़ता का प्रतीक बन चुका है। 50वीं वर्षगांठ संस्करण इस बेमिसाल विरासत को श्रद्धांजलि है और लॉन्ग-डिस्टेंस टूरिंग प्रेमियों के लिए हमारी इंजीनियरिंग उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता का उत्सव है। इस घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए एचएमएसआई के सेल्स और मार्केटिंग निदेशक श्री योगेश माथुर ने कहा, गोल्ड विंग टूर केवल एक मोटरसाइकिल नहीं, बल्कि उन मोटरसाइकिल प्रेमियों की पीढ़ी को समर्पित एक प्रतीक है, जिन्होंने लक्जरी टूरिंग को एक कला के रूप में अपनाया है। हमें यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि इस प्रमुख लक्जरी टूरर की बुकिंग अब आरंभ हो चुकी है, और भारत में ग्राहक डिलीवरी जून 2025 से प्रारंभ की जाएगी।

### हंगामा डिजिटल मीडिया ने शुरू किया टिक टिक प्लास्टिक 3.0

**नई दिल्ली।** पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को प्रेरित करने के अपने मिशन को जारी रखते हुए हंगामा डिजिटल मीडिया ने भामला फाउंडेशन और बृहन्मुंबई म्युनिसिपल कारपोरेशन (बीएमसी) के साथ शानदार पहल टिक टिक प्लास्टिक 3.0 की शुरूआत की। मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस कैंपेन के तीसरे संस्करण को लॉन्च किया गया। इस कॉन्फ्रेंस में अजय देवगन, रोहित शेट्टी, शरवरी वाघ, इम्तियाज अली, भूषण गगरानी, आसिफ भामला, और नीरज रॉय मौजूद थे। इस बार इस पहल के तहत कुछ कलाकारों को लेकर बनाई गई शॉर्ट फिल्मों के जरिए प्लास्टिक प्रदूषण के खतरनाक प्रभावों से दर्शकों और आम नागरिकों को रूबरू कराया जाएगा। इस फिल्म को कैंपेन की ऑफिशियल थीम आओ प्लास्टिक पॉल्यूशन रोकें के इर्द-गिर्द बुना गया है। इस कॉन्फ्रेंस में इस थीम को भी लॉन्च किया गया। इस साल के कैंपेन के बारे में हंगामा डिजिटल मीडिया के फाउंडर और मैनेजिंग डाइरेक्टर नीरज रॉय ने कहा, ह्लटिक टिक प्लास्टिक 3.0 के लिए भामला फाउंडेशन के साथ अपनी पार्टनरशिप को जारी रखते हुए हमें बेहद खुशी और गर्व है। इम्तियाज अली की फिल्म को शानदार ढंग से पेश करने की खूबी, अजय देवगन और शरवरी जैसे कलाकारों के साथ से हमें पूरा यकीन है कि हम ऐसा संदेश लोगों तक पहुंचा पाएंगे जो उन्हें अहम कदम उठाने के लिए प्रेरित करेगा। सिनेमा की ताकत और डिजिटल मीडिया की पहुंच का इस्तेमाल करके हमारा मकसद सिर्फ जागरूकता पैदा करना ही नहीं है, बल्कि हम लोगों की आदतों में बदलाव लाना चाहते हैं, ताकि पर्यावरण का बेहतर तरीके से संरक्षण हो सके।
इस कैंपेन के तहत बनाई जाने वाली पहली फिल्म ह्यअर्थिंगह्ण है जिसमें अजय देवगन और शरवरी नजर आएंगे। दूसरी फिल्म ह्यप्यासाह्ण है जिसमें अजय देवगन नजर आएंगे। इन दोनों ही फिल्मों को इम्तियाज अली ने निर्देशित किया है। ये फिल्में इंसान के तौर-तरीकों में बदलाव लाने पर केंद्रित है और इस दिशा में सोचने को प्रेरित करती हैं कि किस तरह हम छोटे-छोटे कदम उठाकर जलवायु परिवर्तन को रोकने में योगदान दे सकते हैं। टिक टिक प्लास्टिक 3.0 के ऑफिशियल पार्टनर होने की हैसियत से हंगामा डिजिटल मीडिया इस फिल्म को अलग-अलग डिजिटल प्लैटफॉर्म पर डिस्ट्रीब्यूट करेगा।

### पेड़ से लटका मिला टेंपो चालक का शव, हत्या की आशंका से सनसनी

**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** नूंह जिले के नल्हड़ मेडिकल कॉलेज रोड पर शनिवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब खेतों के पास एक पेड़ से लटकता एक युवक का शव देखा गया। मृतक के पास ही एक ऑटो खड़ा था और आश्चर्यजनक रूप से उसके पास एक दो वर्षीय जीवित बच्चा भी मिला, जिसे पुलिस ने अपनी हिरासत में लेकर मेडिकल जांच के लिए भिजवा दिया है। मृतक की पहचान साहुन पुत्र फजरू, निवासी कहरानी भिवाड़ी (राजस्थान) के रूप में हुई है, जो टेंपो चालक था।

# सभी मंडियों में प्रवेश द्वार के पास एक कृषक स्वागत द्वार व विश्राम गृह बनेगा

**समीक्षा बैठक**

-चबूतरों का उपयोग केवल किसानों के लिए सुरक्षित रखा जाए: दिनेश प्रताप सिंह



**लोकेश चौधरी**
**मथुरा।** सभी मंडियों में प्रवेश द्वार के पास एक कृषक स्वागत द्वार व विश्राम गृह बनेगा यह निर्देश राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात दिनेश प्रताप सिंह ने दिये हैं। जनपद मथुरा में आगरा तथा अलीगढ़ मण्डल के उद्यान विभाग एवं मंडी परिषद के सभी अधिकारियों के साथ बैठक कर विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में जनहित, किसान हित और राज्यहित को ध्यान में रखते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए किसानों के हित में बेहतर कार्य करें। बैठक में उपस्थित मंडी सचिवों को निर्देश दिया कि वे अपने क्षेत्र के निर्वाचित विधायकों से नियमित संवाद बनाए रखें। मंडी परिषद् और उद्यान विभाग के अधिकारियों को जनहित में अपनी सेवाओं, परिश्रम आचरण और व्यवहार के प्रति माननीय विधायकों के संतोष का प्रमाण हर हालात में सुनिश्चित किया जाए। सभी मंडियों में प्रवेश द्वार के पास एक कृषक स्वागत व विश्राम गृह के निर्माण के निर्देश दिए गए। यदि कोई भवन का हिस्सा इस उद्देश्य के लिए उपयुक्त हो, तो उसे किसानों के स्वागत और सुविधा के लिए आरक्षित किया जाए। मंडियों में आने वाले किसानों के लिए उचित बैठने की व्यवस्था और शीतल जल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि किसान यह महसूस करें कि मंडी उनकी है। मंडियों में बने किसानों के उपयोग के चबूतरों पर अवैध अतिक्रमण को रोकने के निर्देश दिए। इन चबूतरों का उपयोग केवल किसानों के लिए सुरक्षित रखा जाए। साथ ही, मंडियों में अस्थाई अवैध अतिक्रमण को तत्काल हटाने और मंडी के वातावरण को स्वच्छ एवं सुगम बनाए रखने पर जोर दिया।
फोटो परिचय- राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात दिनेश प्रताप सिंह अधिकारियों के साथ बैठक लेते हुए।

## पायोनियर का बेंगलुरु में आरएंडडी विस्तार

**गुरुग्राम ।** ऑटोमोटिव इलेक्ट्रॉनिक्स एवं मोबिलिटी सॉल्यूशंस क्षेत्र की वैश्विक अग्रणी कंपनी पायोनियर कॉर्पोरेशन की भारतीय सहयोगी संस्था, पायोनियर इंडिया, ने बेंगलुरु, भारत में अपने नए आरएंडडी केंद्र का उद्घाटन किया है ।यह उद्घाटन वर्ष 2023 में बेंगलुरु में आरएंडडी उपस्थिति की स्थापना की घोषणा के बाद एक महत्वपूर्ण अगला चरण माना जा रहा है । यह नया केंद्र पायोनियर की नवाचार क्षमताओं को विस्तार देने और वैश्विक उत्पाद विकास में अपनी उपस्थिति को और सुदृढ़ करने की रणनीतिक दृष्टि को रेखांकित करता है ।बेंगलुरु स्थित यह आरएंडडी केंद्र व्यापक ऑटोमोटिव एवं मोबिलिटी तकनीकों की अगली पीढ़ी को विकसित करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है। यह केंद्र विशेष रूप से विकासशील और शहरी बाजारों में बढ़ती स्मार्ट, सुरक्षित और सुलभ मोबिलिटी की मांग को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित रहेगा-ऑटोमोटिव विजन एवं सेंसरिंग तकनीकें (जैसे डैश कैमरा, डिजिटल मिरर, 360-डिग्री विजन और अन्य कैमरा प्रणालियाँ)। उन्नत ड्राइवर सहायता प्रणालियाँ । डिजिटल कॉकपिट एवं ह्यूमन-मशीन इंटरफेस । क्लाउड-कनेक्टेड इंफोटेनमेंट और टेलीमैटिक्स समाधान। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई ) और मोबिलिटी डेटा प्लेटफॉर्म ।दोपहिया वाहनों के लिए कनेक्टेड समाधान (नेविगेशन डिस्प्ले, सुरक्षा अलर्ट, मोबाइल एकीकरण, एसओएस विशेषताएँ)।

## किंग सिक्योरिटी को जारी किया गया नोटिस



**लोकेश चौधरी/टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा।** नगर निगम क्षेत्र की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से नगर आयुक्त जग प्रवेश द्वारा प्रातः नियमित रूप से विभिन्न वार्डों एवं गलियों में जाकर सफाई कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को नगर आयुक्त द्वारा वृंदावन जोन अंतर्गत पागल बाबा मंदिर से रंगजी मंदिर मार्ग तक की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित क्षेत्र में सफाई कर्मियों की उपस्थिति संतोषजनक नहीं पाए जाने पर नगर आयुक्त द्वारा उस क्षेत्र में कार्यरत करदाई संस्था किंग सिक्योरिटीष को कड़ी चेतावनी सहित नोटिस जारी किया गया। इसके अतिरिक्त, गौरा नगर स्थित सीएफसी नाले की सफाई स्थिति का भी गहन परीक्षण किया गया, जहाँ मार्ग में जमी हुई सिल्ट को चिन्हित कर, उसे तात्कालिक रूप से हटाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त महोदय ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश प्रदान किए कि स्वास्थ्य विभाग के जोनल सेनेटरी ऑफिसर एवं सफाई निरीक्षक प्रातः पांच बजे से क्षेत्र में उपस्थित रहकर सफाई कार्यों का पर्यवेक्षण करें और स्वयं अपनी उपस्थिति में कार्य सुनिश्चित करें।

## घर के सामने खडे व्यक्ति को गोली मारने वाले दो शातिर गिरफ्तार

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना कोसीकलां पुलिस ने व्यक्ति में गोली मारने की घटना कारित करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से दो तमंचा, दो खोखा व छह जिन्दा कारतूस, 40,150 रुपए, एक एण्ड्रायड मोबाईल एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद की है। 30 मई को थाना कोसीकलाँ पुलिस टीम ने जनता के सहयोग से घर के सामने आर्दश कालौनी गोपालबाग कोसीकलां में व्यक्ति में गोली मारने वाले दो बदमाशों मोहन पुत्र उदयराम निवासी पैगाँव थाना शेरगढ व महेन्द्र उर्फ छोटे पुत्र लालाराम निवासी डकोरा थाना मुंडकटी जिला पलवल हरियाणा को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना कोसीकला अरविन्द कुमार निर्वाल मोहन पर पूर्व में गैंगस्टर की कार्यवाही हो चुकी है

## बांके बिहारी मंदिर पर गोस्वामी समाज की महिलाओं का प्रदर्शन



**लोकेश चौधरी /टीम एक्शन इंडियामथुरा।** बांके बिहारी मंदिर में प्रस्तावित कॉरिडोर एवं न्यास ट्रस्ट का विरोध लगातार तेज होता जा रहा है। शनिवार को मंदिर के गोस्वामी परिवार की महिलाएं भी प्रदर्शन करने के लिए घरों से बाहर निकल गयी और जमकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। बांके बिहारी मंदिर के मुख्य द्वार पर एकत्रित हुई महिलाओं ने कहा कि वह किसी भी कीमत पर सरकार अधिग्रहण नहीं होने देंगे चाहे इसके लिए उनको अपनी जान देनी पड़े। शनिवार को राजभोग आरती के बाद बांके बिहारी मंदिर के गोस्वामी परिवार की महिलाएं मंदिर के मुख्य द्वार पर एकत्रित होकर अपनी पारंपरिक पहनावे में प्रदर्शन करने आयी महिलाओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन कर रही महिलाओं का कहना था कि हम सभी स्वामी हरिदास के वंशज है बांके बिहारी हमारे है और हम बांके बिहारी के। उन्होंने कहा कि बांके बिहारी को उनसे दूर करने का प्रयास किया जा रहा है अगर सरकार ने ऐसा किया तो वह अपने शरीर को यहीं पर न्यौछावर कर देंगे। गोस्वामी समाज की महिलाएं यही नहीं रुकी आगे बोलते हुए उन्होंने कहा कि वृंदावन में कुंज गलियों के सिवा कुछ नहीं है वृंदावन में सप्त देवालय हैं और सारे सप्त देवालय प्राइवेट है। प्रदर्शन कर रही महिला रेणु गोस्वामी का कहना था कि वृंदावन में कॉरिडोर बनाने की कोई जरूरत नहीं है मंदिर के आसपास काफी जगह है वहां सरकार रेलिंग बनाकर व्यवस्था कर सकती है

## कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कादराबाद में नक्षत्रा बायोफ्यूल प्लांट का किया उद्घाटन

**उद्घाटन**

इथेनॉल उत्पादन से रोजगार और किसानों को होगा लाभ,: कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा



**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री (मैनपाल कश्यप )** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने शुक्रवार को इन्द्री के गाँव कादराबाद के निकट 11 एकड़ भूमि पर स्थापित नक्षत्रा बायोफ्यूल प्राइवेट लिमिटेड का उद्घाटन किया। प्रबंध निदेशक सुरेंद्र गोयल, कौशल कुमार अग्रवाल, निदेशक अंकिता अग्रवाल और सरल अग्रवाल ने अपनी टीम के साथ मंत्री का स्वागत किया और उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने कंपनी के संचालकों से संयंत्र के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। कंपनी की निदेशक अंकिता अग्रवाल ने मुख्य अतिथि का स्वागत और धन्यवाद किया।
उद्घाटन समारोह में बोलते हुए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि नक्षत्रा बायोफ्यूल प्राइवेट लिमिटेड में पेट्रोल और डीजल में उपयोग होने वाला इथेनॉल तैयार किया जाएगा। इस संयंत्र की स्थापना से आसपास के गांवों के लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और किसानों को भी इससे काफी लाभ होगा। उन्होंने कहा कि देश की उन्नति और प्रगति में निजी कंपनियों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। कुछ वस्तुओं के आयात पर देश का धन विदेशों में जाता है, यदि ये वस्तुएं देश में ही बनें तो धन की बचत होगी और अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि औद्योगिक इकाइयों के निर्माण से भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बना है और यदि इसी प्रकार विकास होता रहा तो 2047 से पहले ही भारत एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा।
कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने किसानों के हित में कई कदम उठाए हैं। हाल ही में, 2025-26 खरीफ सीजन के लिए धान, ज्वार, बाजरा, रागी, मक्का, अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सूरजमुखी, सोयाबीन, तिल और कपास के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि करके किसानों को बड़ी राहत दी है। उन्होंने कृषि में रासायनिक खादों के अधिक प्रयोग से होने वाले नुकसानों पर प्रकाश डाला और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जमीन की सेहत ठीक होगी तो मनुष्य की सेहत भी ठीक रहेगी। रासायनिक खादों और कीटनाशकों के प्रयोग से मिट्टी की उर्वरा शक्ति कम हो रही है और जल, वायु और मृदा प्रदूषण बढ़ रहा है।
इसलिए, प्राकृतिक खेती को अपनाना आवश्यक है। प्राकृतिक खेती से मिट्टी में जीवाणुओं की वृद्धि होती है और कम लागत में अधिक पैदावार होती है।

## नी (घुटना) रिप्लेसमेंट सर्जरी से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें

**झज्जर :** आजकल 45 की उम्र में ही घुटनों का दर्द एक आम समस्या बनता जा रहा है। इसके पीछे सबसे बड़े कारण हैं– बैठे रहने की आदत, बढ़ता वजन और बढ़ती उम्र के साथ जोड़ों में होने वाला घिसाव। अगर समय रहते इलाज न किया जाए तो दवाइयों और फिजियोथेरेपी से भी राहत नहीं मिलती। लेकिन मरीजों को निराश होने की जरूरत नहीं है क्योंकि नी रिप्लेसमेंट सर्जरी आज दर्द से राहत और दोबारा चलने-फिरने की क्षमता लौटाने का एक कारगर तरीका बन चुकी है ।डॉ. राजीव वर्मा, चेयरमैन, मणिपाल इंस्टीट्यूट ऑफ बोन एंड जाईंट्स, मणिपाल हॉस्पिटल्स, द्वारका ने कहा, ह्लनी रिप्लेसमेंट सर्जरी को नी आर्थ्रोप्लास्टी भी कहा जाता है। यह एक बहुत ही सफल प्रक्रिया है, जो आर्थराइटिस या चोट की वजह से बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुके जोड़ों में भी राहत देती है और मरीज की चलने-फिरने की क्षमता को लौटाती है। अगर समय पर सही जानकारी, तैयारी और बाद की देखभाल की जाए, तो मरीज फिर से एक्टिव ज़िंदगी जी सकते हैं ।ह्लजानिए नी रिप्लेसमेंट सर्जरी के बारे में पाँच महत्वपूर्ण बातें:-यह सर्जरी केवल बुजुर्गों के लिए नहीं है - पहले माना जाता था कि यह सर्जरी सिर्फ बुजुर्गों के लिए होती है, लेकिन अब 40-50 की उम्र में भी लोग खेल-कूद में चोट लगने, ऑस्टियोआर्थराइटिस या इनफ्लेमेटरी आर्थराइटिस जैसी स्थितियों के कारण इस सर्जरी की जरूरत महसूस कर रहे हैं। इस सर्जरी की सफलता की दर बहुत ज्यादा है - नी रिप्लेसमेंट सबसे सफल ऑर्थोपीडिक सर्जरी की विधियों में से एक है। आधुनिक तकनीक और बेहतर इंप्लांट की मदद से अधिकांश मरीजों को दर्द से आराम मिल जाता है और वे फिर से सामान्य ज़िंदगी जीने लगते हैं।

## फ्लिपकार्ट मिनट्स ने किया मात्र 9 रुपये में गुणवत्तापूर्ण ताजा सब्जियों की डिलीवरी का वादा

**गाजियाबाद।** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने आज फ्लिपकार्ट मिनट्स के लिए टीवी और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर नया विज्ञापन अभियान शुरू किया। इस विज्ञापन फिल्म में मात्र 9 रुपये की शुरूआती कीमत पर ताजा सब्जियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को केंद्र में रखा गया है। सुपरहिट बॉलीवुड मूवी 3 इडियट्स से प्रेरणा लेते हुए इसे खुशनुमा अंदाज में फिल्माया गया है। ग्रॉसरी के बढ़ते बिल और समय की कमी जैसी रोजाना की चिंताओं को सामने रखते हुए इस फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे फ्लिपकार्ट मिनट्स ने अच्छी गुणवत्ता वाली ताजा सब्जियों को कम समय में मंगाने का आसान रास्ता दिया है, वह भी मात्र 9 रुपये की शुरुआती कीमत में। इससे ग्राहकों को शानदार वैल्यू और सहूलियत मिलती है। इस कैंपेन को लेकर फ्लिपकार्ट मिनट्स के वाइस प्रेसिडेंट कबीर बिस्वास ने कहा, ह्यफ्लिपकार्ट मिनट्स के साथ हम रोजाना की जरूरत की चीजों को सुगम बना रहे हैं।

## नकटा बतख को भा गई भरपूर पानी वाली जोधपुर झाल

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
जोधपुर झाल पर नाब बिल्ड डक (नकटा या कंघी बतख ) डेरा डाले हुए हैं। पक्षियों की दूसरी प्रजातियां भी विचरण कर रही हैं। भीषण गर्मी में भी झाल के जलाशयों में पानी की कमी न हो इस बात का इतंजाम किया गया है। यह प्रयास असर दिखा रहे हैं। झाल में पक्षियों का कलरव पक्षी प्रेमियों और पक्षी वैज्ञानिकों को आकर्षित कर रहा है। शोधार्थी भी पहुंच रहे हैं। सैकड़ो की संख्या में कंघी बतख ने पहली बार जोधपुर झाल को अपना



ठिकाना बनाया है। अब इनके यहां प्रजनन करने की संभावना है।
जोधपुर झाल को उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने फरह के निकट 64 हेक्टेयर में वन विभाग और विकास प्राधिकरण के सहयोग से तैयार किया है। करीब चार किलोमीटर में फैले जोधपुर झाल पर ईको सिस्टम विकसित किया है। जिसमें सात वाटर बॉडी भी हैं। वर्तमान में करीब 200 की संख्या में नर व मादा नाब बिल्ड डक (नकटा या कंघी बतख ) जोधपुर झाल में डेरा डाले हुए हैं। वेटलैंड हेविटाट व भोजन की उपलब्धता के कारण इसकी संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। जैव विविधता का अध्ययन करने वाली संस्था बायोडायवर्सिटी रिसर्च एंड डवलपमेंट सोसाइटी के पक्षी विशेषज्ञ डॉ केपी सिंह के अनुसार नॉब बिल्ड डक का वैज्ञानिक नाम सरकिडियोर्निस मेलानोटोस है। इसे भारत में नकटा या कंघी बतख नाम से भी पुकारा जाता है।
डॉ केपी सिंह के अनुसार नर की चोंच के ऊपर पत्ती के आकार की कंघी होती है इस कारण इसका नाम नाब बिल्ड रखा गया है। यह बड़े आकार के बतख हैं। इनकी पीठ के पंखो का रंग दालचीनी के किनारों के साथ एक धातु बैंगनी, बैंगनी, कांस्य और हरे रंग का होता है।

## प्रोफेसर डॉ. सतीश कुमार भारद्वाज की सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह


**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री मई (मैनपाल कश्यप** )शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय, मटक माजरी (करनाल) में आज दिनांक 31 मई, 2025 को शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रोफेसर डॉ. सतीश कुमार भारद्वाज के सेवानिवृत्ति अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। डॉ. भारद्वाज इस महाविद्यालय में प्रोफेसर (शारीरिक शिक्षा) के पद पर कार्यरत रहे और साथ ही उच्च शिक्षा विभाग, हरियाणा सरकार में सहनिदेशक, उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा के रूप में अपनी सेवाएँ दीं। समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ महेंद्र सिंह बागी, महाविद्यालय की



कॉलेज काउंसिल के सम्मानित सदस्य, सभी शैक्षणिक एवं गैरशैक्षणिक सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर डॉ सतीश कुमार भारद्वाज जी की धर्मपत्नी डॉ निधि शर्मा, उनके सुपुत्र अनमोल और सुपुत्री यशिका, प्रोफेसर शीशपाल, डॉ चमनलाल, प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय, तरावड़ी, पूर्व प्राचार्य, शहीद उधमसिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी डॉ लोकेश त्यागी, डॉ परवीन वत्स, डॉ कुंवर भान, डॉ राजेश मेहरा एवं डॉ परुथी उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. भारद्वाज के योगदान को भावपूर्ण शब्दों में स्मरण किया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। डॉ. सतीश कुमार भारद्वाज का करियर शिक्षा, खेल और समाज सेवा के समर्पण का प्रतीक रहा है। उन्होंने तीन दशकों से अधिक समय तक विभिन्न राजकीय महाविद्यालयों में अध्यापन कार्य किया और राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर खेलों के क्षेत्र में हरियाणा की पहचान को मजबूत किया। वे स्वयं एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के एथलीट रहे हैं और मलेशिया व भारत में आयोजित मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में कई पदक जीत चुके हैं। शोध एवं अकादमिक क्षेत्र में उनका योगदान अत्यंत सराहनीय रहा है। डॉ. भारद्वाज ने 32 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित किए हैं और बी.ए. स्तर के लिए शारीरिक शिक्षा की कई पुस्तकें लिखी हैं। वे विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सेमिनारों में शोधपत्र प्रस्तुत कर चुके हैं। साथ ही, वे एन.सी.सी. एवं एन.एस.एस. जैसे सामाजिक अभियानों में भी सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह बागी ने अपने संबोधन में कहा, "डॉ. भारद्वाज जैसे समर्पित शिक्षक और कुशल प्रशासक विरले ही होते हैं। उन्होंने अपने कार्य से न केवल विद्यार्थियों को प्रेरित किया, बल्कि महाविद्यालय और प्रदेश का नाम भी गौरवान्वित किया है।
महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ रणबीर सिंह, डॉ बाल ऋषि, डॉ सविता रानी, प्रो. वंदना सैनी, डॉ रमेश कुमार, डॉ सुमित गोयल एवं डॉ प्रदीप वत्स ने अपने शब्दों में डॉ सतीश कुमार भारद्वाज के प्रति उदगार व्यक्त किया।

## परीक्षा परिणाम में सैयद छपरा के विद्यार्थी रहे अव्वल, कमेटी ने किया सम्मानित

**इंद्री (मैनपाल कश्यप )** जुलाई उत्तर प्रदेश की सीमा के समीप बसे गांव सैय्यद छपरा में मदरसा हैदरया की वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया, इस दौरान आयेजित जलसा का आयोजन अली वारिस ने कुरआन पढ़ कर किया । जलसे की सदारत मौलाना सकलेन व निजामत मौलाना अकील रजा तुराबी ने की। परीक्षा परीणाम में अव्वल रहने वाले विधार्थियों को कमेटी की ओर से इनाम देकर सम्मानित किया गया और उन का मुंह मीठा कराया गया, मौलाना अकील रजा सिकरेटरी मदरसा बिन्तुल हुदा ने बताया की



संस्था तनजीमुल मकातिब लखनाऊ की तरफ से आए प्रशिक्षक मौलाना नजर अब्बास द्वारा बच्चों की सालाना परीक्षा ली गइ, जिस में नर्सरी में अलीना जैनब ने 95 फिसदी अंक प्रथम कक्षा के छात्र मोहम्मद तकी ने 83 फिसदी, दुसरी कक्षा की छात्रा आलिया जेनब ने 96 फिसदी, तीसरी कक्षा का छात्रा रहनूमा बतुल ने 87 फिसद, चोथी कक्षा की छात्रा हदीका बतुल ने 84 फिसदी, पांचवी कक्षा की छात्रा नाजरा बतुल ने 97 फिसदी अंक प्राप्त करके मदरसा हैदरया व गांव सैय्यद छपरा का नाम रोशन किया, मदरसे के चेयरमैन अजादार हुसैन ने बताया कि मदरसे के 46 बच्चों ने सालाना परीक्षा दी जिस में सब बच्चे पास हुए हैं, इस मोके पर अजादार हुसैन. अली अब्बास प्रधान, अली रहमान, डा0 नईम अब्बास, तत्हीर अब्बास, कलबे हैदर, शबी हैदर. कामिल अब्बास, नजम अब्बास, अम्मार हैदर, तालिब हुसैन, मोजूद थे. प्रोग्राम के आखिर में मुलक की तरक्की और इत्तेहाद से रहने की दुआ की गई।



# आईपीएल 2025 में गुजरात टाइटन्स का सफर समाप्त, मुंबई इंडियंस ने 20 रन से हराया



**न्यू चंडीगढ़।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के एलिमिनेटर मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने गुजरात टाइटन्स को 20 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ हार्दिक पांड्या के नेतृत्व वाली टीम क्वालिफायर-2 में पहुंच गई है। अब उसका सामना एक जून को अहमदाबाद में पंजाब किंग्स से होगा। न्यू चंडीगढ़ में खेले गए एलिमिनेटर मैच में मुंबई इंडियंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 228 रन बनाए। जवाब में गुजरात निर्धारित ओवरों में छह विकेट खोकर सिर्फ 208 रन बना पाई और यह मुकाबला 20 रन से हार गई। गुजरात के लिए साई सुदर्शन ने सबसे ज्यादा 80 रन बनाए। लक्ष्य पीछा करने उतरी गुजरात टीम की शुरूआत झटके के साथ हुई थी। कप्तान शुभमन गिल सिर्फ एक रन बना पाए। उन्हें ट्रेंट बोल्ट ने अपना शिकार बनाया। इसके बाद क्रीज पर आए कुसल मेंडिस हिट विकेट होकर पवेलियन लौट गए। उन्होंने साई सुदर्शन के साथ 34 गेंदों में 64 रनों की साझेदारी निभाई। इसमें मेंडिस का 20 रनों का योगदान रहा। फिर सुदर्शन को वाशिंगटन सुंदर का साथ मिला। दोनों के बीच 44 गेंदों में 84 रनों की साझेदारी हुई। सुंदर ने 48 और सुदर्शन ने 80 रन बनाए। वहीं, रदरफोर्ड ने 24, शाहरुख खान ने 13 रन बनाए। राहुल तेवतिया 16 और राशिद खान खाता खोले बिना नाबाद रहे। मुंबई इंडियंस के लिए ट्रेंट बोल्ट ने दो विकेट लिए जबकि जसप्रीत बुमराह, रिचर्ड ग्लीसन, मिचेल सैंटनर और अश्विनी कुमार ने एक-एक विकेट झटके। इससे पहले, टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रोहित शर्मा और जॉनी बेयरस्टो की सलामी जोड़ी ने मुंबई को तेज शुरूआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 84 रनों की साझेदारी हुई। साई किशोर ने इस मैच में डेब्यू करने वाले बेयरस्टो को गेराल्ड कोएत्जी के हाथों कैच कराया। वह 22 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के की मदद से 47 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद रोहित को सूर्यकुमार यादव का साथ मिला। दोनों ने 34 गेंदों में 59 रन जोड़े।

## मुंबई को सनराइजर्स जैसा कमाल दिखाने के लिए पंजाब और आरसीबी से मिलेगी तगड़ी चुनौती

**अहमदाबाद :** आईपीएल 2025 का रोमांच फैंस के सिर चढ़कर बोल रहा है। प्लेऑफ की शुरूआत हो चुकी है और दो मैच भी खेले जा चुके हैं। अब आखिरी दो मुकाबले बचे हैं और मुंबई इंडियंस के सामने सनराइजर्स हैदराबाद जैसा कमाल करने का मौका है। साल 2016 की तरह फिर से संयोग बन रहे हैं। तब यानी नौ साल पहले सनराइजर्स हैदराबाद की टीम एलिमिनेटर खेली थी और फिर टीम ने खिताब जीता था। एसआरएच की टीम आईपीएल में इकलौती टीम है जिसने एलिमिनेटर खेलते हुए खिताब पर कब्जा जमाया था। उसने एलिमिनेटर, क्वालिफायर-दो और फाइनल तीनों मुकाबले जीते थे। खास बात तो यह है कि 2016 में भी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम ही फाइनल में थी और क्वालिफायर एक जीतकर सीधे फाइनल में पहुंची थी। वहीं, इस सीजन मुंबई के सामने सनराइजर्स जैसा कमाल दिखाने के लिए पंजाब और आरसीबी की चुनौती है।

# उम्मीद है रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम चैंपियन बनेगी: डिविलियर्स



**मुंबई :** दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स इन दिनों भारत के दौरे पर हैं। मुंबई में उन्होंने भारतीय क्रिकेट के कई पहलुओं को लेकर बात की है। उन्होंने शुभमन गिल के टेस्ट कप्तान बनने से लेकर भारत के इंग्लैंड दौरे और विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास को लेकर भी बातचीत की है। डिविलियर्स ने कहा कि उन्हें उम्मीद है रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम इस साल चैंपियन बनेगी।

**'खुश हूं की आरसीबी की टीम फाइनल में पहुंची'**

आरसीबी के फाइनल में पहुंचने पर डिविलियर्स ने कहा- मुझे बहुत खुशी है कि बेंगलुरु की टीम फाइनल में पहुंच गई है। मुंबई इंडियंस ने शुक्रवार रात जीत हासिल की। अब बहुत अच्छा क्वालिफायर 2 का मुकाबला होने जा रहा है (मुंबई और पंजाब के बीच)। मैं फाइनल का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं और उम्मीद है कि यह साल आरसीबी के लिए अच्छा रहेगा।'

**कोहली के टेस्ट से संन्यास पर बोले डिविलियर्स**

कोहली के टेस्ट से संन्यास पर डिविलियर्स ने कहा, 'उन्होंने अपने दिल की बात सुनी होगी। विराट ने अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनी। उन्होंने वर्षों तक दुनिया भर में क्रिकेट के लिए बहुत कुछ किया है और सौभाग्य से हम उन्हें अभी भी क्रिकेट के मैदान पर देखेंगे। टेस्ट मैचों में उनकी कमी खलेगी। उन्होंने लाल गेंद में एक महान विरासत छोड़ी है।'

**गिल के नए टेस्ट कप्तान बनने पर बोले डिविलियर्स**

डिविलियर्स ने गिल को भारतीय टेस्ट टीम का नया कप्तान नियुक्त किए जाने पर कहा, 'अब समय आ गया है कि युवा खिलाड़ी आगे आएं। शुभमन गिल जिम्मेदारी ले रहे हैं। भारत में काफी प्रतिभा है और इसका श्रेय काफी हद तक आईपीएल को जाता है। हमने इस साल वैभव सूर्यवंशी को देखा। इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय टीम की और गिल की कड़ी परीक्षा होगी।'

**मुंबई और पंजाब के बीच खेला जाएगा क्वालिफायर-दो**

दरअसल, मुंबई ने शुक्रवार को एलिमिनेटर में गुजरात को 20 रन से हराकर क्वालिफायर-दो में जगह बनाई। अब एक जून को अहमदाबाद में क्वालिफायर-दो का मुकाबला खेला जाएगा। वहीं, तीन जून को अहमदाबाद में ही फाइनल खेला जाएगा। आरसीबी की टीम ने क्वालिफायर एक में पंजाब को हराया था और सीधे फाइनल में एंट्री ली थी। वहीं, आईपीएल के खत्म होने के बाद भारतीय टीम को इंग्लैंड का दौरा करना है। वहां टीम इंडिया पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी, जिसकी शुरूआत 20 जून से होने जा रही है।

# बनारस क्रियेटर्स क्रिकेट लीग में भोजूबीर ब्लास्टर ने 24 रन से दर्ज की शानदार जीत

**वाराणसी।** बनारस क्रियेटर्स क्रिकेट लीग (बीसीसीएल) में छठवें दिन शुक्रवार को काशी नाइट्स और भोजूबीर ब्लास्टर के बीच रोहनिया के डालिम्स सनबीम स्कूल के मैदान पर टी-10 कैनवास क्रिकेट खेला गया। भोजूबीर ब्लास्टर्स के बल्लेबाज आशी के 29 रन की बदौलत काशी नाइट्स को 24 रन से हार का सामना करना पड़ा। भोजूबीर ब्लास्टर्स की टीम ने कमाल का क्षेत्ररक्षण किया। काशी नाइट्स के तीन बल्लेबाज तीन रन बनाने में रनआउट हो गए। पहले बल्लेबाजी कर भोजूबीर ब्लास्टर्स ने 10 ओवर में 6 विकेट खोकर 82 रन बनाए। आशीष प्रताप ने 14 गेंदों में 29 रन बनाकर टीम को मजबूती दिलाई। जवाब में काशी नाइट्स की शुरूआत खराब रही। शुभम ने पहले ओवर की दूसरी गेंद पर अमन को आउट कर दिया। दूसरे ओवर सुधीर ने आकाश को क्लीन बोल्ड कर दिया। भोजूबीर ब्लास्टर्स की गेंदबाजी के आगे काशी नाइट्स के बल्लेबाज ज्यादा देर तक नहीं टिक सके। विकेटों के बीच समन्वय की कमी के चलते आदित्य शून्य, रवि दो रन और शुभम एक रन बनाकर रन आउट हो गए। पूरी टीम 9.2 ओवर में 58 रन पर ऑलआउट हो गई। भोजूबीर के आशीष प्रताप को मैन ऑफ द मैच चुना गया। आकाश चौधरी बनारसी भौकाल और अमन बनारसी नाम से सोशल मीडिया पर एक्टिव हैं। प्रतियोगिता का शुभारंभ आयोजन सचिव माहिर मधोक ने किया। संचालन डालिम्स सनबीम के सौरभ यादव ने किया।



**लीग में खेल रहे सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर:** बनारस क्रिएटर्स क्रिकेट लीग में बनारस के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर खेल रहे हैं। यह लीग कैनवास बॉल से 10-10 ओवर की खेली जा रही है। प्रतियोगिता में छह टीमों के 120 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। समापन 5 जून को होगा।

**जनपदीय जूनियर बालिका बॉक्सिंग टीम घोषित**

प्रादेशिक मुक्केबाजी के खिलाड़ियों का चयन ट्रायल शुक्रवार को सिगरा के डॉ. संपूर्णानंद स्पोटर्स कॉम्प्लेक्स में लिया गया। चयनित खिलाड़ी रविवार को मंडलीय टीम के लिए सिगरा स्टेडियम में ट्रायल देंगे। मुक्केबाजी संघ ने ट्रायल के बाद जिले की टीम घोषित कर दी है। **क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विमला** सिंह ने बताया कि प्रदेशस्तरीय समन्वय अंडर-17 जूनियर बालक-बालिका मुक्केबाजी झांसी स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेली जाएगी। चयन ट्रायल में 60 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। 13 का चयन मंडलीय के लिए हुआ। कोच दीपिका तिवारी ने बताया कि मंडलीय टीम का चयन 31 मई को सुबह नौ बजे से सिगरा स्टेडियम में होगा। अंतिम रूप से चयनित टीम झांसी में प्रादेशिक जूनियर मुक्केबाजी प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। बैडमिंटन के खिलाड़ियों को फुटवर्क के बारे में बताया विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद बीएचयू की ओर से आयोजित मासिक शिविर में शुक्रवार को बैडमिंटन में खिलाड़ियों को फुटवर्क और शॉर्ट का प्रशिक्षण दिया गया। सहायक निदेशक प्रो. राजीव सिंह ने बताया कि डॉ. विभुति नारायण सिंह इंडोर हॉल में 30 खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर में अलग-अलग कोच 9 खेलों की बारीकियां सिखा रहे हैं। महासचिव प्रो. बीसी कापरी ने बताया कि शिविर 15 मई से 15 जून तक लगेगा।

# बिपिन सिंह के सम्मान में जर्सी नंबर 29 को रिटायर करने का फैसला

**मुंबई।** मुंबई सिटी एफसी ने पुष्टि की है कि विंगर बिपिन सिंह का क्लब के साथ अनुबंध 31 मई 2025 को समाप्त हो गया है और वह अब टीम का हिस्सा नहीं रहेंगे। क्लब ने उनके अमूल्य योगदान को सम्मानित करते हुए उनकी जर्सी नंबर 29 को हमेशा के लिए रिटायर करने का फैसला किया है।

मणिपुर से ताल्लुक रखने वाले बिपिन सिंह ने 2018 में शिलॉन्ग लाजोंग और एटीके जैसे क्लबों में खेलकर अनुभव हासिल करने के बाद मुंबई सिटी से जुड़ाव बनाया था। इसके बाद वह क्लब के इतिहास के सबसे अहम खिलाड़ियों में से एक बन गए। बिपिन ने मुंबई सिटी के साथ रहते हुए दो बार इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) कप और दो बार लीग शील्ड अपने नाम की।

उन्होंने क्लब के लिए कई अहम मौकों पर निर्णायक प्रदर्शन किए। बिपिन सिंह 2020-21 के ऐतिहासिक सीजन में टीम के अहम सदस्य थे, जब मुंबई सिटी एफसी आईएसएल इतिहास में पहली बार कप और शील्ड दोनों जीतने वाली टीम बनी।

फाइनल में एटीके मोहन बागान के खिलाफ विजयी गोल आईएसएल के इतिहास में सबसे यादगार पलों में गिना जाता है। बिपिन ने 2023-24 में दूसरा आईएसएल कप भी अपने नाम किया।

## महंगे घरों की तरह कीमती हैं बुमराह: हार्दिक



**मुल्लांपुर :** आईपीएल 2025 में मुंबई इंडियंस के क्वालिफायर दो में पहुंचने का श्रेय कप्तान हार्दिक पांड्या ने रोहित शर्मा, जॉनी बेयरस्टो और जसप्रीत बुमराह को दिया है। रोहित ने अर्धशतकीय पारी खेली, जबकि बेयरस्टो ने एमआई को तूफानी शुरूआत दिलाई थी। बुमराह ने किफायती गेंदबाजी की और जरूरत के वक्त विकेट चटकाए। इसकी बदौलत मुंबई ने मुल्लांपुर में खेले गए एलिमिनेटर मुकाबले में गुजरात टाइटंस को 20 रन से हरा दिया। जीत के बाद मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने रोहित और बेयरस्टो की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने ही टीम के बड़े स्कोर की नींव रखी।

**हार्दिक ने बुमराह को बताया कीमती:** हार्दिक ने कहा, 'जिस तरह से जॉनी ने हमारे लिए डेब्यू करते हुए शुरूआत की और जिस तरह से रोहित ने बल्लेबाजी की, वह देखना शानदार था। उन्होंने अपना समय लिया। जब आप महत्वपूर्ण मैच देखते हैं, तो ये सभी अंतर मदद करते हैं।' हार्दिक ने कहा कि जसप्रीत बुमराह जैसे मास्टर तेज गेंदबाज की सेवाएं लेना उनके लिए खेल के किसी भी चरण में एक लग्जरी है। कप्तान ने कहा, 'जब भी आपको लगे कि खेल बहुत दूर जा रहा है, तो बुमराह को गेंदबाजी के लिए बुलाओ। यह मुंबई के घरों की कीमतों की तरह है – बुमराह इतने कीमती हैं! मुझे बस गेंद उन्हें देने की जरूरत है।'

**क्वालिफायर दो पर हार्दिक का बयान:** हार्दिक ने कहा, 'मैंने स्कोरबोर्ड को देखा और बस सोचा कि क्या हम अंत में कुछ अतिरिक्त रन बचा सकते हैं, क्योंकि मेरे पास गेंदबाज तो थे, लेकिन उन्हें बचाने के लिए कुछ अतिरिक्त रन देना चाहता था। बुमराह को इसी वजह से 18वें ओवर में गेंदबाजी दी। बुमराह का आना और 18वां ओवर फेंकना महत्वपूर्ण था और इससे रन और गेंद के बीच अंतर बड़ा हो गया।' एक जून को पंजाब के खिलाफ क्वालिफायर-दो को लेकर तैयारी के बारे में हार्दिक ने कहा, 'इस मैच से निकलकर अच्छी तरह से उबरना बहुत महत्वपूर्ण होगा।'

**मुंबई ने पहले बैटिंग करते हुए 228 रन बनाए:** मैच की बात करें तो मुंबई ने रोहित शर्मा की 81 रन और जॉनी बेयरस्टो की 47 रन की पारियों के दम पर पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 228 रन बनाए। रोहित ने 50 गेंद की अपनी पारी में नौ चौके और चार छक्के लगाए। वहीं, बेयरस्टो ने 22 गेंद की अपनी पारी में चार चौके और तीन छक्के लगाए। सूर्यकुमार ने 20 गेंद में एक चौका और तीन छक्के की मदद से 33 रन बनाए। तिलक वर्मा ने 11 गेंद में तीन छक्के की मदद से 25 रन और कप्तान हार्दिक पांड्या ने नौ गेंद में तीन छक्के की मदद से नाबाद 22 रन बनाए।

## भरत अरु श्रीलंका में चलाएंगे तेज गेंदबाजों को स्पेशल कोचिंग

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व गेंदबाजी कोच भरत अरुण अब श्रीलंका के शीर्ष क्रिकेटरों को ट्रेनिंग देने वाले भारतीय कोचों की श्रृंखला में नया नाम बन गए हैं। वे दो जून से शुरू होने वाले 14 दिन के विशेष कोचिंग प्रोग्राम का संचालन करेंगे, जिसका उद्देश्य श्रीलंका के जूनियर और सीनियर स्क्वॉड्स के तेज गेंदबाजों के स्तर को ऊंचा उठाना है। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने बयान में बताया कि यह प्रोग्राम हाई परफॉर्मेंस सेंटर में आयोजित किया जाएगा और इसका नेतृत्व भरत अरुण करेंगे, जो 2014 से 2021 तक भारतीय पुरुष टीम के गेंदबाजी कोच रह चुके हैं। मई में भारत के पूर्व फील्डिंग कोच आर श्रीधर ने श्रीलंका में 10 दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया था। वहीं पिछले साल राजस्थान रॉयल्स के हाई परफॉर्मेंस डायरेक्टर जुबिन भरूचा ने भी श्रीलंका में एक शॉर्ट बैटिंग कोचिंग प्रोग्राम का संचालन किया था। ये सभी पहल सनथ जयसूर्या के मुख्य कोच कार्यकाल के दौरान हुई हैं। एसएलसी के मुताबिक भरत अरुण, श्रीलंका की राष्ट्रीय पुरुष और महिला टीम, महिला 'ए' टीम, अंडर-19 पुरुष टीम, और हाई परफॉर्मेंस सेंटर के कोचों, क्लब व प्रांतीय कोचों, और कोच-एजुकेटर्स के साथ काम करेंगे।

# अनिमेष ने 200 मीटर फाइनल में जीता कांस्य पदक



**एथलेटिक्स**

**कुजूर ने 200 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन से 20.32 सेकंड का राष्ट्रीय रिकॉर्ड बना कांस्य पदक जीता**

**गुमी (दक्षिण कोरिया) :** भारत के अनिमेष कुजूर ने शनिवार को यहां 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की 200 मीटर फाइनल में कांस्य पदक जीता। वहीं, विथ्या रामराज ने महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में कांस्य पदक जीता। कुजूर ने पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए 20.32 सेकंड का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए कांस्य पदक जीता। इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने 20.40 सेकंड का अपना पिछला रिकॉर्ड बेहतर किया, जो उन्होंने इस वर्ष की शुरूआत में राष्ट्रीय फेडरेशन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बनाया था। जापान के तोवा उजावा ने 20.12 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक, जबकि सऊदी अरब के अब्दुलअजीज अताफी (20.31 सेकंड) ने रजत पदक जीता। महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में एशियाई खेलों की पदक विजेता विथ्या ने भारत को दिन का दूसरा कांस्य पदक दिलाया। तमिलनाडु की 26 वर्षीय एथलीट ने 56.46 सेकंड का समय लेकर पोडियम स्थान हासिल किया। चीन की मो जियादी ने 55.31 सेकंड में स्वर्ण पदक जीता, जबकि बहरीन की ओलुवाकेमी अडेकोया 55.32 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रही। इस दौड़ में दूसरी भारतीय खिलाड़ी अनु राघवन 57.46 सेकंड का समय लेकर सातवें स्थान पर रहीं। महिलाओं की 200 मीटर की दौड़ में ज्योति याराजी 23.47 सेकंड के समय के साथ पांचवें नंबर पर रहीं।

# किंग्सलेयर ने पांच विकेट से मुकाबले को जीत कर फाइनल में प्रवेश किया

**बरेली।** बरेली में डीजी इंफ्रा ग्रुप की ओर से श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट मैदान पर आयोजित बरेली कॉरपोरेट लीग में शुक्रवार को क्वालीफायर मैच खेला गया। इसमें किंग्सलेयर ने पांच विकेट से मुकाबले को अपने नाम कर फाइनल में प्रवेश किया। किंग्सलेयर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। जरिया कलेक्शन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 155 रनों का लक्ष्य किंग्सलेयर के समक्ष रखा। हेमंत बिष्ट ने 48 गेंदों में 64 रन बनाए। किंग्सलेयर की ओर से राहुल कपूर व आकाश ने तीन-तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी किंग्सलेयर की टीम ने 19.1 ओवर में 158 रन बनाकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। प्रतीक पाल ने 57 गेंदों पर 69 रन व राहुल कपूर ने 30 गेंदों पर 47 रनों का योगदान दिया। जारिया कलेक्शन की ओर से हेमंत बिष्ट ने दो विकेट लिए। राहुल कपूर को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। दूसरा एलिमिनेटर मैच डीजी इंफ्रा व शाहजेब फर्नीचर के मध्य खेला गया। इसमे डीजी इंफ्रा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। शाहजेब फर्नीचर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट खोकर 144 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीजी इंफ्रा की टीम ने 18.5 ओवर में 146 रन बनाकर चार विकेट से मैच जीत लिया। तीन विकेट झटकने के लिए फहीम निजामी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस अवसर पर एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति, रघुवंश राम, आरके मनराज, यशराम, विशाल राम, संजीव, शब्बू, रियाज अफरीदी आदि उपस्थित रहे। मैच के अंपायर संदीप पाल व पिंटू सिंह रहे। स्कोरिंग अनूप गुप्ता ने की।




**क्रिकेट**

**हेमंत बिष्ट ने 48 गेंदों में 64 रन बनाए। राहुल कपूर व आकाश ने तीन-तीन विकेट लिए।**

स्टेडियम प्रीमियर क्रिकेट लीग में खेले गए दो मुकाबले स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित स्टेडियम प्रीमियर क्रिकेट लीग में शुक्रवार को दो मुकाबले खेले गए। इसमें स्टेडियम चैलेंजर्स और स्टेडियम टाइगर्स की टीमें विजेता बनीं। पहले मैच में स्टेडियम किंग्स ने टॉस जीता। बल्लेबाजी का आमंत्रण पाकर स्टेडियम चैलेंजर्स की टीम 19.2 ओवर में 122 रन ही बना सकी। स्टेडियम किंग्स की ओर से सुबोध कुमार ने चार विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्टेडियम किंग्स की टीम 19.4 ओवर में 116 रनों पर ही ढेर हो गई। स्टेडियम चैलेंजर्स के हिमेश को (21 गेंदों पर 35 रन और एक विकेट) प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

दूसरे मैच में स्टेडियम पैंथर्स ने टॉस जीतकर फील्डिंग का निर्णय लिया। स्टेडियम टाइगर्स की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 158 रन बनाए। कप्तान कुशाग्र ने सात चौके और दो छक्कों की मदद से 62 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्टेडियम पैंथर्स की टीम निर्धारित 20 ओवरों में 147 रन ही बना सकी।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 01 जून 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

# कानून के शासन में वादकारी का भी महत्व: योगी

□ मुख्यमंत्री ने हाईकोर्ट परिसर में 680 करोड़ से बने अधिवक्ता चैंबर्स व पार्किंग भवन के उद्घाटन समारोह को किया संबोधित □ हर विपरीत परिस्थिती में न्याय की जद्दोजेहद करते दिखते हैं अधिवक्ता: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रयागराज:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई की मौजूदगी में शनिवार को हाईकोर्ट परिसर में 680 करोड़ से बने अधिवक्ता चैंबर्स व पार्किंग भवन के उद्घाटन समारोह को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने 2017 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इलाहाबाद उच्च न्यायालय में आयोजित कार्यक्रम को याद करते हुए बताया कि तब पीएम ने कहा था कि सुशासन की पहली शर्त रूल ऑफ लॉ है।

सीएम ने कहा कि कानून के शासन में बार-बेंच के साथ ही वादकारी का महत्व भी उतना ही है। सीएम ने अधिवक्ताओं का दर्द बयां किया और कहा कि टूटे चैंबर व पेड़ के नीचे बैठने के साथ ही



अधिवक्ता हर विपरीत परिस्थिति में कार्य करते हुए न्याय की जद्दोजेहद करते दिखते हैं।

**आधुनिक भारत के धर्म, ज्ञान व न्याय की भूमि के रूप में देश-दुनिया का ध्यान आकर्षित करता है प्रयागराज**
मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन गौरवमयी है। आज लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती है। यह वर्ष भारत के संविधान को लागू होने का अमृत महोत्सव वर्ष भी है।

सीएम ने कहा कि प्रयागराज यूपी में भारत के विरासत की भूमि है। यह भूमि प्राचीन काल से ही मां गंगा, यमुना व सरस्वती की त्रिवेणी के साथ ही आधुनिक भारत के धर्म, ज्ञान व न्याय की भूमि के रूप में देश-दुनिया का ध्यान आकर्षित करती है। प्रयागराज की भूमि महाकुम्भ की भी भूमि है। यहां के संगम में डुबकी लगाकर हर भारतीय ने अपने विरासत से खुद को जोड़कर गौरव की अनुभूति की।

### न्यायिक कार्य से जुड़ी सभी सुविधाएं

**सीएम** योगी ने कहा कि इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स जब बनेगा तो वादकारी को न्यायिक कार्य से जुड़ी सभी सुविधाएं एक छत के नीचे ही मिलेंगी। अधिवक्ताओं के लिए चैंबर्स व कार पॉर्किंग भी होगी। न्यायिक अधिकारियों के लिए आवास की सुविधा भी होगी। अच्छे कॉम्प्लेक्स के निर्माण में जो प्रयास प्रारंभ हुआ है, वह मॉडल बनेगा। केंद्र व राज्य सरकार मिलकर जनपदीय न्यायालयों में अधिकाधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने और अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। **अधिवक्ता निधि को बढ़ाकर किया गया पांच लाख:** सीएम ने बताया कि अधिवक्ता निधि की राशि को डेढ़ लाख से बढ़ाकर पांच लाख, आयु सीमा 60 से बढ़ाकर 70 वर्ष कर दिया है।

### कार्यदायी संस्थाओं से कहा- ऐसा बनाओ, जो मॉडल हो

**सीएम** योगी ने बेहतरीन व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि यहां मल्टीलेवल पार्किंग के साथ अधिवक्ता चैंबर्स, कैफेटेरिया, आधुनिक किचन, कॉन्फ्रेंस की भी सुविधा मिली है। इंफास्ट्रक्चर के लिए यह नया मॉडल हो सकता है। सीएम योगी ने कहा कि जब हम लोग आए थे तो यूपी के 10 जनपदों में डिस्ट्रिक्ट कोर्ट नहीं थे। नक्शा कभी मुख्य न्यायाधीश तो कभी हम लोगों को पसंद नहीं आता था। फिर हमने कार्यदायी संस्थाओं से कहा ऐसा बनाओ, जो मॉडल हो। इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स बनाने के साथ उसमें पार्किंग व अधिवक्ता चैंबर्स बनाइए। जो प्रपोजल हमने दिया था, उसमें से सात जनपदों को यहां से अप्रूवल मिल चुका है, उसके लिए 1700 करोड़ जारी कर चुके हैं। तीन अन्य जनपदों के मामलों का भी न्यायालय से निस्तारण हो चुका है। उन्हें भी हम उन जनपदों में दे रहे हैं।

### सफल महाकुंभ में उच्च न्यायालय की भी भूमिका

सीएम योगी ने बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर आश्वस्त करता है कि न्याय की गति इतनी ही तेजी से बढ़कर प्रगति को नया आयाम देगी। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में महाकुम्भ सफलतापूर्वक हुआ। देश-विदेश के 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु अभिभूत होकर गए। इसमें बड़ी भूमिका इलाहाबाद उच्च न्यायालय की भी थी। पूरा कार्यक्रम कुशलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिससे प्रयागराज को नई पहचान मिली। सभी लोग मिलकर एक साथ बाबा साहेब द्वारा बनाए गए संविधान की भावनाओं के अनुरूप जिम्मेदारियों का निर्वहन कर पाएंगे तो परिणाम लाए जा सकते हैं।

मल्टीलेवल पार्किंग व अधिवक्ता चैंबर्स के एक्सटेंशन के लिए भी जल्द मुहैया होगी धनराशि
सीएम ने कहा कि मल्टीलेवल पार्किंग व अधिवक्ता चैंबर्स बहुत शानदार बने हैं।

## ऑपरेशन शील्ड: बाजार में घूम रहे लोगों पर ड्रोन से हमला



**टीम एक्शन इंडिया**
**जयपुर।** राजधानी में शनिवार को ऑपरेशन शील्ड के तहत ड्रोन और हवाई हमले से बचाव की मॉक ड्रिल की गई है। खातीपुरा स्थित शहीद मेजर दिग्विजय सिंह सुमाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मॉक ड्रिल की गई। स्कूल के ग्राउंड में डमी के रूप में प्रैक्टिस की है। इस दौरान बाजार में घूम रहे लोगों पर ड्रोन हमले के बाद बचाव की प्रैक्टिस की गई। मॉक ड्रिल में दिखाया गया लोग बाजार में घूम रहे थे। यहां अचानक ब्लास्ट होते हैं। हवाई फायर होते हैं। इस दौरान रियल टाइम पर मेडिकल सुविधा

**मचा हड़कंप**

□ स्कूल के ग्राउंड में डमी के रूप में प्रैक्टिस की है। बाजार में घूम रहे लोगों पर ड्रोन हमले के बाद बचाव की प्रैक्टिस की गई

पहुंची। एसडीआरएफ की टीम सहित अन्य टीमों ने मोर्चा संभाला।

इस दौरान मौके पर जिला कलेक्टर डॉक्टर जितेंद्र सोनी, एडिशनल कमिश्नर कुंवर राष्ट्रदीप सहित पुलिस के आला अधिकारी मौजूद रहे।

## 514 करोड़ की लागत से चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे का निर्माण कराएगी सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को उत्तम कनेक्टिविटी युक्त प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार प्रदेश की छवि को देश में एक्सप्रेसवे प्रदेश के रूप स्थापित कर रही है। इसी कड़ी में चित्रकूट को बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए एक और ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का जल्द ही निर्माण होने जा रहा है। सीएम योगी के विजन को मिशन मानकर उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने खाका तैयार किया है। इस कार्ययोजना के अनुसार चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे को 18 महीने में 514 करोड़ रुपए से अधिक लागत से निर्मित किया जाएगा। यह लिंक एक्सप्रेसवे 15.175 किलोमीटर लंबा होगा तथा इसे मुख्यतः फोरलेन बनाया जाएगा जिसकी विस्तार क्षमता 6 लेन की होगी। यह लिंक एक्सप्रेसवे चित्रकूट की कनेक्टिविटी बढ़ाने में मददगार होगा तथा बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से कनेक्ट होगा। इस प्रकार, यह पर्यटकों, तीर्थयात्रियों व स्थानीय यात्रियों के लिए यातायात के उच्च स्तरीय मानक स्थापित करेगा तथा उन्हें विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने का माध्यम बनेगा।



### सुनिश्चित होगी उच्च गुणवत्ता

**खास** बात ये है कि सभी निर्माण व विकास कार्यों को उच्च गुणवत्तापूर्ण व विश्वस्तरीय सुनिश्चित करने के लिए कई स्तरों पर निरीक्षण व क्वॉलिटी कंट्रोल एसेसमेंट प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे में प्रस्तावित निर्माण व विकास कार्यों की उच्च गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए क्वॉलिटी कंट्रोल मैकेनिज्म को लागू किया जाएगा। लिंक एक्सप्रेसवे पर जारी निर्माण व विकास कार्यों की रेगुलर मॉनिटरिंग होगी तथा निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सभी सामग्रियों को उच्च मानकों के अनुरूप प्रयुक्त किया जाएगा। यूपीडा द्वारा खाका तैयार कर लिया गया है, मगर निर्माण को पूर्ण करने के लिए मास्टर प्लान, डीटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट समेत विभिन्न प्रक्रियाओं को पूरा करने की प्रक्रिया जुलाई से शुरू होने की उम्मीद की जा रही है।

### 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकेंगे वाहन

**उल्लेखनीय** है कि इस एक्सप्रेसवे को इस हिसाब से तैयार किया जाएगा कि वाहन 120 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से आराम से चल सकेंगे। कैरियज वे 40 मीटर चौड़ा होगा तथा एक्सप्रेसवे को विभिन्न सेक्शंस पर 3.75 मीटर कैरियज वे युक्त सर्विस रोड से कनेक्ट किया जाएगा। वहीं, सेतुओं के समीप 200 मीटर लंबे और 7 मीटर चौड़ी सर्विस रोड का निर्माण भी किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ वे-साइड एमिनिटीज, टोल प्लाजा, टॉयलेट ब्लॉक्स व ट्रक पार्किंग क्षेत्रों का भी विकास होगा।

## नहीं बदला जाएगा वंदना कटारिया हॉकी स्टेडियम का नाम

**टीम एक्शन इंडिया**
**हरिद्वार।** वंदना कटारिया हॉकी स्टेडियम के नाम बदलने को लेकर चल रही भ्रांति पर विराम लग गया है। खुद इस बात की जानकारी अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी वंदना कटारिया ने सीएम धामी से मिलने के बाद आज मीडिया को बताई। प्रेस क्लब हरिद्वार पहुंची वंदना कटारिया ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि जब उन्हें इस बात की जानकारी मिली कि प्रदेश सरकार स्टेडियम का नाम बदलने जा रही है, तो शुरू में उन्हें भी बुरा लगा कि जिस सरकार ने प्रदेश की

**विराम लगा**

□ वंदना कटारिया हॉकी स्टेडियम के नाम बदलने को लेकर चल रही भ्रांति पर विराम लग गया है

बेटी को यह सम्मान दिया कि उन्हीं के नाम पर स्टेडियम का नाम रखा गया और उसे ही अब बदला जा रहा है, लेकिन जब मुझे सीएम धामी का फोन आया और मैं उनसे मिली तो वह सभी बाते भ्रांति जैसी




लगी। उन्होंने बताया कि सीएम धामी ने मुझे यह भरोसा दिलाया कि हरिद्वार के रोशनाबाद स्थित वंदना कटारिया हॉकी स्टेडियम का नाम किसी सूरत में बदला नहीं जाएगा। केवल स्टेडियम के खेल परिसरों के नाम रखे गए। बताया गया कि देहरादून, हल्द्वानी रूद्रपुर एवं रोशनाबाद हरिद्वार के स्टेडियम के खेल परिसरों के नाम योगस्थली खेल परिसर रखा गया है। बता दें कि वंदना कटारिया हॉकी स्टेडियम के नाम बदलने की चर्चा पर समूचे विपक्ष सहित कुछ सामाजिक संगठन भी पिछले कुछ दिनों से इसको लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। विराम लगाते हुए वंदना ने उन सभी सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों के लोगों का धन्यवाद करते हुए उनसे आह्वान किया है कि इस तरह का कोई विरोध ना करें क्योंकि प्रदेश के मुखिया सीएम पुष्कर सिंह धामी खुद इस पर स्पष्ट कर चुके है कि इस स्टेडियम का नाम नहीं बदला जाएगा।

## 'ऑपरेशन सिंदूर में बीएसएफ की भी थी अहम भूमिका'

**टीम एक्शन इंडिया**
**बीकानेर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के उप महानिरीक्षक अजय लूथरा ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद केन्द्र सरकार ने सख्त एक्शन लेते हुए 7-8 मई की रात को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। इस ऑपरेशन में बीएसएफ ने दुश्मन को करारा जवाब दिया था। यहां बीएसएफ के क्षेत्रीय मुख्यालय पर एक प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान बीएसएफ के उप महानिरीक्षक अजय लूथरा ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कई अहम खुलासे किए।




## अपने बच्चों की शिक्षा और रोजगार के लिए करे वोट: प्रशांत किशोर

**टीम एक्शन इंडिया**
**पूर्वी चंपारण।** बिहार बदलाव यात्रा के तहत जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर पूर्वी चंपारण पहुंचे।जहां उन्होने जिले के हरसिद्धि और पताही प्रखंड में आयोजित 'बिहार बदलाव सभा' को संबोधित किया। इसके पूर्व जनसुराज के कार्यकर्ताओं ने प्रशांत किशोर का विभिन्न स्थानों पर ढोल- नगाड़ों व फूल मालाओ के साथ उनके समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया।

## 'तंबाकू मुक्त राजस्थान के लिए अभियान चले'

**टीम एक्शन इंडिया**
**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने तंबाकू मुक्त राजस्थान के लिए अभियान चलाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि तंबाकू उत्पादों को छोड़ने के लिए संयम और मन की जरूरत है। उन्होंने तम्बाकू सेवन करने वालों को टोकने रोकने और इसके दुष्परिणाम बताने के लिए माहौल बनाने पर जोर दिया है।
बागडे शनिवार को भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट में "विश्व तंबाकू निषेध दिवस" पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे।



उन्होंने कहा कि तंबाकू सेवन वालों को इसके नहीं लेने से रोकेंगे तभी सार्थक परिणाम आएंगे। उन्होंने कहा कि तंबाकू लेने वाले नहीं माने तो प्रेम से समझाएं, इसके दुष्परिणाम बताएं। इसी से तंबाकू मुक्त राजस्थान की ओर हम आगे बढ़ सकेंगे। राज्यपाल ने शादी,

**दुष्परिणाम**

□ तम्बाकू सेवन करने वालों को टोकने रोकने और इसके दुष्परिणाम बताने के लिए माहौल बनाने पर जोर दिया

उत्सव पर स्प्रे कर फाहे उड़ाने की परंपरा को भी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बताया। उन्होंने कहा कि स्प्रे से रूई के फाहों जैसी वस्तुओं के साथ प्लास्टिक सूक्ष्म कण मुंह, नाक से शरीर में जाते हैं। यह हानिकारक है। उन्होंने

**मिसाल** *नारी सशक्तिकरण की ऐसी अनुपम मिसाल प्रस्तुत की, जिसकी कल्पना कर पाना भी उस समय कठिन था*

## 'अहिल्याबाई ने सनातन संस्कृति को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया'

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून।** मुख्यमंत्री ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने भारत में धर्मस्थलों का पुनर्निर्माण कर भारत की सांस्कृतिक आत्मा को पुनर्जीवित करने का कार्य किया। उन्होंने संपूर्ण भारत की सनातन संस्कृति को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया है। उन्होंने उस कालखंड में नारी सशक्तिकरण की ऐसी अनुपम मिसाल प्रस्तुत की, जिसकी कल्पना कर पाना भी उस समय कठिन था। शनिवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म जयंती के



अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में यह बातें कही। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने अहिल्याबाई होल्कर को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने करुणा, सेवा और धर्मनिष्ठा से भारतीय इतिहास में अद्वितीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने शासन को केवल सत्ता का माध्यम नहीं, बल्कि जनसेवा, न्याय और धर्म की पुनर्स्थापना का साधन बनाया। उन्होंने काशी विश्वनाथ से लेकर सोमनाथ, द्वारका से लेकर रामेश्वरम्, अयोध्या और मथुरा के साथ ही हमारी देवभूमि के बद्रीनाथ, केदारनाथ और हरिद्वार में मंदिरों और घाटों का जीर्णोद्वार में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कई धर्मशालाओं और रास्तों के निर्माण के साथ ही जनसेवा के अनेक कार्य कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने भारत में धर्मस्थलों का पुनर्निर्माण कर भारत की सांस्कृतिक आत्मा को पुनर्जीवित करने का कार्य किया।

उन्होंने संपूर्ण भारत की सनातन संस्कृति को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी सांस्कृतिक चेतना के पुनर्जागरण के अमृतकाल में प्रवेश कर चुका है।